





# अनुक्रमणिका.


| विषय. | पृष्ठ. |
|---|---|
| मंगलाचरणम् .... .... | १ |
| लीलावत्याःप्रश्नः .... | २ |
| कवेरुत्तरम् .... .... | ३ |
| नाडीदेवता .... .... | ३ |
| नाडीज्ञानयोग्यवैद्यः .... | ४ |
| नाडीज्ञानायोग्यवैद्यः | ४ |
| नाडीद्रष्टुंयोग्यारोगी .... | ५ |
| नाडीद्रष्टुमयोग्यारोगी | ५ |
| स्त्रीपुरुषनाडीज्ञानेभेदः | ५ |
| स्त्रीपुंसोर्नाडीभेदकारणं | ६ |
| नाडीस्पर्शनविधिः .... | ७ |
| नाड्याद्यभिधानानि | ८ |
| स्वस्थस्यनाडीलक्षणं .... | १० |
| मलादिनाडीगतिः .... | ११ |
| वातनाडीगतिः .... | ११ |
| पित्तनाडीगतिः .... | १२ |
| कफनाडीगतिः .... | १२ |
| वातपित्तनाडीगतिः .... | १२ |
| वातकफनाडीगतिः .... | १२ |
| कफपित्तनाडीगतिः .... | १३ |
| अन्यरीत्यागतिः .... | १३ |
| वातपित्तनाडीगतिः .... | १३ |
| वातकफनाडीगतिः .... | १३ |

| विषय. | पृष्ठ. |
|---|---|
| कफपित्तनाडीगतिः .... | १४ |
| अन्यप्रदेशस्थानपरत्वेन स्फुटद्वंद्वजगतिः .... | १४ |
| ज्वरप्रकोपादिनाडीगतिः | १५ |
| सन्निपातनाडी. .... | १६ |
| साध्यनाडी .... .... | १६ |
| असाध्यनाडी.... .... | १७ |
| अल्पाधिगतिवशात् साध्या. .... .... | २१ |
| मारकमारकादिनाडी .... | २१ |
| भूतावेशादिनाडी .... | २२ |
| आमाशयानन्देविकाख्या | २२ |
| आहारनाडीगतिः .... | २३ |
| मैथुनश्रमादिनाडी .... | २४ |
| अजीर्णनाडीगतिः .... | २५ |
| प्रमेहप्रदरादिनाडी .... | २५ |
| प्रश्नोत्तरेणस्वस्थनाडी-गतिः .... .... | २६ |
| नाडीगतिकारणं .... | २७ |
| नाडीज्ञानावश्यकता .... | २९ |
| नाडीज्ञानप्राप्तिः .... | ३० |
| नाडीज्ञानप्राप्तिकारणं | ३० |
| ग्रंथकर्तुःपरंपरा. .... | ३० |

| विषय. | पृष्ठ. | विषय. | पृष्ठ. |
|---|---|---|---|
| मंगलाचरणं .... .... | ३१ | नागदोषशान्तिः .... | ५६ |
| कार्यादियापश्नः .... | ३३ | नागानुपानम् .... .... | ५६ |
| कर्मेत्तरं .... .... | ३३ | नागभस्मानुपानं .... | ५७ |
| सप्तधातुनाम. .... .... | ३४ | वंगविधिःशोधनंच .... | ५७ |
| कांस्यपित्तलोत्पत्तिः .... | ३५ | वंगमारणं .... .... | ५८ |
| धातुशोधनम् .... .... | ३६ | वंगभस्मविधिः .... .... | ५९ |
| स्वर्णशुद्धिः .... .... | ३७ | वंगगुणाः .... .... | ५९ |
| स्वर्णमारणं .... .... | ३८ | वंगभस्मगुणाः .... .... | ६० |
| स्वर्णभस्मगुणाः .... | ३८ | अपक्वदोषाः .... .... | ६० |
| अपक्वस्वर्णदोषाः .... | ३८ | वंगदोषशान्तिः .... .... | ६० |
| स्वर्णविकारशान्तिः .... | ३९ | वंगानुपानानि .... | ६१ |
| अनुपानानि .... .... | ३९ | जसदविधिःशुद्धिश्च .... | ६४ |
| रौप्यविधिःशुद्धिश्च. .... | ४१ | जसदमारणम् .... .... | ६४ |
| रौप्यमारणं .... .... | ४२ | जसदगुणाः .... .... | ६५ |
| रौप्यगुणाः .... .... | ४३ | अपक्वदोषाः .... .... | ६६ |
| अपक्वरौप्यदोषाः .... | ४४ | जसदविकारशान्तिः .... | ६६ |
| रौप्यविकारशान्तिः .... | ४४ | जसदानुपानं .... .... | ६६ |
| रौप्यानुपानानि .... | ४४ | लोहोत्पत्तिः .... .... | ६८ |
| ताम्रविधिःशुद्धिश्च .... | ४५ | लोहपरीक्षाशुद्धिश्च .... | ६८ |
| ताम्रमारणं .... .... | ४८ | लोहमारणं .... .... | ६९ |
| ताम्रभस्मगुणाः .... | ५० | लोहगुणाः .... .... | ७१ |
| अपक्वताम्रदोषाःशान्तिश्च | ५१ | अपक्वदोषाः .... .... | ७२ |
| अनुपानं .... .... | ५२ | लोहविकारशान्तिः .... | ७३ |
| नागविधिःशोधनंच .... | ५३ | लोहकल्पसंचः .... | ७३ |
| नागमारणम् .... .... | ५३ | लोहानुपानानि .... | ७४ |
| नागभस्मविधिः .... | ५५ | मंडूरविधिगुणाश्च. .... | ७६ |
| सामान्यगुणाः .... | ५५ | धातुमैत्रीवैरकार्याणि .... | ७६ |
| नागदोषाः .... .... | ५६ | स्वर्णमाक्षिकं .... .... | ७७ |

| विषय | पृष्ठ. | विषय | पृष्ठ |
|---|---|---|---|
| अथोपधातुविधिस्तत्र |  | अभ्रकानुपानानि | ९९ |
| गृया | ७७ | मनःशिलाशोधनम् | १०३ |
| स्वर्णमाक्षिकशोधनं | ७७ | मनःशिलागुणाः | १०४ |
| स्वर्णमाक्षिकमारण | ७८ | मनःशिलानुपान | १०४ |
| स्वर्णमाक्षिकगुणाः | ७९ | अशुद्धदोषास्तच्छान्तिश्च | १०६ |
| अपक्वदोषाः | ८० | खर्परशुद्धिः | १०७ |
| माक्षिकविकारशान्तिः | ८० | खर्परगुणाः | १०७ |
| माक्षिकानुपान | ८१ | अशुद्धदोषास्तच्छान्तिः | १०७ |
| रौप्यमाक्षिकविधिः | ८२ | खर्परानुपानानि | १०७ |
| तुत्थविधिः | ८३ | हिङ्गुलविधिः | १०८ |
| तुत्थगुणदोषौ | ८४ | अथरसविधिः | १०९ |
| तुत्थविकारशान्तिः | ८५ | पारदोत्पत्तिः | ११० |
| अनुपान | ८५ | पारदस्वरूपभेदाः | ११० |
| हरितालशोधनम् | ८६ | पारदस्वाभाविकदोषाः | १११ |
| हरितालमारण | ८६ | पारदशोधनम् | ११२ |
| हरितालगुणाः | ८७ | रसजारणम् | ११५ |
| अपक्वदोषाः | ८८ | गन्धगुणगन्धजारणफल | ११६ |
| हरितालविकारशान्तिः | ८८ | जारणमाहात्म्य | ११७ |
| हरितालानुपानानि | ८९ | पारदबुभुक्षितकरण | ११८ |
| नीलाञ्जनविधिः | ९० | पारदमारण | १२० |
| अभ्रकविधिः | ९१ | पारदभस्मगुणाः | १२३ |
| अभ्रकजातिभेदाः | ९३ | पारदविकारशान्तिः | १२४ |
| अभ्रकशोधनम् | ९४ | पारदानुपानम् | १२४ |
| अभ्रकमारण | ९५ | पारदसेविनः पथ्यापथ्य | १२८ |
| अभ्रकभस्मगुणाः | ९८ | अथरसकर्पूरविधिः | १२९ |
| अभ्रदोषाः | ९९ | रसकर्पूरशोधनम् | १२९ |
| अभ्रकदोषशान्ति | ९९ | रसकर्पूरानुपानं | १३० |

| विषय. | पृष्ठ. |
|---|---|
| अशुद्धदोषाः .... | १३१ |
| रसकर्पूरविकारशांतिः | १३१ |
| रससिंदूरविधिः .... | १३२ |
| रससिंदूरगुणाः .... | १३४ |
| रससिंदूरदोषाःशांतिश्च | १३५ |
| रससिंदूरानुपानानि | १३५ |
| तृतीयाविधिः .... | १३८ |
| अथ गंधकविधिः .... | १३८ |
| गंधकशुद्धिः .... .... | १३९ |
| गंधकानुपानं .... .... | १३९ |
| गंधकविकारशांतिः.... | १४१ |
| चतुर्थीविधिः .... | १४२ |
| अथोपरसविधिः .... | १४३ |
| लोकनाथरसविधिः.... | १४३ |
| लोकनाथानुपानानि | १४४ |
| वानिकर्माविधिरनुपानानि च .... .... | १४७ |

| विषय. | पृष्ठ. |
|---|---|
| अश्विनीकुमारविधिः | १५५ |
| अश्विनीकुमारानुपानानि .... .... | १५५ |
| पंचमीविधिः .... | १५८ |
| अथरत्नादिविधिः | १५८ |
| रत्नवर्णभेदाः .... | १५९ |
| रत्नगुणाः .... .... | १६१ |
| अशुद्धपुष्पदोषाः .... | १६१ |
| रत्नविकारशांतिः .... | १६२ |
| रत्नानुपानानि .... | १६३ |
| मनःशिलाविधिरनुपानंच | १६३ |
| षष्ठीविधिः .... .... | १६४ |
| अर्धांपभानुपानानि .... | १६५ |
| त्रिफलानुपानं .... | १६६ |
| गुडूच्यनुपानं .... | १६६ |
| सामान्यौषधानुपानानि | १६८ |
| कर्पूरकुलपरंपरावर्णनं | १७८ |

# नाडीज्ञानतरंगिणी प्रारंभः

श्रीजयति ॥ ॥ अथातोनाडीज्ञानतरंगिणीं रचयिष्यामः ॥ नत्वाश्रीराघवंदेवंभूमिजा रमणंहरिम् ॥ रचयाम्यथलोलाक्षिनाडीज्ञानतरंगिणीम् ॥ १ ॥ ज्ञात्वाकालंस्वल्पंबाले नृणामाधुनिकंवयः ॥ पराशरादिकर्षीणांवाक्यैःसिद्धांतिनामपि ॥ २ ॥ नीरतीरादिरूपैश्चस्वर्णरत्नादिकैर्यथा ॥ किरीटंभूमिपालानांमहर्षैःसुषमाप्रदं ॥ ३ ॥

टीका—अथ शकुनज्ञानतरंगिणीरचनानंतर, नाडीज्ञानतरंगिणी रचता हौं. तहां प्रथम निर्विघ्नसमाप्त्यर्थ स्वइष्ट देव राघवजीको नमस्कार करिके मंगलाचरण करता हौं. अथ श्लोकार्थ—हे लोलाक्षि, प्रथम भूमिपुत्री जो श्रीजानकीजी तिनके पति श्रीरघुकुलोत्पन्न रामचंद्र साक्षात् हरि भगवानको नमस्कार करिके औ उनकी कृपासें इस समयका काल औ मनुष्योंका अवस्था औ वयको जानिके फिरि परा-

इत्यादि जे सिद्धांतके करनेवाले ऋषि तिनके वाक्य तेई जल औ किनारेरूप हैं, तिनकरिके यह नाडीज्ञानतरंगिणी में रचना हीं जैसे अपोल्य स्वर्णरत्नादिककरिके राजाकि परम शोभा देनेवाला, मुकुट रचते हैं तैसे ॥ १ ॥ २ ॥ ३ ॥

चापल्यंमेक्षमिष्यंतिविद्वांसोगतमत्सराः॥ मूर्खाणांमत्सरवतांविरोधैःकाक्षतिर्मम ॥ ४ ॥

टीका—हे प्रिये, जे विद्वान् औ ईर्षारहित हैं ते मेरी चपलताको क्षमा करैं औ जे मूर्ख हैं जो ईर्षा करनेवाले हैं तिनके विरोधतें मेरी क्या हानि है याने कुछभी हानि नहीं हैं ॥ ४ ॥

लोलाक्षीपृच्छति॥वदभिषग्वरकंजविलोचन पवनपित्तकफैर्धमनीगतिं॥तवमुखाब्जवचोऽमृतपानतोभवतिमेमनसिप्रवरंसुखं ॥ ५ ॥

टीका—लोलाक्षी पूछती है हे वैद्यश्रेष्ठ, हे कमलनयन, वातपित्तकफकरिके जो जो नाडीकी गति होती है सोई तोई कहो. तुमारे मुखरूप चंद्रमासें वचनरूप अमृतपान करनेसें मेरे मनमें परम सुख होता है॥५॥

केचिद्वातंवदंत्यादौकेचित्पित्तंभिषग्वराः॥निश्चितंब्रूहिकस्यादौकोमध्येंऽतेचकःपृथक् ॥६॥

टीका—कितने विद्वान् वैद्य आदिमें वात कहते हैं. कितने पित्त कहते हैं. तहां आप निश्चै करिके कही कौ, कौन दोष आदिमें, औ कौन मध्यमें, औ कौन अंतमें है सो पृथक् पृथक् कहो ॥ ६ ॥

**केदेवाःसंतिनाडीनांकथंतांश्चपरीक्षयेत्॥ अन्यदृष्टंचयत्किंचित्तद्पिप्रवदप्रिय ॥ ७॥**

टीका—हे प्रिय, वात, पित्त, कफ, इनकी नाडियोंके देवता कौन हैं और नाडीकी परीक्षा कैसे करना ? औरभी जो मैंने न पूछा होवै सोभी कहो॥७॥

**रघुनाथप्रसादः ॥ अयिशृणुकुंजरगामिनि कांतेऋषिवचनानिवदाम्यहमद्य ॥ घनकुचयुग्मवरेविधुवक्त्रमतिमतिबुद्धिमदात्मभवा त्वम् ॥ ८ ॥**

टीका—अयि कुंजरगामिनि हे कांते, तुम सुनो, मैं साक्षात् ऋषिनके वचन कहूँगा, हे घनकुचयुग्मवरे, हे चंद्रवदने, हे बुद्धिमति, तुम बुद्धिवानकी पुत्री हो, इसवास्ते तुम प्रीतियुक्त सुनो ॥ ८ ॥

**श्रीश्रीनिवासततात्तस्यःसुप्रसन्नोमयिस्थितः ॥ रघुनाथप्रसादोऽपिकविस्वेतोऽश्रमंक्षमः॥९॥**

शरादि जो सिद्धांतके करनेवाले यति तिनके शास्त्र तेई जल औ किनारेरूप हैं, तिनकरिके यह नाडीज्ञानतरंगिणी मैं रचता हौं जैसे अमोल्य सुवर्णरत्नादिकरिके राजोंके परम शोभा देनेवाला, मुकुट रचते हैं जैसे ॥ १ ॥ २ ॥ ३ ॥

चापल्यंमेक्षमिष्यंतिविद्वांसोगतमत्सराः॥ मूर्खाणांमत्सरवतांविरोधैःकाक्षतिर्मम ॥ ४ ॥

टीका-हे प्रिये, जे विद्वान् औ ईर्षारहित हैं ते मेरी चपलताको क्षमा करैं औ जे मूर्ख हैं औ ईर्षा करनेवाले हैं तिनके विरोधसें मेरी क्या हानि है याने कुछभी हानि नहीं है ॥ ४ ॥

लीलाक्षीपृच्छति॥वदभिषग्वरकंजविलोचन पवनपित्तकफैर्धमनीगतिं॥तवमुखांबुजचोऽमृतपानतोभवतिमेमनसिप्रवरंसुखं ॥ ५ ॥

टीका-लीलाक्षी पूछती है हे वैद्यश्रेष्ठ, हे कमललोचन, वातपित्तकफकरिके जो जो नाडीकी गति होती है सोई सोई कहो. तुह्मारे मुखरूप चंद्रमासैं वचनरूप अमृतपान करनेसैं मेरे मनमें परम सुख होता है॥५॥

केचिद्वातंवदंत्यादौकेचित्पित्तंभिषग्वराः॥नि श्चितंनूहिकश्चादौकोमध्येऽतेचकःपृथक् ॥६॥

टीका–कितने विद्वान् वैद्य आदिमें वात कहते हैं. कितनें पित्त कहते हैं. तहां आप निर्णय करिके कहो की, कौन दोष आदिमें, औ कौन मध्यमें, औ कौन अंतमें है सो पृथक् पृथक् कहौ ॥ ६ ॥

कैदेवाःसंतिनाडीनांकथंताश्चपरीक्षयेत् ॥ अ
नापृष्टंचयत्किंचित्तदपिप्रवदाशिव ॥ ७ ॥

टीका–हे प्रिय, वात, पित्त, कफ, इनकी नाडि-योंके देवता कौन हैं और नाडीकी परीक्षा कैसे करना ? औरभी जो मैंनें न पूछा होई सोभी कहौ॥७॥

रघुनाथप्रसादः ॥ अयिशृणुकुंजरगामिनि
कांतेऋषिवचनानिवदाम्यहमद्य ॥ घनकु
चयुग्मवरेविधुवक्त्रमतिमतिशुद्धिमदात्मभवा
त्वम् ॥ ८ ॥

टीका–अये कुंजरगामिनि हे कांते, तुम सुनौ, मैं साक्षात् ऋषिनके वचन कहौंगा, हे घनकुचयु-ग्मवरे, हे चंद्रवदने, हे शुद्धमति, तुम बुद्धिवानकी पुत्री हौ, इसवास्ते तुम प्रीतियुक्त सुनौ ॥ ८ ॥

श्रीश्रीनिवासतातार्यःसुप्रसन्नोमयिस्थितः ॥
रघुनाथप्रसादोऽपिकाबिलेतोऽश्रमंक्षमः॥९॥

टीका—श्रीश्रीनिवास तातार्चार्य, अतिप्रसन्न मेरे हृदयमें स्थित हैं; इसवास्ते मैं कवितामें बिनाश्रम समर्थ हौं. इहां केवल गुरुकृपामात्र समर्थताके कारण है. यह निश्चै जानो ॥ ९ ॥

वातिकायाःपतिर्ब्रह्मापैत्तिकाया
स्त्रिशूलभृक् ॥ श्लैष्मिकायाःपति
र्विष्णुर्वदंतीतिविपश्चितः ॥ १० ॥

टीका—वायूकी नाडीका देवता ब्रह्मा है, पित्तकी नाडीका शिव देवता है, कफकी नाडीका विष्णु देवता है ॥ १० ॥

अन्यच्च ॥ वातिकायाःपतिर्वायुःपैत्ति
कायाद्दिवाकरः ॥ श्लैष्मिकायाःपति
श्चंद्रोवदंतीतिमुनीश्वराः ॥ ११ ॥

टीका—औरभी मुनीश्वर कहते हैं. वायूकी नाडीका वायु देवता है, पित्तकी नाडीका सूर्य है, कफकी नाडीका चन्द्र है ॥ ११ ॥

अथनाडीज्ञानयोग्यवैद्यः ॥ स्थिरचित्तोनि
रोगश्चसुखासीनःप्रसन्नधीः ॥ नाडीज्ञाने
समर्थःस्यादित्याहुःपरमर्षयः ॥ १२ ॥

टीका–स्थिरचित्त, निरोग, सुखसें बैठा हुआ, प्रसन्नबुद्धि ऐसा वैद्य नाडीज्ञानमें समर्थ होता है. ऐसे श्रेष्ठ ऋषि कहते हैं ॥ १२ ॥

अथनाडीज्ञानायोग्यवैद्यः ॥ पीतमद्यश्चं चलात्मामलमूत्रादिवेगयुक् ॥ नाडीज्ञानेऽसमर्थःस्याल्लोभाक्रांतश्चकामुकः ॥ १३ ॥

टीका–अब नाडीज्ञानमें असमर्थ वैद्य कहते हैं. जिसनें मदिरा पियी होई, और जिसका मन चंचल होय, और जिसका मलमूत्रादि त्यागनेकी इच्छा होयरही है, औ जिसको लोभ अत्यंत होई औ कामकरिके पीडित होई तो वैद्य नाडीज्ञानमें असमर्थ है ॥ १३ ॥

अथनाडीद्रष्टुंयोग्योरोगी ॥ त्यक्तमूत्रपुरीषस्यसुखासीनस्यरोगिणः ॥ अंतर्जानुकरस्यापिनाडींसम्यक्परीक्षयेत् ॥ १४ ॥

टीका–जो मल और मूत्र त्यागिके सुखसें बैठा होई औ दोनों जानूके बीचमें हाथ किये होई तिस रोगीकी नाडी अछी तरहसें परखना ॥ १४ ॥

अथनाडीद्रष्टमयोग्यः ॥ सद्यःस्नातस्य

भुक्तस्यचतथातैलावगाहिनः ॥ क्षुत्तृषार्त
स्यसुप्तस्यनाडीसम्यङ्नबुध्यते ॥ १५ ॥

टीका—जो तत्काल स्नान किया होय, वा भोजन किया होय, अथवा तैल मर्दन कराया होय, अथवा भूखापियासा होय अथवा सोता होई उसकी नाडी अच्छी तरहसें देखनेमें नहीं आती है ॥ १५ ॥

अथस्त्रीपुंसोर्नाडीज्ञानभेदमाह ॥ योषितोवा
मभागस्यदक्षिणस्यचनुर्भिषक् ॥ पश्येत्स्वा
नुभवान्नाडीमभ्यासेनापितत्त्ववत् ॥ १६ ॥

टीका—अथ स्त्रीपुरुषोंकी नाडीका भेद कहते हैं. स्त्रीके वाम अंगमें औ पुरुषके दक्षिण अंगमें वैद्य नाडीको अपने अनुभवकरिके औ अभ्यासकरिके जानना. आगे जीहार इनकी परीक्षा स्वानुभव औ अभ्यासकरिके करना है ॥ १६ ॥

अन्यभेदस्यकारणंतंत्रांतरेचोक्तं ॥ कूर्मोदे
हिनामस्तिनाभिस्थानेसदास्थितः ॥ स्त्रीणा
मूर्ध्वमुखःपुंसामधोवक्त्रःप्रकीर्तितः ॥ १७ ॥
तस्यैवदक्षिणेभागेनाडीवैयाभिधस्ववरः ॥ अ
नेनकारणेनैवनारीपुंसोर्व्यतिक्रमः ॥ १८ ॥

टीका—जो कहआे, पुरुषके दाहिने औ स्त्रीके वामे अंगमें नाडीकी निश्चे करना चाहिये. सो इसका कारण यही है की, देहधारीमात्रके नाभिस्थानमें कूर्म सदा रहता है, सो स्त्रीके ऊर्ध्वमुख रहताहै औ पुरुषके अधोमुख रहता है उसी कूर्मके दाहिने भागमें वैद्योंकरिके नाडी जानने योग्य है; इसवास्ते स्त्रीसें पुरुषके व्यतिक्रम है ॥ १७ ॥ १८ ॥

अथनाडीस्पर्शनविधिः ॥ वारत्रयंपरीक्षेतधृत्वाधृत्वाविमुच्यच ॥ विमृश्यबहुधाबुध्यातत्तोरोगंविनिर्दिशेत् ॥ १९ ॥

टीका—वैद्य रोगीकी नाडीपर तीनि वखत अंगुली धरि धरि औ उठाई उठाइके अच्छी तरहसें बुद्धीमें विचार लेई फिरि रोग कहै ॥ १९ ॥

अन्यच्च ॥ ईषद्विनामितमयेविततांगुलिंचबाहेनिगृह्यकरमास्यनोजनस्य ॥ पुंसोपसव्यमपिसव्यकरेणपश्येनाड्यांचशब्दपसव्यकरांगुलीभिः ॥ २० ॥ पित्तंसमीरणमथोहिकफंक्रमेणहंगुष्टमूलतइतिप्रवदंतिवैद्याः ॥

**नार्यास्तुवाममपसव्यकरेण धीरःसंगृह्यसव्य करांगुलिभिस्तथैव ॥ २१ ॥**

टीका—अब नाडीस्पर्श करनेकी विधि कहते हैं. रोगी पुरुषके दाहिने हाथको सीधी अंगुली करिके औ किंचित् नवाइके आपके वामे हाथसे पकडीके नाडीकेविषे अंगुष्ठकी मूलसे लेके आपके दाहिने हाथकी तीनो अंगुली स्पर्शकरीके क्रमसे तर्जनीके नीचे पित्त, मध्यमाके नीचे वायु, अनामिकाके नीचे कफको देखना. ऐसे वैद्य कहते हैं. और स्त्रीका वाम हस्त आपके दाहिने हाथसे पकडीके उसी क्रमसे आपके वामे हाथकी अंगुलीनसे देखना चाहिये ॥ २० ॥ २१ ॥

**उक्तंचपराशरसनत्कुमाराभ्याम् ॥ वाताधिकावहेन्मध्येत्वग्रेवहतिपित्तला ॥ अंतेश्लेष्मवतीज्ञेयामिश्रितेमिश्रिताभवेत् ॥ २२ ॥**

टीका—वाताधिक नाडी मध्यमें चलती है, पित्ताधिक आदिमें वहती है, कफाधिक अंतमें वहती है, औ मिश्रित होनेसे मिश्रित चलती है ॥ २२ ॥

**अत्रदृष्टांतः ॥ सर्पंपुरःसरंकृत्वायथावातोवहे**

हली ॥ स्वाग्रेचतृणंगृह्यपृथिव्यांवकगोय
था ॥२३॥ एवंमध्यगतोवायुःकृत्वापित्तंपुरः
सरम् ॥ स्वानुगंकफमादायनाड्यांवहतिस
र्वदा ॥ २४ ॥ अतएवचपित्तस्यज्ञायतेचप
लागतिः ॥ वक्राश्रभंजनस्यापिवैधैर्मन्दाक
फस्यच ॥२५॥ वाताग्रेऽस्तिगतिःशीघ्रातृण
स्येतिविदृश्यताम् ॥ मंदानुगस्यवक्रावैमरुतो
मध्यगस्यह ॥२६॥ तथाऽत्रैवचज्ञातव्यागति
र्दोषत्रिकोद्भवा ॥ नान्यथाज्ञायतेस्नायुर्गतिरे
तद्विनिश्चितं ॥ २७ ॥

टीका–इहां दृष्टांत देते हैं. जैसे पृथ्वीमें जब
अति प्रबल पवन चलता है तब देखनेमें आता
है कि, तृणको अगाडीभी बडे वेगसे उडाता
जाता है. औ पिछाडीकोभी तृण खींचता जाता है,
औ आप बीचमें वक्रगतीसें चलता है ॥ २३ ॥
ऐसे नाडीमें सर्वदा आप मध्यमें वक्रगतीसें रहिके
पित्तको अगाडी करिकै कफको पिछाडी लिये
चलता है ॥ २४ ॥ इसीवास्ते पित्तकी चपलगति
वैद्योंकरिके जाननेमें आती है. और वायूकी वक्रा-

ति कफकी मंदगति जानी जाती है ॥ २५ ॥ देखो-प्रसिद्ध है की, जब जोरसें हवा चलती है; जिसको लोग आंधी कहते है, उसके अगाडी औ जो तृण उडता है सो बडे वेगसें चलता है. औ जो पीछे उडता है सो मंदगतीसें चलता है. धीचमें वायु आडाटेढा घूमता चलता है ॥ २६ ॥ तैसेंही इहां-भी नाडीमें वात पित्त कफकी गति जानना चाहि-ये; और तरहसें नाडीकी गति बरोबरी निश्चे नहीं होती है ॥ २७ ॥

तदिदंकारणं ॥ पित्तंपंगुकफःपंगुः
पंगवोमलधातवः ॥ वायुनायेनवच्छ्री
यंतितत्रवर्षंतिमेघवत् ॥ २८ ॥

टीका—तिसका यह कारण है की, पित्त औ क-फ पंगुले हैं औ औरभी मलधातु पंगुले हें; जहां वायु ले जाता है वहां मेघ किसीनाई वर्षते हैं ऐसे यहांभी वायुके आधीन पित्तादिक है ॥ २८ ॥

अथस्वस्थस्यनाडीलक्षणम् ॥ भूनागसदृशी प्रायःस्वच्छास्वस्थस्यनाडिका ॥ सुखितस्यस्थि रानेयातथाबलवतीमता ॥ २९ ॥

टीका—स्वस्थ सुखीकी नाडीके चुवा जंतुसरिखी बहुधा चलती है. औ स्वच्छ, स्थिर, बलसंयुक्त होती है ॥ २९ ॥

प्रातःस्निग्धाशिराज्ञेया मध्यान्हे
च्युष्णतान्विता ॥ सायान्हेधाव
मानाचसदारोगविवर्जिता ॥ ३० ॥

टीका— रोगरहित नाडी प्रातःकालमें स्निग्ध पाने स्थिर सचिक्कन सदा रहती है, मध्यान्हमें उष्णतायुक्त, सायंकालमें शीघ्रगति होती है ॥३०॥

अथनाड्यागतिरुच्यते ॥ वाताद्वक्रगतिर्ना
डीपित्ताच्चपलगाभवेत् ॥ कफान्मंदगतिश्चै
वासिश्रितेमिश्रगातथा ॥ ३१ ॥

टीका—वातसें नाडी वक्रगति होती है. पित्तसें चंचल होती है. कफसें मंदगति होती है. मिश्रित-सें मिश्रित होती है ॥ ३१ ॥

अन्यच्च ॥ सर्पजलौकादिगतिंवदंति
विबुधाःप्रभंजनेनाडीम्॥पित्तेचकाक
लावकभेकादिगतिंतथाचपलाम् ॥३२॥

टीका— वातरोगमें सर्प और जलौकादिककी

गति चलती है. पित्तरोगमें काक, लाव, मेंडूक, इत्यादि गति और चपल चलती है ॥ ३२ ॥

राजहंसमयूराणांपारावतक
पोतयोः ॥ कुक्कुटादिगतिंध
त्तेधमनीकफसंगता ॥ ३३ ॥

टीका–राजहंस औ मोर औ कबूतर, पडुकी औ कुक्कुट औ मुरग इनकी गतिसे कफकी नाडी चलती है ॥ ३३ ॥

सर्पादिगतिकांनाडींकाकादिगति
कांतथा ॥ वातपित्तामयोन्मिश्रां
प्रवदंतिभिषग्वराः ॥ ३४ ॥

टीका–जो नाडी कहीं सर्पादिक गति औ कहीं काकादिक गति मिश्रित चले. तिसको वैद्यश्रेष्ठ वातपित्तमिश्रितरोगकी कहते हैं ॥ ३४ ॥

दंदशूकगतिंनाडींकदाचिद्धंसगामि
नीं ॥ कफवातामयोन्मिश्रांप्रवदंति
भिषग्वराः ॥ ३५ ॥

टीका–जो नाडी कदाचित् सर्पगति औ कदाचित् हंसगतिसे चलती है इसको श्रेष्ठवैद्य कफवातमिश्रितरोगको कहते हैं ॥ ३५ ॥

मंडूकादिगतिंनाडींकदाचिद्धंसगामि नीं ॥ कफपित्तामयोन्मिश्रांप्रवदंति भिषग्वराः ॥ ३६ ॥

टीका— जो नाडी कदाचित् मेंडूककी गति औ कदाचित् हंसकी गतीसें चलती है उसकों श्रेष्ठवैद्य कफपित्तकी नाडी कहते हैं ॥ ३६ ॥

अन्येऽप्याहुः ॥ क्षणेनवक्राक्षणेतीव्रा मध्यमातर्जनीतले ॥ स्फुटाभवति सानाडीवातपित्तगदोद्भवा ॥ ३७ ॥

टीका—जो नाडी क्षणमें वक्र औ क्षणमें तीव्र गतीसें तर्जनी औ मध्यमाके नीचे प्रकट होती है सो वातपित्तरोगकी है ॥ ३७ ॥

स्फुटावक्राचमंदाच मध्यमानामिका तले ॥ यामेवेसाहिविज्ञेया कफवा तसमुद्भवा ॥ ३८ ॥

टीका—जो नाडी क्षणक्षणमें वक्र औ मंदगतीसें मध्यमा औ अनामिकाके नीचे प्रकट होती है सो वातकफकी है ॥ ३८ ॥

क्षणेमंदाक्षणेतीव्राऽनामिकातर्जनी

तले ॥ स्फुटास्यत्साधराज्ञेया कफ पित्तसमुद्भवा ॥ ३९ ॥

टीका—जो नाडी क्षणमें तीव्र औ क्षणमें मंद-गतीसें अनामिका औ तर्जनीके नीचे प्रकट होती है सो कफपित्तकी है ॥ ३९ ॥

अन्ये चान्यरीत्या स्फुटमाहुः ॥ वातस्था नेच्यातीव्रावातपित्तगदोद्भवा ॥ मंदावा तकफोन्मिश्रामध्यमाधोहिनाडिका ॥४०॥

टीका—जो नाडी मध्यमा अंगुलीके नीचे जो वात-स्थान है तहां तीव्र चले तो वातपित्तकी औ मंद चले तो वातकफकी जानना ॥ ४० ॥

पित्तस्थानेचयातीव्रापित्तवातोद्भवाचसा ॥ मंदापित्तकफातंकसंभवातर्जनीतले ॥ ४१ ॥

टीका—जो नाडी तर्जनीके नीचे पित्तस्थानमें मक्र चले तो पित्तवात, औ मंद चले तो पित्तकफ-संभव है यह जानना ॥ ४१ ॥

कफस्थानेचयातीव्राकफपित्तगदोद्भवा॥नका श्लेष्मरुन्मिश्रातंकेसानामिकातले ॥ ४२ ॥

टीका—जो नाडी अनामिकाके नीचे कफस्थानमें

तीव्र चलती होय सो कफपित्तकी, औ मंद होय सो कफवातकी है यों जानना ॥ ४२ ॥

**अथज्वरकामादिनाडीलक्षणं ॥ ज्वरकोपे नधमनीसोष्णावेगवतीभवेत् ॥ कामक्रोधाद्वेगवहाक्षीणाचिंताभयप्लुता॥४३॥ मंदाग्नेःक्षीणधातोश्चनाडीमंदतराभवेत् ॥ असृक्पूर्णाभवेत्कोष्णागुर्वीसामागरीयसी ॥ ४४ ॥ लघ्वीवहतिदीप्ताग्नेस्तथावेगवतीमता ॥ सुखितस्यस्थिराज्ञेयातथाबलवतीस्मता ॥ ४५ ॥**

टीका–अथ ज्वर औ कामादिकके नाडीलक्षण कहते हैं. ज्वरके कोपसें नाडी उष्णता औ वेगयुक्त होती है. काम औ क्रोधसें वेगयुक्त होती है. चिंता औ भयकी नाडी क्षीण होती है ॥ ४३ ॥ जिसका जठराग्नि मंद औ धातुक्षीण होवे है उसकी नाडी अतिमंद चलती है. जिसके रक्तविकार है उसकी नाडी पत्थरसी भारी औ किंचित् गरम चलती है. औ आमरोगयुक्त नाडी भारी लदेभैंसकी चालपर होती है ॥ ४४ ॥ जिसका जठराग्नि प्रदीप्त है उ-

सकी नाडी हलकी औ वेगयुक्त चलती है औ सु-
खीकी नाडी स्थिर औ बलयुक्त होती है ॥ ४१ ॥

अथसन्निपातनाडीलक्षणं ॥ लावतित्ति
रवर्तीकगमनासन्निपाततः ॥ अंगुलीत्रि
तयेऽपिस्यात्प्रव्यक्तासाधराध्रुवं ॥ ४६ ॥

टीका—जो नाडी लावपक्षी औ तित्तिर औ बटेर-
की गतीसें चलती है सो सन्निपातकी तीनों अंगु-
लीके नीचे प्रसिद्ध होती है ॥ ४६ ॥

अन्यच्च ॥ काष्ठकुट्टोयथाकाष्ठंकुट्टते
चातिवेगतः ॥ स्थित्वास्थित्वातथा
नाडीसन्निपातेभवेद्ध्रुवम् ॥ ४७ ॥

टीका—जैसे कठफोरापक्षी अतिवेगसें काष्ठकों
रहिरहिके फोरता है तैसे सन्निपातमें नाडी होती है ॥

अथसाध्यासाध्यविचारः ॥ स्पंदतेचैकमा
नेनत्रिंशद्वारंयदाधरा ॥ स्वस्थानेनतदानूनं
रोगीजीवतिनान्यथा ॥ ४८ ॥

टीका—जो नाडी एकढंग निरंतर आपके स्थान-
पर तीसबेर फरके तो रोगी जीवे, नहीं तो नहीं ४८

अथसाध्यनाडीलक्षणं ॥ स्थिरानाडीभवे
द्यस्यविद्युद्द्युतिरिवेक्षते ॥ दिनैकंजीवितंत
स्यद्वितीयेमृत्युरेवच ॥ ४९ ॥

टीका—जिसकी नाडी स्थिर होय औ विजुलीस-रीखी रहिरहिके चले तिसकी आयुः एक दिनकी है, दूसरे दिन मृत्यु है ॥ ४९ ॥

अतिसूक्ष्मातिवेगाचशीतलाचभवेद्यदि ॥ त
दावैद्योविजानीयादयंरोगीविनश्यति ॥५०॥

टीका—जिसकी नाडी अतिसूक्ष्म अथवा अतिवे-गसें चलती है तो वैद्य ऐसा जाने की, यह रोगी मरेगा ॥ ५० ॥

तिर्यग्गुष्णाचयानाडीसर्पवद्वेगवत्तरा ॥
कफपूरितकंठस्यजीवितंतस्यदुर्लभं ॥ ५१ ॥

टीका—जिसकी नाडी धक औ सर्पसरीखी अ-तिवेगसें चलती होय और कंठ कफकरिके भरा होवे तिस रोगीका जीवना दुर्लभ है ॥ ५१ ॥

दृश्यतेचरणेनाडीकरेनैवविदृश्यते ॥ मुखंवि
कसितंयस्यजीवितंतस्यदुर्लभं ॥ ५२ ॥

टीका—जिसके पगकी नाडी चलती होय औ

हृदयकी न चलती होय ओ मुख फैली रहा होय तिस रोगीका जीवना दुर्लभ है ॥ ५२ ॥

**कंपतेस्पंदतेऽत्यंतंपुनःस्पृशतिचांगु लीः ॥ तामसाध्यांविजानीयान्नाडीं दूरेणवर्जयेत् ॥ ५३ ॥**

टीका–जिसकी नाडी कंपयुक्त चलती चलती रहीं जाय, ओ फिरि अंगुलीनकों स्पर्श करे तिसकी नाडी असाध्य जानिकें दूरिहिसें त्यागि देई ॥ ५३ ॥

**शीघ्रानाडीमलोपेताशीतलावाथदृश्यते ॥ द्वितीयेदिवसेमृत्युस्तस्यनुर्भवतिध्रुवं ॥ ५४ ॥**

टीका–जिसकी नाडी शीघ्र ओ मलयुक्त चलती होई वा शीतला याने थंड चलती होई तिसकी मृत्यु दूसरे दिन जरूर होती है ॥ ५४ ॥

**मुखेनाडीवहेत्तीव्राकदाचिच्छीतलावहेत् ॥ आयातिपिच्छिलःस्वेदःसप्तरात्रंसजीवति ॥ ५५ ॥**

टीका–जिसकी नाडी अग्रभागमें अतिशीघ्र चलती होय ओं कदाचित् ठंडी होई ओ देहमें चिपटापसीना आता होई तो सो रोगी सात दिन जीवे ॥ ५५ ॥

सुखेनाडीयदानास्तिमध्येशैत्यंबहिःक्लमः ॥
यदामंदावहेन्नाडीसत्रिरात्रंनजीवति ॥ ५६ ॥

टीका–जिसकी पित्तनाडी नष्ट होगई औ म-
ध्यमें वातनाडी शीतल होगई औ बाहर ग्लानि
होय औ नाडी मंद चलती होय सो तीनरात्रि
न जिवेगा ॥ ५६ ॥

श्रीघ्रानाडीमलोपेतामध्यान्हेऽग्निसमोज्वरः ॥
दिनेकंजीवितंतस्यद्वितीयेऽह्निम्रियेतसः ५७

टीका–जिसकी नाडी मलयुक्त होंई औ मध्यान्हमें
अग्नितुल्य ज्वर होंई सो एक दिन जीवै ॥ ५७ ॥

हिमवच्छीतलानाडीज्वरदाहेनतापिनः ॥ त्रि-
दोषरुग्विभजतोमृत्युरेवदिनत्रयात् ॥ ५८ ॥

टीका–जिसकी नाडी हिमसरीखी ठंढी होय
औ जो ज्वरके दाहकरिके तपायमान होई औ त्रि-
दोषरोगको प्राप्त भयो होई तिसकी मृत्यु तीनि
दिनमें है ॥ ५८ ॥

स्वस्थानविच्युतानाडीयदावहतिवा
नवा ॥ ज्वालाचहृदयेतीव्रातदाज्वा
लावधिस्थितिः ॥ ५९ ॥

टीका–जिसकी नाडी स्थान छोडीके कभी चले, कभी न चले औ हृदयमें तीव्र ज्वाला होई औ जहांतक ज्वाला है तहांतक जीता है ॥ ५९ ॥

अंगुष्ठमूलतोवाह्येद्व्यंगुलेयदिनाडिका ॥ प्रहरार्धाद्बहिर्मृत्युंजानीयाद्विचक्षणः ॥ ६० ॥

टीका–अगुठाके मूलसें दो अंगुल छोडिके जो नाडी होई तो आधे पहर पीछे मरे ॥ ६० ॥

मध्येरेखासमानाडीयदितिष्ठतिनिश्चला ॥ पञ्चिप्रहरैस्तस्यमृत्युर्ज्ञेयोविचक्षणैः ॥ ६१ ॥

टीका–जिसकी नाडी बाचस्थानमें जो रेखासरीखी निश्चल चलती होई तिसकी छप्रहरमें मृत्यु है ॥ ६१ ॥

मंदंमंदंशिथिलशिथिलंव्याकुलंव्याकुलंवा स्थित्वास्थित्वावहतिधमनीयातिसूक्ष्मानराणां ॥ नित्यंस्थानात्स्खलतिपुनरप्यंगुलींसंस्पृशेद्वाभावैरेतैर्बहुविधतरैःसन्निपातेसमसाध्या ॥ ६२ ॥

टीका–जिन मनुष्योंकी नाडी मंद मंद, औ शिथिल शिथिल औ व्याकुल व्याकुल चलती होई औ

रहिरहिके अतिसूक्ष्म औ निरंतर स्थानको छोडिके फिरिभी अंगुलीनको स्पर्श करे ऐसे अनेकलक्षणयुक्त सन्निपातकी नाडी असाध्य है ॥ ६२ ॥

**अथचैतादृशलक्षणापिअनयागत्यासाध्या ॥ पूर्वंपित्तगतिंप्रभंजनगतिंश्लेष्माणमाबिभ्रतीस्वस्थानभ्रमणंमुहुर्विदधतीचक्राधिरूढामिव ॥ तीव्रत्वंदधतीकदाचिदपिवासूक्ष्मत्वमातन्वतीनाऽसाध्यांधमनींवदंतिसुधियोनाडीगतिज्ञानिनः ॥ ६३ ॥**

टीका–अब ऐसे लक्षणयुक्त नाडीभी इस रीतिसे साध्य है सो कहते हैं. जो नाडी स्पर्शसमयमें प्रथम पित्तगति, फिरि वातगति फिरि कफगति चले औ आपके स्थानसें भ्रमती हुई वारंवार जैसे चक्रपर स्थित होती है, ऐसे चले. कभी तीव्र, औ फिरि सूक्ष्मभी चले तो इस नाडीको नाडीज्ञानवाले असाध्य नहीं कहते हैं ॥ ६३ ॥

**भारप्रबाहमूर्च्छाभयशोकप्रमुखकारणान्नाडी ॥ संमूर्च्छितापिगाढंपुनरपिसंजीवितंधत्ते ॥ ६४ ॥**

टीका—वातके चलनेसें, मूर्च्छासें, भयसें शोकसें, जो नाडी मूर्च्छितभी होती है तौभी साध्य है ॥ ६४ ॥

भूतावेशयुतस्यापिनष्टशुक्रस्यनाडिका ॥ त्रिदोषगमनाचापिसूक्ष्माचापिनमृत्युदा॥६५॥

टीका—भूतावेशयुक्तकी औ धातुक्षीणकी नाडी त्रिदोषगतिभी चलती है. औ सूक्ष्म तौभी मृत्युदायक नहीं है ॥ ६५ ॥

स्वस्थानहीनाशोकेचहिमाक्रांतेचनिर्गदा॥भवंतिनिश्चलामाक्योनकिंचित्तत्रवैभयम्॥६६

टीका—शोकसें औ शीतलगनेसे स्थिर नाडी होय तौभी भय नहीं है ॥ ६६ ॥

स्तोकंवातकफंनष्टंपित्तंवहतिदारुणम् ॥ पित्तस्थानंविजानीयात्तत्रभैषजमाचरेत् ॥६७॥

टीका—थोडा वात औ कफ नष्ट भया होवै औ पित्त दारुण चलै तो औषध करना ॥ ६७ ॥

स्वस्थानच्यवनंयावद्धमन्यानोपजायते ॥ तस्यचिह्नस्यसत्त्वेऽपिनाऽसाध्यत्वमितीरितम् ॥ ६८ ॥

टीका—जहांतक नाडी बिलकुल स्थानभ्रष्ट न होवे

औ चिन्ह त्रिदोषके होई तौभी असाध्य नहीहै ॥ ६८ ॥

अथाहारवशान्नाड्यागतिरुच्यते ॥ पुष्टिस्तै लगुडाहारैर्माषैर्लगुडाकृतिः ॥ क्षीरेस्ति मितवेगाचमधुरैर्हंसगामिनी ॥ ६९ ॥

टीका—अब आहारके वशसें नाडीकी गति कहते हैं. तेल औ गुड खानेसें नाडी पुष्ट होती है, औ उडद खानेसें लकुटके आकार होती है, दूध खानेसें मंदगति होती है औ मिष्ट भोजनसें हंसकी गति होती है ॥ ६९ ॥

मधुरेवर्हिंगानाडीतिक्तेस्थूलगतिर्भवेत् ॥ अम्लेभेकगतिः कोष्णाकटुकेर्भृंगसन्निभा ७०

टीका—मधुर भोजनसें नाडी मयूरगति होती है, तिक्त भोजनसें स्थूलगति होती है, खटाईसें किंचित् उष्ण औ मेडूककी गति चलती है, कडूवेसें भमरकी गति चलती है ॥ ७० ॥

कषायेकठिनाम्लानालवणेसरलाद्रुता ॥ एवंद्वित्रिचतुर्योगेनानाधर्मवतीधरा ॥ ७१ ॥

टीका—कषैले भोजनसें कठिन औ मलिन यानें किंचित् मंद चलतीहै, लवणरस भक्षणसें सरल औ

शीघ्रगति होती है. ऐसेही दो तीनों चारों का सर्व मिलनेसें नानाप्रकारकी गति होती है ॥ ७१ ॥

द्रवेतिकठिनान्नाडीकोमलाकठिनाशने ॥ द्रवद्रव्यस्यकाठिन्येकोमलाकठिनापिच ॥ ७२

टीका—द्रव पतले पतला जैसे काढा इत्यादि भ-क्षण करनेसें अतिकठिन नाडी चलती है और कठिन आहारसें कोमल चलती है औ जो द्रवद्रव्य कठिन भी होई तो कोमल औ कठिनभी चलती है ॥ ७२ ॥

द्रव्येश्चमधुराम्लाद्यैर्नाडीशीतविशेषतः ॥ चिपिटैश्चैवरुक्षैश्चस्थिरामंदतराभवेत् ७३

टीका—मीठे और खट्टे मिश्रितसें नाडी विशेषक-रिके ठंडी रहती है औ चूरा जिनको पोहाभी कहते है इनसें औ सिके चनेनसें स्थिर औ मंद होतीहै ॥ ७३ ॥

कूष्मांडैर्मूलकैश्चैवमंदगमंदाहिनाडिका ॥ शाकैश्चकदलैश्चैवरक्तपूर्णेवसाभवेत् ॥ ७४ ॥

टीका—कूष्मांड औ मूलीसें नाडी मंद होती है. शाक अरु केलेसे रक्तपूर्ण जैसी होती है ॥ ७४ ॥

मांसात्स्थिरवहानाडीदुग्धाच्छीता वलीयसी ॥ गुडक्षीरैःसपिष्टैश्च स्थिरामंदाधराभवेत् ॥ ७५ ॥

टीका—मांसखानेसें नाडी स्थिर, दूधसें ढंढि औ वलयुक्त, गुड, दूध औ पिष्टसें स्थिर औ मंद होती है ॥ ७५ ॥

मैथुनांतेभवेच्छीघ्रासरलापिचनाडिका ॥
मलाजीर्णेननितरांस्पंदतेतंतुसन्निभा ॥७६॥

टीका—मैथुनांतमें नाडी शीघ्र औ सरल चलती है औ मलाजीर्णमें तंतुसरीखी किंचित् किंचित् चलती है ॥ ७६ ॥

व्यायामेभ्रमणेचैवचिंतायांधनशोकतः ॥
नानाप्रकारगमनाजीवितज्ञाभवेद्ध्रुवं ॥७७॥

टीका—कसरति करनेमें, फिरनेमें, चिंतामें, धनके शोकमें, नाडीकी नानाप्रकारकी गति होती है ७७

अजीर्णेतुभवेन्नाडीकठिनापरितोजडा ॥ प
क्काजीर्णेपुष्टिहीनामंदंमंदंप्रवर्तते ॥ ७८ ॥

टीका—अजीर्णमें नाडी कठिन औ जड होती है औ पक्काजीर्णमें पुष्टिहीन औ मंदगतीसें चलती है ॥ ७८ ॥

विषूचिकाऽभिभूतेचनाडिकाभेकसंक्रमा ॥
प्रमेहेचोपदंशेचग्रंथिरूपाधरास्मृता ॥७९॥

३

टीका—विषूचिका रोगमें नाडी मेढुकगती चलती है, प्रमेह औ उपदंशमें ग्रंथिरूप चलती है. ॥ ७९ ॥

**प्रदरेरक्तपीतेचश्वेतेग्रंथिवदुच्छ्रिति ॥ क्षतकासेतथाराजयक्ष्मणिग्रंथिरूपिणी ॥ ८० ॥**

टीका—श्वेतप्रदर, रक्तपीत औ क्षतकास, तथा क्षयरोगमें ग्रंथिरूप चलती है ॥ ८० ॥

**यांतस्यशल्याभिहतस्यजंतोर्वेगावरोधाकुलितस्यचैव ॥ गतिर्विभक्तेधमनीगजेंद्रमरालकानांचकफोल्बणस्य ॥ ८१ ॥**

टीका—जिस पुरुषने श्रांति किपी होवे, अथवा जिसके शीर बर्छी लगाहोवे अथवा जो मलादिक-वेगसे व्याकुल होई, अथवा जिसके कफ बहुत होई तिसकी नाडी भारी औ हलकी गतीसे चलती है ॥ ८१ ॥

**अथान्यमतानुसारेणस्वस्थनाडीलक्षणम् ॥**

**अयिप्रियेशृणुष्वैवयद्गम्यहंमतांतरं ॥ नरस्यजन्मकालतोह्यशीतिवत्सरावधि ॥ शिशोर्हिजन्मकालतः पलत्रयाधिप्रकंपते ॥ धरारसेषुवारकेनिरंतरंशिशुप्रिये ॥ ८२ ॥**

टीका—हे प्रिये, अब मैं मतांतरसैं स्वस्थनाडीका लक्षण कहता हौं. जन्मकालसैं असी वर्षपर्यंत कहता हौं, जन्मकालसैं एक पलपर्यंतमें नाडी ५६ छप्पन वार फरकती है ॥ ८२ ॥

पलादारभ्यवर्षांतंपलैकेनचनाडिका ॥ नेत्रेषुकृत्वश्चलतिमत्तकुंजरगामिनि ॥ ८३ ॥

टीका—जन्मकालसैं पलपरमितकाल पीछे एक वर्ष पर्यंत एक पलमें बावन ५२ वेर चलती है ॥ ८३ ॥

अब्दाद्ब्दद्वयंनाडीपलैकेनप्रवेपते ॥ वेदाब्धिवारंलोलाक्षिचलत्कुंडलशालिनि ॥८४॥

टीका—एकवर्ष पीछे दोवर्षपर्यंत एकपलमें नाडी चौवालिश ४४ वेर कंपती है ॥ ८४ ॥

वर्षद्वयात्त्रिवर्षांतंपलैकेनचतन्वुकी ॥ खवेदकृत्वश्चलतिपीनोत्तुंगपयोधरे ॥ ८५ ॥

टीका—दोवर्षपीछे तीनवर्षतक एकपलमें चालीश ४० वेर नाडी चलती है ॥ ८५ ॥

त्रिवर्षात्सप्तवर्षांतंषट्त्रिंशद्वारकंप्रिये ॥ कंपतेचपलैकेनजीवितज्ञाप्रियंवदे ॥ ८६ ॥

टीका—तीनवर्षकी अवस्थापीछे सातवर्षकी आ-

टीका—विषूचिका रोगमें नाडी मेंडुकगति चलती है, प्रमेह औ उपदंशमें ग्रंथिरूप चलती है. ॥ ७९ ॥

प्रदरेरक्तपीतेचश्वेतेग्रंथिवदच्छति ॥ क्षत कासेतथाराजयक्ष्मणिग्रंथिरूपिणी ॥ ८० ॥

टीका—श्वेतप्रदर, रक्तपीत औ क्षयकास, तथा क्षयीरोगमें ग्रंथिरूप चलती है ॥ ८० ॥

दांतस्यशल्याभिहतस्यजंतोर्वेगावरोधाकुलि तस्यचैव ॥ गतिंविधत्तेधमनीगजेंद्रमराल कालांचकफोल्बणस्य ॥ ८१ ॥

टीका—जिस पुरुषने दांति किये होई, अथवा जिसके तीर वगैरे लगाहोई अथवा जो मलावरोध-रोगसें व्याकुल होई, अथवा जिसके कफ बहुत होई तिसकी नाडी हाथी औ हंसकी गतीसे चलती है ॥ ८१ ॥

अथान्यमतानुसारेणस्वस्थनाडीलक्षणम् ॥
अयिप्रियेशृणुष्वैववदाम्यहंमतांतरं ॥ नर स्यजन्मकालतोह्यशीतिवत्सरावधि ॥ शि शोर्हिजन्मकालतः पलावधिप्रकंपते ॥ धरा रसेषुवारकोनिरंतरंशिशुप्रिये ॥ ८२ ॥

टीका—हे प्रिये, अब मैं मतांतरसें स्वस्थनाडीका लक्षण कहता हौं. जन्मकालसें असी वर्षपर्यंत कहता हौं, जन्मकालसें एक पलपर्यंतमें नाडी ५६ छप्पन बार फरकती है ॥ ८२ ॥

पलादारभ्यवर्षांतंपलैकेनचनाडिका ॥ मैत्रे

पुक्तश्चलतिमत्तकुंजरगामिनि ॥ ८३ ॥

टीका—जन्मकालसें पलप्रमितकाल पीछे एक वर्ष पर्यंत एक पलमें बावन ५२ वेर चलती है ॥ ८३ ॥

अब्दाद्व्दद्वयंनाडीपलैकेनप्रवेपते ॥ वेदा

ब्धिवारंलोलाक्षिचलत्कुंडलशालिनि ॥८४॥

टीका—एकवर्ष पीछे दोवर्षपर्यंत एकपलमें नाडी चौवालिस ४४ वेर कंपती है ॥ ८४ ॥

वर्षद्वयात्रिवर्षांतंपलैकेनचतंतुकी ॥ खवेद

कृत्वश्चलतिपीनोत्तुंगपयोधरे ॥ ८५ ॥

टीका—दोवर्षपीछे तीनिवर्षतक एकपलमें चालीस ४० वेर नाडी चलती है ॥ ८५ ॥

त्रिवर्षात्सप्तवर्षांतंपट्त्रिंशद्वारकंप्रिये ॥ कं

पतेचपलैकेनजनितह्लादिचंचदे ॥ ८६ ॥

टीका—तीनिवर्षकी अवस्थापीछे सातवर्षकी अ-

पुःपर्यंत नाडी एकपलमें छत्तिसबार ३६ फरकती है८६

सप्तमान्मनुवर्षांतंचत्वारिंशद्वारकंधरा ॥ तत
श्चत्रिंशद्वर्षांतंद्वात्रिंशद्वारमेवहि ॥ ८७ ॥

टीका—सातवर्षपीछे चौदहवर्षतक नाडी एकप-
लमें चौतीस ३४ बार चलती है औ चौदवर्षपीछे
तीसवर्षतक एक पलमें बत्तीस ३२ बार चलतीहै८७

त्रिंशदब्दात्समारभ्यपंचाशदब्दांतमेवच ॥ त्रिं
शद्वाराश्चिशालाक्षिजीविलक्ष्मासकंपते॥८८॥

टीका—तीसवर्षसें पचासवर्षतक नाडी एकपलमें
तीस ३० बार चलती है ॥ ८८ ॥

शतार्धवर्षादारभ्याशीतिवर्षांतमेवहि ॥ च
तुर्विंशतिवारांश्चैकपलेभ्रमतिःप्रिये ॥ ८९ ॥

टीका—पचास वर्षके पीछे अस्सीवर्षतक चौवीस
२४ बार नाडी एकपलमें चलती है ॥ ८९ ॥

एवमुक्तप्रमाणाच्चभवेन्न्यूनाधिकंयदि ॥ न्यू
नाधिकेक्रमात्स्यातांशीतोष्णेचघटस्तनि ॥

टीका—ऐसे उक्त प्रमाणसें जो न्यून चले तो
शीतल औ जो जादा चले तो उष्णता है ॥ ९० ॥

अथनाडीगतिकारणम् ॥ हृदयंचेतना.

स्थानंतज्ज्ञातसुखदुःखयोः ॥ तत्संकोच विकाशाभ्यांजीवितङ्गाप्रकंपते ॥ ११ ॥

टीका—अब नाडीके गतिका कारण कहते हैं. चेतनाका स्थान हृदय है सोई सुखदुःखका ज्ञाता है. तिसके संकोच औ विकाशसें नाडी चलतीहै॥११॥

वायुरंतर्बहिर्यातितत्संकोचविकाशतः ॥ तेननाड्यांवहत्यस्रृकेनतस्यागतिर्भवेत्॥१२॥

टीका—उसी संकोचविकाशतें वायु अंदर औ बाहर चलता है, उस चलनेसें नाडीमें रक्त वहता है. उसी प्रवाहकरिके नाडीकी गति जानी जाती है ॥ १२ ॥

अथनाडीज्ञानेप्रयत्नोऽवश्यमेवकर्तव्यः ॥ स यथा ॥ नाडीज्ञानंविनाकश्चिद्वैद्यःसद्भिर्नपूज्यते ॥ ततश्चातिप्रयत्नेनतज्ज्ञानंगुरुतो लभेत् ॥ १३ ॥

टीका—अब नाडीज्ञानमें प्रयत्न तो अवश्य करना सो कहते हैं. नाडीज्ञानविना कोईभी वैद्य सज्जनोंमें पूज्य नहीं होता है. इसवास्ते बडा प्रयत्न करिके नाडीज्ञान गुरुसें लेना ॥ १३ ॥

क्वचिद्ग्रंथानुसंधानाद्देशकालविभागतः ॥ क्वचित्प्रकरणाच्चापिनाडीज्ञानंभवेदपि॥१४॥

टीका—कहीं ग्रंथके अनुसंधानसें, कहीं देशकालके विभागसें, कहीं प्रकरणसें नाडीज्ञान होता है॥१४॥

यथावीणागतातंत्रीसर्वान्रागान्प्रभाषते ॥ तथाहस्तगतानाडीसर्वान्रोगान्प्रकाशते ॥१५

टीका—जैसे वीणामें तांती सब रागोंके भाषण करती है, तेसे हाथमें नाडी सर्व रोगोंका प्रकाश करती है ॥ १५ ॥

सद्गुरोरुपदेशाच्चदेवतानाप्रसादतः ॥ नाडीपरिचयःसम्यक्प्रायःपुण्यैर्नजायते ॥ १६ ॥

टीका—सद्गुरुके उपदेशसें औ देवताकी प्रसन्नतासें औ बहुधा पुण्यसें नाडीका पहिचानना जाता है ॥१६॥

अथग्रंथकर्तुःपरंपरा ॥ बालाशर्माऽभवद्विप्रः सुकलःकुलवर्धनः ॥ कान्यकुब्जोहितद्वंशेभव द्गोवर्धनोभिषक् ॥ १७ ॥ तापीरामःसुतस्तस्यतस्यसंस्तनुजास्त्रयः ॥ सीतारामश्चदत्तश्चमोतीरामइतिप्रिये ॥ १८ ॥ सीताराम प्रियालक्ष्मीस्तत्साकंयाद्दिवंगता ॥ दग्ध्वा

मैंप्राकृतंदेहंतच्छरीरेणसंयुतं ॥ ९९ ॥ तस्याएवहिपुत्रोऽहंपतिदेवचेंगने ॥ निर्मितेयंमयाचाद्येनाडीज्ञानतरंगिणी ॥ १०० ॥

टीका–अथ ग्रंथकर्ताकी परंपरा. अगाडी एक चालाशर्मा कान्यकुब्ज ब्राह्मण सुकल होते भए, सो आपके कुलके बढानेवाले होते भए. तिनके वंशमें गोवर्धन सुकल भए ॥ ९७ ॥ तिनके नाथीराम भए, तिनके तीनि पुत्र भए; सीताराम, दत्तप्रसाद, मोतीराम ॥ ९८ ॥ तिनमें सीतारामकी स्त्री लक्ष्मी जो आपकी प्राकृत देह आपके पतिके देहके साथ जलाइके औ उनके संगही स्वर्गको गई ॥ ९९ ॥ हे पतिव्रतनमें श्रेष्ठ मैं उसी माताका पुत्र हौं यह-नाडीज्ञानतरंगिणी मैंने रची है. ॥ १०० ॥

लोलाक्षी ॥ पंचस्यानामगंधर्वोचिरस्थामेऽभवत्किल ॥ तस्याहमौरसीकन्यादासीत्वच्चरणाब्जयोः ॥ १०१ ॥ तवरूपगुणौदार्यैर्विश्वंगुणचारिवे ॥ जनैःस्यात्तंतथाहटंकृतकृत्यास्मिसांप्रतम् ॥ १०२ ॥

इतिश्रीमत्सुकुलसीतारामात्मजरघुनाथ-
प्रसादविरचितानाडीज्ञानतरंगिणीसमाप्ति-
मगात्.

टीका—हे गुणवारिधे, चंपानाम गंधर्व विख्यात-
नामनगरमें होता भया तिसकी मैं कन्या हौं. औ
आपके चरणकमलकी दासी हौं ॥ १०१ ॥ लो-
कोंकरिके विख्यात आपका रूप, गुण, उदारता, सु-
निके आपके समीप मैं आई सो जैसा सुना तैसा
देखा. अब मैं कृतकृत्य भई ॥ १०२ ॥

॥ इतिश्रीरमणविहारीविरचिता नाडीज्ञान
तरंगिणीटीका शरणीसंज्ञिका समाप्ता ॥

श्रीः

# अनुपानतरंगिणीप्रारंभः ।

नमोगजास्येश्वरदेवदेवत्वत्तोऽस्यजन्मादय
एवतुभ्यं ॥ भवंतितस्याअतईशरक्षधन्वंतरि
यः कृपयाऽभवस्त्वम् ॥ १ ॥

टीका—अब कवि प्रथम निर्विघ्नसमाप्तिके वास्ते
इष्टदेवताकों नमस्कारपूर्वक मंगलाचरण करते हैं.

नमोईश्वरादि करिके—हे गजास्येश्वरदेवदेव, तुमकों मे-रा नमस्कार होई, तुमहीतें इस जगतके जन्म रक्षा प्रलय होते है और जो आप इस जगतपर कृपा क-रिके धन्वंतरि होते भए इसवास्ते आप रक्षा करो ॥ १ ॥

अथकविप्रिया ॥ प्राणेशधातवःसप्ततथासप्तोपधातवः ॥ शोधनंमारणंतेषामनुपानंगुणागुणम् ॥ २ ॥

टीका—कविप्रिया पूछती है की, हे प्राणनाथ, सा-तधातु औ सात उपधातु है, तिनका सोधन, मारण, अनुपान, गुण औ अवगुण कहो ॥ २ ॥

तथान्येषांरसानांवाऔपधीनांचमानद ॥ प्रीतयेममकंजाक्षवदवैद्यशिरोमणे ॥ ३ ॥

टीका—वैसेही और रसोंका और औषधिनकाभी मेरी प्रीतकेवास्ते कहो. आप कमलनयन हैं औ वैद्योंमें श्रेष्ठ हैं ॥ ३ ॥

कविः ॥ अयिनितंबिनिकंजविलोचनेघनकुचेवनितामदमोचने ॥ शृणुवदामिहिसांहितृणामहंगदवतामनुपानतरंगिणीं ॥ ४ ॥

टीका—कवि उत्तर देतहि हे नितंबिनि, हे कंज-

विलोचने, इत्यादि संबोधनयुक्त प्रिये, तुम सुनी. मैं अनुपान तरंगिणी कहता हूँ. कैसी है यह अनुपानतरंगिणी की रोगी मनुष्योंको हितकारक है ॥४॥

अथसप्तधातवः ॥ स्वर्णंतारंप्रियेताम्रंनागंवंगंमनोहरे॥ स्वर्णंगिजसदंलोहंसप्तैतेधातवः स्मृताः ॥ ५ ॥

टीका—अब सात धातु गनातेहैं. हे प्रिये, सोना १, रुपा २, तांबा ३, सीसा ४, रांगा ५, जिसे कलईभी कहते हैं. जसद ६, लोह ७, ये धातु हैं ॥५॥

जसदादित्यजंविद्धिपित्तलंप्रियवल्लभे ॥ रविरंगभवंकांस्यंकदपान्वपरत्नजे ॥ ६ ॥

टीका—ऐ प्रियवल्लभे, जसद और तामसे पितल होता है, औ हे कल्पकान्वपरत्नजे, ताम्र रंगसे कांसा होता है. ॥ ६ ॥

अथशुद्धिंप्रवक्ष्यामिधातुदोषपनुत्तये ॥ तैले तकेचगोमूत्रेकांजिकेकुलत्थजे ॥७॥ सूक्ष्मपत्राणिसंताप्यनागवंगेसुगालिते ॥ जसदंगलितंचैवसप्तवारंविनिःक्षिपेत् ॥ ८ ॥ शुद्धिमायातिसंशुक्कुलोद्भवरांगने ॥ नागवंगे

तुषांकस्यदुग्धेवारत्रयंक्षिपेत् ॥ ९ ॥ द्रवीभूतेविशुद्धेतेअमीषांमारणंश्वणु ॥ मृताहेमादिकाःसर्वेधातवोगदघातकाः ॥ १० ॥

टीका—अथ धातुनके दोष दूरिकरनेकेवास्ते शुद्धि कहते हैं. तेलमें १, तक्रमें २, तक्रको मठा औ छाछिभी कहते हैं, गोमूत्रमें ३, कुलथीकी काढेमें ४, औ कांजीमें ५ कांजीकी विधि भातका मांड अथवा कुलथीका जूसमें सोंठी, राई, जिरा, हिंग, लवण ये माफिकसा मिलाइके तीनि वा चारी दिन रखि छोडे. जब खट्टा होई तब काममे लेवे. इन पांचोंमे तपाई २ सात सात वखत बुझावै तौ शुद्ध होई. तहां सोना १, चांदी २, तांबा ३, लोह ४, पितल ५, कांसा ६, इनके वारिक पत्र करिके तत करि करिके बुझावे, औ रांगा सीसा जसद गलाइके बुझाई लेई, अथवा रांगे सीसेको आकके दूधमें तीनि वखत बुझायलेनेसें शुद्ध होते हैं. अथ इनका मारण कहते हैं. क्यों की, मरे भये धातु रोगके मारनेवाले होते हैं ॥ १० ॥

तत्रादौस्वर्णविधिः ॥ तत्रापिशुद्धस्वर्णपत्री

क्षा ॥ वन्हितप्तंहियच्छीतेरक्तंभजतेचतत्
शुद्धंश्वेतत्वमपियद्भजतेऽशुद्धमीरितं ॥११॥

टीका–तहां प्रथम धातुनमें सोनेका मारना क-हते हैं, तहांभी प्रथम परीक्षा कहते हैं. जो सोना अग्निमें तपाइके ठंढा किए पीछे लालरंग रहै सो श्रेष्ठ. श्वेत नहीं ॥ ११ ॥

अथमारणं ॥ शुद्धसूतसमंस्वल्वेस्वर्णगोलं
विधायच ॥ द्वयोस्तुल्यंबलिंशुद्धंदत्वाधश्चो
र्ध्वमेवहि ॥ १२ ॥ शरावसंपुटेदत्वापुटेंत्रिंश
द्वनोपलैः ॥ चतुर्दशपुटैरेवंनिरुत्थंभस्मजा
यते ॥ १२ ॥

टीका–शुद्ध पारा औ सोनेका चूरन खल करीके गोला बनावै फिरि दोनोंको तुल्य शुद्ध गंधक नीचे ऊपर रखिके शरावसंपुटमें तीस जंगली कंडोंकी आंच देई ऐसे चौदह पुटमें निरुत्थ भस्म होता है. निरुत्थ उसको कहते हैं की, जो मधुघृतटंकण-युक्त आंच देनेतें न जिये ॥ १२ ॥

अथान्यप्रकारः ॥ गालितेहाटकेनागंषोडशां
शंविनिःक्षिपेत् ॥ शीतेतस्मिन्सुसंचूर्ण्यनिंबु

॥ श्री ॥

# नाडीज्ञानतरंगिणी

औ

# अनुपानतरंगिणी.

यह पुस्तक

प्रसिद्ध कर्ता

हरिप्रसाद भगीरथ गौडब्राह्मण.

मुंबई

निर्णयसागरछापखाना.

संवत् १९४२

...रा आक्ट २५ प्रमाणे रजिस्टर किया है

लेप लगावै और शरावसंपुटमें मुद्रा देकें तौ एकही गजपुटमें शुद्ध भस्म होई ॥ १७ ॥ १८ ॥

अथहेमभस्मसामान्यगुणाः ॥ तपनीयंस्मृ
तंकांतिंकंदर्पंतनुतेतथा ॥ वातंपित्तंप्रमेहंच
कासंश्वासंक्षतंक्षयं ॥ १९ ॥ ग्रहणीमतिसारं
चज्वरंकुष्ठंविषंहरेत् ॥ वयसःस्थापनंस्वर्यं
बल्यंवृष्यंरुचिप्रदं ॥ २० ॥

टीका–अथ सोनेकी भस्मके सामान्य गुण कहते हैं, मरा सोना कांति औ कामदेवकी वृद्धि करता है, औ वात, पित्त, कफ, प्रमेह, श्वास, घाव, क्षयरोग, संग्रहणी, अतिसार, ज्वर, कुष्ठ, विष इन रोगोंका नाश करता है औ अवस्थाका स्थापन करनेवाला है, स्वर सुंदर करै है, बल बढाता है, स्त्रीगमनकी इच्छा ज्यादा बढाता है और अन्नपर रुची बढाने-वाला है ॥ १९ ॥ २० ॥

अथापक्वदोषाः ॥ स्वर्णमपक्वंहरतेथसंचवी
र्यंकरोतिरोगचयम् ॥ सुखस्यनाशंमरणंत,
स्मात्शुद्धंचसेवेत ॥ २१ ॥

टीका–अब अपक्व सोनेके अवगुण कहते हैं

अभपका सोना बल और वीर्यका नाश करता है, और सुखकाभी नाश औ मरणभी करता है. इसवास्ते शुद्ध भस्मका सेवन करना ॥ २१ ॥

अथतद्दोपशांतिः ॥ अभयासितयाभुक्तात्रिदिनंत्रिभिरंगने ॥ हेमदोषहरीस्यातासत्यं प्राणकुमारिके ॥ २२ ॥

टीका—अब अपकदोपशांति कहते है. हरडे और शकर तीन दिन खानेसें स्वर्णविकार जाता है, हे प्राणकुमारि यह सत्य है ॥ २२ ॥

अथानुपानं ॥ वाजीकरंभृंगरसेनचूर्णंदुग्धेनशक्तिंप्रददातिनित्यं ॥ पुनर्नवायुग्नयनामयघ्नंजराहरंचाज्ययुतंनराणां ॥ २३ ॥

टीका—अब अनुपान कहते है. सोनेकी भस्म भांगरेके रसमें लेनेसें वाजीकरण है. वाजीकरण उसकों कहते है. जिसके लेनेसें घोडेसरीखा स्त्रीके संग रमण करे. दूध संग लेवे तो शक्ति बढावे, पुनर्नवासंग नेत्ररोग हरता है. घृतसंग वृद्धपनेको मिटायके ज्वान करता है ॥ २३ ॥

बुद्धिदंतुवचायुक्तंदाहघ्नंकटुकायुतं ॥ कांतिदंकुंकुमेनेदंकांतिजिन्नयनीरजे ॥ २४ ॥

टीका—यवके साथ बुद्धि देता है. कुटकीके सा-थ दाहग्लानि करता है. कुटकीकों अद्रूमां कहते हैं. केसरसंग कांति बढाता है ॥ २४ ॥

सद्योदुग्धयुतंहंतिचर्मराणमनिदारुणं ॥ ल वंगशुंठिमरिचैरुन्मादंचत्रिदोषकं ॥ २५ ॥

टीका—तुरत दुहे दूधसाथ कफरोग दूरि करता है. लवंग सोंठी काली मरीचके साथ उन्मादरोग हरता है. औ त्रिदोषकोंभी हरता है ॥ २५ ॥

मध्वामलकसंयुक्तंग्रहणींप्रबलांहरेत् ॥ मधुनावरकस्थैर्यंविषदोषनिवारणं ॥ २६ ॥

टीका—मधु औ आमलाके साथ संग्रहणीकों, सें-धोंके बरस औ मधुयुक्त विष हरता है ॥ २६ ॥

शंखपुष्पीरसैरायुःप्रदंचंदनचर्चिते ॥ विदा रीकंदसंयुक्तंपुत्रदंपुत्रवत्सले ॥ २७ ॥

टीकाः—शंखाहुलीके रससंग आयुष्य बढाता है. विदारिकंदसंग पुत्र देनेवाला है ॥ २७ ॥ इति स्वर्णानुपानानि.

अथरौप्यविधिः ॥ तत्रपरीक्षा ॥ स्मृण्वहिरू पमतिप्रमदोत्तमे वदभिषग्वररूपगुणाकर ॥

त्रिविधमाहुरचेरजतंप्रियेखनिजवेधजवंगज मायिकाः ॥ २८ ॥

टीका—अथ रौप्यविधि, तहां प्रथमपरीक्षा, रूपा तीनि प्रकारका है. एक खानिसें पैदा, दूसरा वेधसें, तीसरा वंगसें पेदा होताहै ॥ २८ ॥

उत्तमंवंगजंवेधजंकीर्तितंयन्मृदुत्वंहिशो क्त्यंभजेदंगने ॥ शुभ्रवर्णमृदुत्वेनहीनंच तोऽग्राह्यमित्याहुरार्याःखनिस्थंततः॥२९॥

टीका—तिनमें वेधसें औ वंगसेंभी उत्पन्न रौप्य जो कोमल औ श्वेतवर्ण है तो श्रेष्ठ है ॥ २९ ॥

अथमारणं ॥ तारपत्राणिसूक्ष्माणिकृत्वासं शोध्यपूर्ववत् ॥ तत्समौसूतगंधौचकांजिके नविलेपयेत् ॥ ३० ॥

टीका—अथ मारणविधि. चांदीके कंटकवेधी सूक्ष्म- पत्रकरिके पूर्ववत् शोधन करे, उनपत्रोंकी समान पारा, गंधकको कांजीमें घोटिके लेप करे ॥ ३० ॥

स्थाल्यांपचेद्दिनरुध्वाभस्मस्यात्तीक्ष्णवह्निना ॥ वालकैणाक्षिविंशोटिस्यर्णकुंभकुचेप्रिये ३१

टीका—फिर उनको एक हांडीमें मुद्रित करिके एक दिन तीक्ष्ण अग्निकी आंच देइ तो भस्म होई ३१

अथान्यः प्रकारः ॥ तारपत्रचतुर्थांशं शुद्धतालं विमर्दयेत् ॥ जंबीरजैर्द्रवैस्तेन तत्पत्राणि विलेपयेत् ॥ ३२ ॥

टीका—अथ दूसरा प्रकार. रूपेके पत्रसें चतुर्थ भाग शुद्ध हरितालको निंबूके रसमें घोटिके लेपन करे ॥३२॥

संपुटे पाचयेद्बुध्या त्रिभिस्त्रिपुटैर्भवेत् ॥ त्रिंशद्वनोपलैर्भूति शीलरूपगुणान्विते ॥ ३३ ॥

टीका—फिरि शरावसंपुटकरिके तीस जंगली कंडाकी आंच देई ऐसी तीनि पुटमें भस्म होता है. ३३

अथान्यः ॥ रजतेन समं सूतं पेषयित्वा प्रमेलयेत् ॥ तत्समं तालकं गंधं निंबुनीरैर्विमर्दयेत् ॥

टीका—अथ तिसरा प्रकार. प्रथम रूपा औ पारा दोनों समभाग लेके खरल करे. फिरि इनि दोनोंके बरोबर हरिताल औ गंधक मिलाइके निंबूके रसमें घोटै ॥ ३४ ॥

संपुटे रोधयित्वा तु पाच्यं त्रिंशद्वनोपलैः ॥ एवं रामपुटैस्तारं निरुत्थं भसितं भवेत् ॥ ३५ ॥

टीका—फिरि शरावसंपुटमें तीस कंडाकी पुट देई ऐसे तीनि पुटमें भस्म होता है ॥ ३५ ॥

अथान्यः ॥ शुकप्रियापीतकपत्रकल्कैश्चतुर्गुणैतारकमेवरुध्वा ॥ शरावकेसंपुटकेपुटेत्त्रिभिःपुटैरेवंवराहसंज्ञैः ॥ ३६ ॥

टीका—अथ चौथा प्रकार. दावीम और धतूरेके पत्र तोले चारिकी लुगदीमें एक तोला रूपा रखिके हाथ भरि गहिरे चौड़े खाढेमें शरावसंपुटमें पुट देई तो तीनि पुटमें भस्म होता है ॥ ३६ ॥

अथगुणाः ॥ तारंकरोत्यामयसिंधुपारंपित्तापहंवातकफौनिहंति ॥ गुल्मंप्रमेहंश्वसनंचकासंप्लीहक्षयक्षीणयकृद्विषार्तिम् ॥ ३७ ॥

टीका—अथ सामान्य गुण. रौप्यभस्म रोग समुद्रके पार उतारता है. पित्त, कफ, वात, गुल्म, प्रमेह, श्वास, कास, प्लीहा, क्षय, क्षीण, यकृत, विष इनरोगोंका नाश करता है ॥ ३७ ॥

वलीपलितनाशनंक्षुधाकांतिपुष्टिदं ॥ पांडुशोफहंददातिचायुष्यंनृणामिदं ॥ ३८ ॥

टीका—औ वलीपलितनाशकभी है, क्षुधा औ तेजको बढ़ाता है, पांडु औ शोफको नाश करता है, आयुष्यदायक है ॥ ३८ ॥

अथापक्कदोषाः ॥ देहेहितापंप्रकरोत्यपक्कंता
द्रविबंधंकिलधातुकनाशं ॥ अपाटवंचैवबलस्य
हानिंमहागदान्पालयतीतिसत्यं ॥ ३९ ॥

टीका—अथ अपक्कदोष. अपक्क रौप्य भस्म देहमें
ताप, विबंध औ धातुका नाश, चातुर्य औ बलकी
हानि करता है. औ बडे रोगोंकी रक्षा करता है ॥३९॥

अथतच्छांतिः ॥ शर्करांमधुसंयुक्तांसेवयेच्चो
दिनत्रयम् ॥ अपक्करौप्यदोषेणविमुक्तःसुख
मश्नुते ॥ ४० ॥

टीका—अथ रौप्यदोषशांति. मिश्री औ मधु ती-
नि दिन खानेसें रौप्यविकार मिटे ॥ ४० ॥

अथानुपानं ॥ दाहेशर्करयायुक्तंवातेपित्तेवरा
युतं ॥ त्रिसुगंधयुतंमेहेगुल्मेक्षारसमन्वितं ।
टीका—अनुपान दाहमें शक्करयुक्त, वात औ पि
त्तमें त्रिफलायुक्त, प्रमेहमें तज पत्र इलायचीके
चूर्णयुक्त, गुल्ममें क्षारयुक्त देना ॥ ४१ ॥

कासेकफेटरूप्यरसेत्रिकटुकान्विते ॥ भा
र्ङ्गीविश्वयुतंश्वासेक्षयजित्सशिलाजतु ॥४२॥
टीका—कास औ कफमें त्रिकटु चूर्ण औ अद्र-

तेके रसयुक्त, श्वासमें भारंगी सोंठीयुक्त, औ क्षयमें शिलाजितयुक्त देना ॥ ४२ ॥

**क्षीणेमांसरसेदेयंदुग्धेबालल्लनोत्तमे ॥ यकृत्प्लीहहरंकतियरापिप्पलिसंयुतं ॥ ४३ ॥**

टीका—क्षीणतामें मांसका जूस अथवा दुग्धसंयुक्त, यकृत् प्लीहामें त्रिफला औ पीपरीसाथ ॥ ४३ ॥

**पुनर्नवायुतंशोफेपांडौमंडूरसंयुतं ॥ वलीपलितहंकांतिशुक्रंघृतसंयुतम् ॥ ४४ ॥**

टीका—शोथमें पुनर्नवासाथ, पांडूमें मंडूरयुक्त, वलीपलितमें घृतयुक्त, शुक्र औ कांतिकोंभी बढाता है ॥ ४४ ॥ इति रौप्यविधिः.

**अथताम्रविधिः ॥ तत्रमारणयोग्यं ताम्रं ॥द्विविधंताम्रंवैद्यैर्गदितंम्लेच्छं तथैवनैपालम् ॥ छालनतोयच्छ्याम मंतन्म्लेच्छंरक्तमेवनैपालं ॥ ४५ ॥**

टीका—अथ रौप्यविधिकथनानंतर ताम्रविधिः कहते है. ताम्रकों वैद्योंनें दोनप्रकारका कहा है. एक म्लेच्छ, दूसरा नेपाल, जो मंजन करनेसें श्यामता प्रकटता है सो म्लेच्छ, औ जो रक्तवर्ण रहता है सो नैपाल ॥ ४५ ॥

त्यक्त्वंवालेम्लेच्छंग्राह्यंनैपालकंहि
शुद्धतरम् ॥ शृणुतद्दोषान्शुद्धेशो
धनमपिसुप्रयत्नेन ॥ ४६ ॥

टीका—तिनमें शुद्ध नैपाल ग्रहण करना, औ म्लेच्छको त्यागना. हे शुद्धे, उस तामके दोष और शुद्धि सुनो ॥ ४६ ॥

वांतिर्भ्रांतिर्विरेकित्वंक्लमस्तापस्तथैवच ॥
वीर्यहंतृत्वकंडूश्चशूलंदोषाष्टकंस्मृतौ ॥ ४७ ॥

टीका—वांति १, भ्रांति २, रेचकता ३, ग्लानि ४, ताप ५, वीर्यनाशकता ६, कंडू ७, शूल ८, ये आठ दोष तामके सदा है. अब इन दोषोंको मिटानेके वास्ते शोधन कहता हौं ॥ ४७ ॥

वक्ष्यमाणेषुद्रव्येषुतप्तंतत्संविनिःक्षिपेत् ॥
सप्तकृत्वःसुशुद्धःस्यान्निरेवनसंशयः ॥४८॥

टीका—अगाडीके श्लोकनमें लिखेंगे जो द्रव्य तिनमे तपाइ तपाइके बुझावे, ऐसा सात वेर तो शुद्ध होई ॥ ४८ ॥

तैलंतक्रंचगोमूत्रंकांजिंहन्याद्विचक्षणे ॥ वर्ज्जि
जिकंचकुलत्थांभोभ्रांतिंहन्यात्सुदारुणां ४९

टीका—तैल, मठा, गोमूत्र, वांति दोष दूरि करता है. कांजी औ कुलथीका काढा भ्रांति दूरि करता है ॥ ४९ ॥

वल्लीदुग्धंचगोदुग्धंक्लमंहंतिविशेषतः ॥
चिंचांभोनिंबनीरंचतापंपापंयथाद्धरिः॥५०॥

टीका—सेहुंडपूहरका दूध और गोदुग्ध क्लम जो ग्लानि तिसकों मिटाता है. अमिलीका पानी औ निंबूका पानी तापकों हरता है ॥ ५० ॥

शीर्षिनोंभस्तथाकन्यारसःशूलंनि
वारयेत् ॥ कंडुतांगोघृतंदुग्धंहंति
वृद्धायथाबलम् ॥ ५१ ॥

टीका—सारिंगलका रस तथा घी कुमारिकास्वरस शूल निवारण करता है. कंडूताकों गोघृतयुक्त दूध हरता है ॥ ५१ ॥

हन्याद्वैवीर्यहृत्तस्वंद्राक्षाक्षौद्रंनितंबिनि ॥
रेचतांसौरणंनीरंहंतिमस्तुतथैवहि ॥ ५२ ॥

टीका—वीर्यनाशकपणा द्राक्षा और मधु दूरि करै है. रेचनता सूरणका पानी औ दहींका पानी हरता है ॥ ५२ ॥

अथमारणं ॥ रविपत्राणितद्दर्वंसूतं
खल्वेविमर्दयेद्दृढं ॥ निंबुजनीरैस्ता
यावच्छुष्काणितानिस्युः ॥ ५३ ॥

टीका—अब मारण कहते हैं. ताम्र पत्र बहुत पतले सुईसे छिदनेमाफिक करिके पत्रनसें आधे पारेके सा- थ मर्दन करै. जंबीरिक रस पत्र शुष्क होई ॥ ५३ ॥

तद्द्विगुणंशुचिगंधंधान्याम्लेनविमर्द्य
संलिपेत् ॥ पत्राणिहंडिभांडेक्षिप्त्वा
संपूरयेत्सिकतयाधृत्वा ॥ ५४ ॥

टीका—तिससे दूना शुद्ध गंधक, धान्याम्लमें पीसिके लेपन करै. धान्याम्ल उसको कहते हैं जो यव निस्तुष करिके चारि पांच दिन पानीमें भि- जोये राखै, जब खट्टा होइ तब कार्यमें लेइ. फिरि ताम्र पत्र एक हांडीमें राखिके क्रमसें ऊपर बालू, रेत, औ राख भरे ॥ ५४ ॥

कृत्वाशरावपुटकेपश्चाद्भांडेविनिःक्षिपे
हलने ॥ संद्यासेनाग्निंयामैर्लिप्तेषु
स्वेनितंयविस्तारे ॥ ५५ ॥

टीका—पत्र सब पहिले जो सराकमें राखिके हांडीमें

धरे फिरि ऐसी भस्म भरिके मुद्रा करिके चूल्हेपर मंदाग्निसें चारि पहर आंच देइ तौ ताम्र मरै ॥ ५५ ॥

**पश्चात्तदर्धगंधंतद्रसमनाविमर्द्येत्खल्वे ॥ सूरणतोयैर्देयंपुटंगजाख्यंततश्चैवपाच्यम् ५६**

टीका—फिरि उस ताम्रभस्मसें आधागंधक मिलाइ सूरणरसमें खरल करिके गजपुट देई ॥ ५६ ॥

**चतुर्थांशेनगंधेनपंचगव्यैःपृथक्पृथक् ॥ पंचकृत्वःपुटेत्तावन्मधुनासितयापुनः ॥ ५७ ॥**

टीका—फिरि भस्मसें चौथा भाग गंधक मिलाइ न्यारा न्यारा गोदुग्ध, घृत, दही, मठा, मूत्रमें खरल करि करि न्यारी न्यारी पुट देई. फिरि मधु याने सहतके साथ उसी रीतिसें फिर शक्करके साथ वैसेही पुट देई ॥ ५७ ॥

**सेवितंचेद्यदावांतिविधत्तेभावयेत्पुटेत् ॥ गोक्षीरेणततःशुद्धंशिखिग्रीवनिभंभवेत् ॥५८॥**

टीका—फिर जो खानेसें वांति करावे तौ गोदुग्धकी पुट देके आंच दे जब शुद्ध मोरकी गरदनीका रंग होई तौ श्रेष्ठ है ॥ ५८ ॥

**अथान्यः ॥ ताम्रपत्रसमंसूतंगंधम**

म्लेनमर्दयेत् ॥ तेनसंलिप्यपत्राणि
शरावपुटकेदहेत् ॥ ५९ ॥

टीका—अथ दूसरा प्रकार. ताम्रकी बरोबर गंधक पारा खटाईसें मर्दन करिके पत्रोंके लेपन करिके गजपुट देई ॥ ५९ ॥

गजाव्हैस्त्रिपुटैरेवंपंचताजायतेध्रुवम् ॥ चल
त्कुंडलशोभाढ्येपीनेतुंगपयोधरे ॥ ६० ॥

टीका—ऐसे तीनि पुटसें भस्म होता है ॥ ६० ॥

अथान्यः ॥ तुर्यांशेनशिवेनैवताम्रप
त्राणिलेपयेत् ॥ अम्लपिष्टबलिंदद्या
दूर्ध्वाधोद्विगुणंततः ॥ ६१ ॥

टीका—अथ तीसरा प्रकार. ताम्रपत्रसें चौथे भाग पारेसें ताम्रपत्र लेपन करिके तिनसें दूना गंधक खटाइमें पीसिके नीचे ऊपर रखिकें ॥ ६१ ॥

चांगेरीकल्कगर्भेतथासंस्थाल्यांविपाचयेत्॥
पंचत्वंजायतेशुल्वंसर्वरोगहरंभवेत् ॥ ६२ ॥

टीका—लोणीकी चुनईमें तलिके हांडीमें एक पहरकी तेज आंच देई तो भस्म होई इसे ॥ ६२ ॥

अथसामान्यभस्मगुणाः ॥

तंप्लीहानमुदरंक्रमीन् ॥ कुष्टंशूलंज्वरंतंद्रांत्व
मिंशोफंचपांडुतां ॥ ६३ ॥

टीका—अथ सामान्य गरमगुण. कास, श्वास, कफ, प्लीहा, वात, उदररोग, क्रमी, कुष्ठ, शूल, ज्वर, आलस्य, छर्दि, शोफ, पांडुरोग ॥ ६३ ॥

मोहमर्शोतिसारंचक्षयंगुल्मंशिरोव्यथाम ॥
हिक्कांमेहंभ्रमंहंतिरचिर्वन्हिंविबोधयेत्॥६४॥

टीका—मूर्च्छा, अर्शरोग, अतिसार, क्षय, गुल्म, शिर, दर्द, हिचकी, प्रमेह, भ्रम, इतने रोगोंको हरता है औ भूख बढाता है ॥ ६४ ॥

अथापक्वदोषाः ॥ ताम्रमपक्वंवमनंविरेक
तापादिकंभ्रमंमूर्च्छा॥ मेहंबलस्यनाशंकरोति
शुक्रस्यचायुषश्चापि ॥ ६५ ॥

टीका—अथ अपक्वदोष. अपक्व ताम्रभस्म, वमन, विरेचन, ताप, भ्रम, मूर्च्छा, प्रमेह, बलका नाश, वीर्य औ आयुष्यकाभी नाश करता है ॥ ६५ ॥

अथदोषशांतिः ॥ मुनिव्रीहिसितापानंवाधा
न्याकंसितांचकैः ॥ ताम्रदोषमशेषंवैपिब
न्हन्यादिनत्रयात्॥ ६६ ॥ कैःजलैरित्यर्थः ॥

टीका—अथ ताम्रदोषशांति कहते हैं. मिश्री अथवा धना, शक्कर जलसे कितने दिन पिये तौ ताम्रदोषसे छूटै ॥ ६६ ॥

अथानुपानं ॥ पिप्पलीमधुसंयुक्तंसर्वरोगेषु योजयेत् ॥ स्वबुद्ध्यापिप्रयुंजीतरोगनाशन वस्तुभिः ॥ ६७ ॥

टीका—अथ अनुपान. पीपरी सहत संग सब रोगमे देइ अथवा आपकी बुद्धिप्रमाणसे रोगनाशक वस्तुसाथ देइ तौ रोग जाई ॥ ६७ ॥

अथनागविधिः ॥ पूर्ववच्छोधनं ॥ कुमारी स्वरसेवापिवराक्काथेसुगालयेत् ॥ एवंसंततं सप्तकृत्वोनागःशुद्धतरोभवेत् ॥ ६८ ॥

टीका—अथ नागविधि कहते हैं. तत्र प्रथम शोधन कहते हैं. घीकुमारीपाठाके रसमें वा त्रिफलाके काढेमें सात बेर गलाइके बुझावे तौ नाग शुद्ध होई ॥ ६८ ॥

तालकस्वरसेवारान् चत्वारिंशद्विगालयेत् ॥ ततस्तंपिशुद्धोऽयंनागोनाङ्गदूषणमिति ॥ ६९ ॥

टीका—अथवा ताडीमें चालीस बार बुझावे तौ शुद्ध होई ॥ ६९ ॥

अथमारणं ॥ खर्परेनिहितंनागंरवि मूलेनघट्टयेत् ॥ यामत्रिकेर्भवेद्भस्महृ द्विह्नर्णमदूषणम् ॥ ७० ॥

टीका—अथ मारण. माटीके कूंडेमें सीसा रखिके चुल्हेपर आंच देइ औ आंकडेकी जडसें चलताजाय तौ तीनि पहरमें हरारंग भस्म होता है ॥ ७० ॥

अथान्यः ॥ मर्दितोवृषतोयेननागः कुम्भपुटैस्त्रिभिः ॥ सशिलोम्रियतेस द्यःसर्वरोगहरोभवेत् ॥ ७१ ॥

टीका—प्रकारदूसरा—सीसाकी बरोबर मैनशिल मिलाइ अरुसाके रसमें मर्दन करि एक घडेमें बहुतसे छिद्र करि कोइला आधा घडा भरी बीचमें संपुटमें सीसा रखिके उपर फिरि कोइला भरिके अग्नि देवै, ऐसे तिनिवारमें भस्म होता है ॥ ७१ ॥

अन्योपि ॥ भूलताऽगस्तिपत्राणिपिष्ट्वा पात्रंविलेपयेत् ॥ चासापामार्गजंक्षारंत त्रनागेद्रुतेक्षिपेत् ॥ ७२ ॥ गुरूक्तित श्चतुर्थांशंवासादर्व्याविघट्टयेत् ॥ यामैके नभवेद्भस्मततोवासारसान्वितं ॥ मर्दये त्संपुटेस्थाप्यहैनागसिंदूरकंशुभं ॥ ७३ ॥

टीका—तीसरा प्रकार, कसुम औ अगस्तवृक्ष-के पत्र पीसिके पाथमें लेपन करि उपर शीसा धरी चूल्हेपर चढावे, जब सीसा गले तब अरूसा औ अपामार्गका क्षार सीसासें चौथा भाग डालता जाई औ अरूसाकी मोटी लकडीसें चलवता जाइ तौ एक पहरमें भस्म होइ फिरि अडूसाके रसमें खरल करि गजपुट देइ तौ लाल भस्म होई ॥ ७२ ॥ ७३ ॥

अथान्यः ॥ शुद्धंनागंसमादायद्विगुणा चमनःशिला ॥ पलाशद्रावयासम्यग्घर्षयेत्खर्परेशुभे ॥ ७४ ॥

टीका—चौथा प्रकार, शुद्ध सीसासें दूना मैनशील खापरेपरमें चढाइ, पलासकी लकडीसे चलावे औ तीव्र आंच देइ तौ भस्म होई ॥ ७४ ॥

तीक्ष्णाग्निनामृतंनागंतुर्यांशांचमनःशिलां ॥ तांबूलस्वरसैर्मर्द्यशरावेपुटकेपुटेत् ॥ द्वात्रिं शतिपुटैरेवंनागस्मृतिर्भवेद्ध्रुवम् ॥ ७५ ॥

टीका—फिरि चौथे भागकी मैनशिल मिलाइके नागवेलीके पानके रसमें घोटिके पुट देइ ऐसे ३२ बत्तीस पुटमें भस्म होता है ॥ ७५ ॥

भागेंकमहिफेनस्यनागभागचतुष्टयं ॥ घर्ष

पाशिंवकाष्ठेनमंदवन्हिप्रदानतः ॥ नागभू
तिर्भवेच्छ्वेतावीर्यदार्ढ्यकरीमता ॥ ७६ ॥

टीका—पांचमा प्रकार. सीसासें नौथा भाग अफीम खपरेमें दोनोंको आंच देइ औ निंबूकी लकडीसें चला-ता जाइ तौ श्वेतभस्म होइ. इसनेसें वीर्य दृढ करै ॥७६॥

अथनागेश्वरविधिः ॥ पलद्वयंमृतंनागं
हिंगुलंचपलद्वयं ॥ शिलाकर्षमिताग्रा
ह्यासर्वतुल्यंहिगंधकं ॥ ७७ ॥ निंबुनीरे
णसंमर्द्यततोगजपुटेपुटेत् ॥ तदानागे
श्वरोऽयंस्यान्नगराजसुतोपमे ॥ ७८ ॥

टीका—अथ नागेश्वरविधि. सीसाभस्म तोला आठ, हिंगुलू तोला आठ, मनसील तोला एक, गंधक तोला सत्तरह निंबूके रसमें खरल करि गज-पुट देइ तौ नागेश्वर होता है ॥ ७७ ॥ ७८ ॥

अथसामान्यगुणाः ॥ वातरोगंक्षयंगुल्मंपां
डुंशूलभ्रमान्ककम् ॥ वह्निमांद्यंशुक्रदोषंका
सार्शोग्रहणीकृमीन् ॥७९॥ अपस्मृतिंनिहंत्या
शुशतनागसमंबलम् ॥ ददातिचायुपोवृद्धिं
चेत्कृतंविधिनाप्रिये ॥ ८० ॥

टीका—अथ नागविधिकथनानंतर वंगकी विधि कहते हैं. प्रथम तब वंगपरीक्षा. श्वेत औ कठिन वंगके लेड. अन्यमें और धातु मिलि है सो त्याज्य है॥८७॥

अथमारणं ॥ वंगतुल्यंवराचूर्णंनिंबकाष्ठेनघर्षयेत् ॥ खर्परेभस्मतांयातंसर्वकार्येषुयोजयेत् ॥ ८८ ॥

टीका—अथ मारणं. रांगेको बरोबर त्रिफलाचूर्ण खपरेमें चढाई निंबके सोटेसें घोटे, जब भस्म हो तब सर्व कार्यमें युक्त करै ॥ ८८ ॥

अथान्यः ॥ वंगपादांशतोग्राह्यमपामार्गभवंरजः ॥ स्थूलाग्रयालोहदर्व्याखर्परेदंविघट्टयेत् ॥ ८९ ॥ शनैर्भस्मत्वमायातितावन्मर्द्यंपुनःशनैः ॥ एकत्रचततःकृत्वायावदंगारवर्णतां ॥ ९० ॥ भजेत्पश्चाच्छरावेणनूतनेनविरोधयेत् ॥ ततस्तन्निशिसंपक्वंवंगभूतित्वमाप्नुयात् ॥ ९१ ॥

टीका—दूसरी विधि. वंगका चौथा भाग अपामार्ग जिसको ऊंगा औ चिरचिरा औ अघाड़ी औ अपेडामार्ग कहते हैं. सो खपरमें अग्निप

चढाई अडी लोहकी करछीसें घोटता जाई. धीरे धीरे घोटनेसें जबतक भस्म न होई तबतक घोटना. फिरि एक जगह कीरिके खूब आंच देई. जब लाल अग्निसरीखा होई तब शीतल करि शरावसंपुटमें गजपुट देई तो श्वेतभस्म होई ॥ ८१ ॥ १० ॥ ११ ॥

अथवंगेश्वरविधिः ॥ भागचतुष्कंवंगंमृतंहि शंखंरसंविभागैकम् ॥ पृथग्द्विकंहरितालंकां जिकपिष्टंशरावसंपुटके ॥ १२ ॥ पुटेद्गजा ख्येयंत्रघनकुचयुग्मेनिशेशमुखिबाले ॥ वंगे श्वरोऽयमवलेवलदोनृणांहिरसिकानां ॥१३॥

टीका—अथ वंगेश्वरविधिः, वंगभस्म चारि तोला, शंखभस्म एक तोला, पाराभस्म एक तोला, हरिताल दो तोला, कांजीमें पीसिके शरावसंपुटमें गजपुट देइ तो वंगेश्वर होइ ॥ १२ ॥ १३ ॥

अथसामान्यगुणाः ॥ श्वसनमेहसमीरण नाशनःप्रदरशूलयकृत्कफपांडुहृत् ॥ भ्र मनिक्षयजिद्बलवीर्यकृत्सकलरोगहरःशु चिवंगकः ॥ १४ ॥

टीका—अथ साधारणगुण, श्वास, प्रमेह, प्रदर,

शूल, यकृत्, कफ, पांडु, भ्रम, उलटी, दाह, सर्व रोगनाशक और बल वीर्यका बढानेवाला है ॥ १४ ॥

अथवंगेश्वरगुणाः ॥ भ्रमतिमिरकफप्रमेहान् कासान्श्वसनपवनपित्तरक्तदोषान् ॥ ग्रहणिगदसशूलकुष्ठपांडुज्वरगदमपिहंतिवंगराजः ॥ १५ ॥

टीका–अथ वंगेश्वरके गुण. भ्रम, तिमिर, कफ, प्रमेह, कास, श्वास, वात, पित्त, रक्तदोष, संग्रहणी, शूल, कुष्ठ, पांडु, ज्वर इन रोगोंको हरे ॥ १५ ॥

अथापक्वदोषाः ॥ यद्यपक्वेभवेद्वंगंगुल्मकुष्ठप्रमेहकृत् ॥ वातशोणितमंदाग्निपांडुदौर्बल्यरुक्प्रदम् ॥ १६ ॥

टीका–अथ अपक्व दोष. अधपक्का वंग गुल्म, कुष्ठ, प्रमेह, वात, रक्त, मंदाग्नि, पांडु, निर्बलता इनके रोग करता है ॥ १६ ॥

अथतच्छांतिः ॥ मेषशृंगींसितायुक्तांयःसेवेतदिनत्रयम् ॥ वंगदोषविमुक्तोऽसौसुखंजीवतिमानवः ॥ १७ ॥

टीका–अथ वंगदोषकी शांति. जो मनुष्य मेढा-

सिंगी शक्करसंग तीनि दिन सेवन करै तौ वंगवि-
कार शांति होइ ॥ ९७ ॥

अथानुपानं ॥ कर्पूरेणयुतंवंगंहरत्यास्य
विगंधतां ॥ पौष्टिकेक्षीरसंयुक्तंजातीफ
लयुतंतुवा ॥ ९८ ॥

टीका—अथ अनुपान. कपूरसाथ वंग सेवन क-
रनेसें मुखदुर्गंध हरता है. दूधसंग वा जायफलसंग
पुष्ट करता है ॥ ९८ ॥

प्रमेहेतुलसीपत्रैःखादेद्वंगंप्रसन्नधीः ॥ गुल्मे
टंकणसंयुक्तंपांडुरोगेघृतेनच ॥ ९९ ॥

टीका—प्रमेहको तुलसीपत्रसें, गुल्ममें टंकणखा-
रसंग, औ पांडुरोगमें घृतसंग ॥ ९९ ॥

ऊर्ध्वश्वासेरक्तपित्तेनिशयाभक्षयेत्सुधीः ॥ पि
त्तेशर्करयाखादेन्मधुनावल्लवृद्धये ॥ १०० ॥

टीका—ऊर्ध्वश्वास औ रक्तपित्तमें हलदीसंग, पि-
त्तमें शक्करसंग, वल्लवृद्धीके वास्ते मधुसंग ॥ १०० ॥

वीर्यस्तंभायकस्तूर्यानागवल्लिदलेनवा ॥ मं
दाग्नौभगधाचूर्णकस्तूरीसंयुतंभजेत् ॥ १ ॥
कंकोलस्यरजोयुक्तंमंदाग्नौवाभजेन्नरः ॥ ख

दिरकाथसंयुक्तंवर्त्मरोगेप्रशस्यते ॥ २ ॥

टीका—वीर्यस्तंभनकेवास्ते कस्तूरी वा पानसंग, मंदाग्निमें पिपरी औ कस्तूरीसंग, अथवा कंकोल चूरणसंग, नेत्रके पक्ष्मरोगमें खैरके काढेमें ॥ १ ॥ २ ॥

धात्रीफलयुतंवापिपूगचूर्णसमन्वितम् ॥ सेवितंहरतेऽजीर्णरसोनेनास्थिगंज्वरम् ॥ ३ ॥

टीका—अजीर्णमें आमला वा सुपारीसंग, हाडगत ज्वरमें लहसनसंग ॥ ३ ॥

कुष्ठेसिंधुफलैःसार्धंनिर्गुंडीस्वरसेनवा ॥ कौब्जेपामार्गमूलेनश्लीपदेटंकणसंयुतम् ॥ ४ ॥

टीका—कुष्ठरोगमें समुद्रफल वा निर्गुंडीके स्वरसमें, कुबरोगमें, अपामार्गकी जडमें, औ श्लीपदरोगमें टंकणक्षारसंग ॥ ४ ॥

लिंगस्यसमुद्रफलरस्यांवंगंसंमर्द्यनागवल्लिजलैः ॥ प्रणयिप्रियेविलिंपतियदिलिंगंभवेद्विदीर्घतरम् ॥ ५ ॥

टीका—रूपम औ समुद्रफलसाथ वंग नागवेलीके पनरसमें मर्दन करिके लिंगमें लेप करै तो लिंग बडा होई ॥ ५ ॥

लवंगरोचनायुक्तंतिलकंजनवश्यकृत्॥ लवंगै
रंडमूलाभ्यांलेपश्चार्द्धावभेदके ॥ ६ ॥

टीका—लवंग औ गोरोचनसाथ तिलक करै तौ
जन वश्य होइ. लवंग औ एरंडमूल साथ लेप करै
तौ अर्द्धावभेद याने अधासीसी जाइ ॥ ६ ॥

यवानिकायुतंवातेवाजिगंधायुतंतुवा ॥ जलो
दरेप्यजाक्षीरसंयुतंगुणकृद्भवेत् ॥ ७ ॥

टीका—वातरोगमें अजमा वा असगंधसंग, ज-
लोदरमें बकरीके दूधसंग ॥ ७ ॥

पुत्रार्थिभिरासमीक्षीरैस्तक्राद्यंवातगुल्मनुत् ॥
कर्कटीस्वरसैःषंढोपुरुषत्वमवाप्नुयात् ॥ ८ ॥

टीका—पुत्रप्राप्तीकेवास्ते गायीके दूधमें, वातगु-
ल्ममें मठासंग, नपुंसककों काकडीके रसमें ॥ ८ ॥

अपामार्गरसैर्वंगशिरोरोगनिवारणम् ॥ क्षा
द्रकमालतीपत्रीलवंगैर्धातुदोषनुत् ॥ ९ ॥

टीका—मस्तकरोगमें अपामार्गके रसमें, धातुवि-
कारमें जावत्री जायफल लवंगसंग ॥ ९ ॥

जातीफलाश्वगंधाभ्यांकटिपीडानिवारणं ॥ र
सोनतैलयुक्तस्यमपस्मारनिषूदनम् ॥ १० ॥

टीका—कटिपीडामें जायफल औ अजगंधसंग, अपस्मारमें लहसुन औ तेल गुग्गुलसंग देना ॥१०॥

जातीफलंलवंगाढ्यंमधुनाकसनंजयेत् ॥ स्व रसात्स्वरसैर्वंगंवल्लंदाहिन्तृणामिदम् ॥ ११ ॥

टीका—कासमें जायफल लवंग मधुसंग, अथवा तुलसीरससें सेवन कियाः मनुष्यकों बल देता है ॥११॥

अथजसदविधिः ॥ तच्छोधनंवंगवत् ॥ अथमारणं ॥ जसदस्यतुपत्राणिकृत्वासूक्ष्मतराणिच ॥ तत्पादांशंहिंगुलंगंधकंदुग्धवि मर्दितं ॥ १२ ॥ लेपयेत्तेनपत्राणिशरावा भ्यांनिरोधयेत् ॥ गजाव्हेसंपुटेदेयंद्वादशोंत्र्य थवेपुटैः ॥ १३ ॥

टीका—अथ जसदविधिः इस शोधन वंगवत. अथ मारण, जसदके सूक्ष्म पत्र करे, तिसका चौथा भाग मनशील औ गंधक आंकडेके दूधमें मर्दन करिके पत्रों-कों लेप करि शरावसंपुटमें गजपुट देवे. ऐसें बारह पुटसें शुद्ध भस्म होता है ॥ १२ ॥ १३ ॥

अथान्यःप्रकारः ॥ जसदस्यचतुर्थांशंपारदं गंधकंक्षिपे ॥ मर्दयेत्तत्वल्वेत्सम्यक्कन्यानिं

रसैः पृथक् ॥ १४ ॥ लेपयेत्तेनपत्राणिगजा ह्वेपाचयेत्पुटे ॥ एवमेकपुटेनैवभस्मसाञ्ज सदृभवेत् ॥ १५ ॥

टीका—अथ दूसरी विधि. रसदपत्रके चौथा भाग पारा औ गंधक घीकुमारपाठेके रसमें खल करि फिरि निबूके रसमें खरल करि पत्रकि लेप करि शराव संपुटमें गजपुट दे तौ एक पुटमें भस्म होई ॥ १४ ॥ १५ ॥

मारयेद्वंगवद्वापिनागवद्वाविचक्षणे ॥ तेन भस्मत्वमायातिसर्वकार्यकरंभवेत् ॥ १६ ॥

टीका—अथवा वंग वा सीसाकी रीतिसें मारे सो मरै ॥ १६ ॥

अथसामान्यगुणाः ॥ त्रिदोषप्रमेहाग्निमांद्यर क्षिरोगानतीसारपित्तज्वराजीर्णकासान् ॥ वि बंधामवातंहरेद्भ्रांतिहेतुर्वमिंशूलरक्तातिज्वरास्र स्नुतीश्च ॥ १७ ॥

टीका—अथ साधारणगुण. त्रिदोष, प्रमेह, अग्नि-मांद्य, नेत्ररोग, अतिसार, पित्तज्वर, अजीर्ण, कास, विबंध, आमवात, भ्रांति, शूल, शीतज्वर, रक्ताति-सार इनकों नाश करै ॥ १७ ॥

अथापक्कदोषाः ॥ अपक्कंजसदंरोगान्प्रमेहा जीर्णमारुतान् ॥ दर्मिभ्रमंकरोत्येनंशोधये न्नागवत्ततः ॥ १८ ॥

टीका–अथ अपक्क दोष. अपक्क जसद प्रमेह, अ-जीर्ण, वात, शांति, भ्रम, इनको पैदा करता है ॥ १८ ॥

अथशांतिः ॥ बालभयांसिताद्युक्तांसेवयेद्यो दिनत्रयम् ॥ जसदस्यविकारोस्यनश्यमाया तिसत्वरम् ॥ १९ ॥

टीका–अथ शांतिः. बालहरड शक्करसंग तीनि दिन सेवन करे तो जसदविकार जाई ॥ १९ ॥

अथानुपानं ॥ जसदंभिषजांवसुदंत्वनेप्रव वदाम्यनुपानमहंसुखदम् ॥ त्रिसुगंधयुतंम सितंहरितंनिमलोद्भवमाशुनिहंतिगदं २०

टीका–अथ अनुपान. राज तमालपत्र, इलायची-साथ जसद त्रिदोषको नाश करता है ॥ २० ॥

अग्निमंथरसैर्हंतिवन्हिमांद्यंदुरासदं ॥ नेत्र रोगंगवाज्येनजीर्णंनैवांजनेकृते ॥ २१ ॥ अथवाळाख्यप्रातर्नेत्ररोगंहिव्युषा ॥ अ

हिवल्लिदलोऽपमवीटकेनप्रमेहनुत् ॥ २२ ॥

टीका—अग्निमांद्यमें अरनीके रसमें, नेत्ररोगमें जीर्ण गोमूत्रसें अंजन करे अथवा बासी थूकसें अंजन करे. प्रमेहमें पानके बीडासाथ खाई ॥ २१ ॥ २२ ॥

सतंडुलहिमैर्हंतिखर्जूरैर्मायुजंज्वरम् ॥ यवा निकालवंगाभ्यांयुतंशीतज्वरंजयेत् ॥ २३ ॥

टीका—पित्तज्वरमें चावलका हिम औ खजूरमें शीतज्वरमें अजमायन लवंग साथ ॥ २३ ॥

खर्जूरतंडुलहिमैरक्तातीसारनाशकृत् ॥ शर्क राजाजिसंयुक्तमतीसारंवमिंजयेत् ॥ २४ ॥

टीका—खजूर औ चावलके हिमसें रक्तातिसार जाई. अतिसार औ वांतीमें जीरा शकर साथ ॥ २४ ॥

यवानिकालवंगजीरकैःसशर्करैःशिवायुधा ख्यमामयंनिहन्तिवामलोचनेत्रिये ॥ यवा निकाकवोष्णनीरसंयुतंविबंधनुत्तथामवातनु यवानिकालवंगसंयुतं ॥ २५ ॥

टीका—शूलरोगमें अजमायन लवंग जीरा शकर-संग, विबंधरोगमें अजमायन औ गरम जलसंग, आ-मवातमें अजमायन लवंगसंग ॥ २५ ॥

माहिषीनवनीतेनप्रमेहंजयतिध्रुवं ॥ वर्द्धप
थ्येचगोधूमकर्पटीघृतसंयुता ॥ २६ ॥

टीका—प्रमेहमें भैंसके माखनसोंन तीनि रति सेवन करे, पथ्यमें भक्षन गेहूकी श्रीरोश जिसकौं डांगावाडी औ गाटोची कहते हैं सो घृतयुक्त खाई ॥ २६ ॥

यवनिकालवंगाभ्यामजीर्णकोष्ण
नीरयुक् ॥ मधुपिप्पलिसंयुक्तंकां
संजयतिसत्वरम् ॥ २७ ॥

टीका—अजीर्णमें अजवायन, लवंग औ गरम जल संग, कासमें मधु पिप्पलीसंग लेइ तौ शीघ्र कास जाइ ॥ २७ ॥

अथलोहविधिः ॥ तत्रलोहपरीक्षा ॥ यामोरु
त्रिविधंलोहंप्रवदंतिभिषग्वराः ॥ कांतंती
क्ष्णंतथामुंडंदिव्यमध्याधमंक्रमात् ॥ २८ ॥

टीका—अथ लोहविधिः, तत्र परीक्षा, लोह तीनि प्रकारका है, कांत, तीक्ष्ण, मुंड; क्रमसें दिव्य, मध्य, अधम है ॥ २८ ॥

कांतंश्रेष्ठलसंग्राह्यंकांताभावेतुतीक्ष्णकं ॥ मुं
डकंसर्वथात्याज्यंयतोदोषाहिमुंडके ॥ २९ ॥

टीका—सर्वमें कांत श्रेष्ठ है. कांत न मिले तौ तीक्ष्ण औ मुंडकों सर्वथा त्याग करना दूषित है इसतें ॥२९॥

चतुर्धाकांतमप्याहूरोमकंभ्राजकंप्रिये ॥ चुंच कंद्रावकंतेषांगुणाज्ञेयाययोत्तरं ॥ १३० ॥

टीका—कांतभी चारि प्रकारका है. रोमक,भ्राजक, चुंनक, द्रावक यथोत्तर एकसें एक श्रेष्ठ है ॥ १३० ॥

ताम्रवच्छोधयेल्लोहंविशेषात्रैफलेजले ॥ त्र योदशपलान्नोर्ध्वंतथापंचपलादधः ॥ ३१ ॥

टीका—लोहकी शुद्धि ताम्रवत् है. विशेष त्रिफलामें सात बेर बुझाना तेरह पलसें जादा न करना. पांच पलसें नीचा करना ॥ ३१ ॥

अथमारणं ॥ मृदुमध्यखरैर्भेदैर्लोहपाकस्त्रिधामतः ॥ शुष्कपंकसमोपूर्वोसिकतासदृशः खरः ॥ ३२ ॥

टीका—अथ मारण. मृदु मध्य खर भेदकरिके लोहपाक तीनि प्रकारका है. सूखा कीच-सरीखा मृदु औ मध्य है. बालूरेतसरीखा खर है ॥ ३२ ॥

गंधकितमयःपश्चंचन्होतंतपुनःपुनः ॥ मीनाक्षीस्वरसेक्लिस्त्वाय्यावत्तस्रोविशीर्यते ॥ ३३ ॥

ततःपारदगंधेनतुल्याभ्यांमर्दयेद्भिषक् ॥ मी नाक्षीदृपनिर्गुंडीरसैर्गजपुटान्मृतिः ॥ ३४ ॥

टीका—गंधक खटाईसें लेपन करिके अग्निमें ताव करिके छमीके रसमें बुझाता जाई. जहांतक पत्र फुटै नहीं. फिर पत्रके समभाग पारा गंधक मिलाई माछभी और निर्गुंडीके रसमें घोटि गजपुट देइ सो लोह मरे ॥ ३४ ॥

अथान्यःप्रकारः ॥ अयश्चूर्णवराकाथेकृत्वा गोलंपुनःपुनः ॥ गर्तेनिर्वातकेदेशेषोडशांगु लसंमिते ॥ ३५ ॥ पुटंदत्वात्रयत्नेनचतुः षष्टिपुटैरयः ॥ भस्मीभूतंविशालाक्षिपद्मरा गनिभंभवेत् ॥ ३६ ॥

टीका—अथ दूसरा प्रकार. शुद्ध लोहका चूरण त्रिफलाके काढेमें घोटिके संपुटमें रखिके सोलह अंगुल गैहिरे खाडेमें पुट देइ ऐसे चौंसठि ६४ पुट देई तो पद्मरागतुल्य रंग लोहभस्म होता है ॥ ३५॥३६॥

अथान्यः ॥ भागैकंपारदंकांतेद्विभागंगंधं कंशुचिम् ॥ तयोस्तुल्यमयश्चूर्णंमर्दये त्कन्यकाद्रवैः ॥ ३७ ॥ यामद्वयमिलंच

श्वास्थापयेत्ताम्रभाजने ॥ व्याघ्रपत्रैः समाच्छाद्य दोष्णं प्रहरद्वयात् ॥ ३८ ॥ स्थापयेच्च ततः पश्चाद्धान्यराशौ दिनत्रयं ॥ ततः संमर्दयेद्गाढमेवं वारितरं भवेत् ॥ ३९ ॥

टीका—अथ तिसरा प्रकार. एक भाग पारा, दो भाग गंधक, तीनि भाग लोहचूर्ण, घीकुमारपाठेके रसमें खरल करि ताम्रके पात्रमें रविके ऊपरसें एरंड-का पत्र ढकिके नीच सूर्यके तापमें दोपहर रखी देइ जब उष्ण होई तब अन्नकी राशीमें रखी छोडे. दिन तीनिपाछे निकासि खरल करे. पानीपर तिरेगा तब जान की भस्म भया ॥ ३७ ॥ ३८ ॥ ३९ ॥

अथसामान्यगुणाः ॥ मृगविलोचनिकुंजरगामिनि शृणुवदाम्यथ लोहगुणानहं ॥ सुविधिमारितमेव हरत्ययः क्रुमिसमीरणपांडुविषज्वरान् ॥ ४० ॥ भ्रमवमिश्वसनग्रहणीगदान् कफजराकसनक्षयकामलाः ॥ अरुचिपीनसपित्तप्रमेहकान् उदरगुल्मरुगामसमीरणान् ॥ ४१ ॥

टीका—अथ साधारण गुण. कृमिरोग, वातरोग,

पांडु, विष, ज्वर, भ्रम, वांते, श्वास, संग्रहणी, कफ, जरा, कास, क्षय, कामला, अरुची, पीनस, पित्त, प्रमेह, अर्श, गुल्म, आमवात जाते है ॥ ४० ॥ ४१ ॥

प्लीहस्थौल्यविनाशनंबलकरंकांताजनानं ददत्क्षीणत्वंविधुनोतिदार्ढ्यजनकंशोफापहं कुष्ठनुत् ॥ भक्तेशुद्धरसेंद्रसंयुतमिदंसर्वामयध्वंसनंकांताच्छ्रेष्ठरसायनंनहिपरं कांतेऽस्तिबिंबाधरे ॥ ४२ ॥

टीका–प्लीह, स्थूलता इनरोगोंको हरै. बलको बढावै, स्त्रीकों सुख देइ. क्षीणता मिटावै. शरीर निर्मल करै. सोजा दूरि करै. कुष्ठ हरै. जो शुद्ध पारेसंग सेवन करै तौ सर्व रोग जाइँ, लोहतें श्रेष्ठ और रसायन है नहीं ॥ ४२ ॥

अथापक्वदोषाः ॥ विषक्लिष्टंकरोत्येवंवीर्यंकांतिंनिहंतिच ॥ अपक्वंहियतोलोहं ततःसम्यग्विपाचयेत् ॥ ४३ ॥

टीका–अथापक्वदोष. अपक्व लोह विष औ जीवनितलाना पैदा करै. वीर्य औ कांतिकों नाश करै. इसवास्तै शुद्ध भस्म लेइ ॥ ४३ ॥

अथशांतिः ॥ खंडमाक्षिकसंयुक्तमेलाचूर्णदि नत्रयम् ॥ विकारोलोहजस्तस्यभुक्त्वानाशंस मानुयात् ॥ ४४ ॥

टीका—अथ लोहविकारशांतिः. खांड औ मधु साथ इलायचीचूर्ण तीनि दिन सेवन करै तौ लो- हविकार जाइ ॥ ४४ ॥

अथान्यः ॥ सिंधूत्थंत्रिवृताचूर्णसेवितंकोष्ण वारिणा ॥ लोहजाविकृतिस्तस्यविनश्यति नसंशयः ॥ ४५ ॥

टीका—अथ अन्यप्रकार. सेंधव लवण औ निशोत्तर चूर्ण गरम जलसें पिंवै तौ लोहविकार जाइ ॥४५॥

अन्यच्च ॥ सितयामधुनावापिब्वेत्तद्दू र्वारसंपिवेत् ॥ विकारंलोहजंत्यक्त्वा सुखमेवाहिजीवति ॥ ४६ ॥

टीका—अथवा दूर्वारस शक्कर वा मधुसंग पिंवै तौ लोहविकार जाइ ॥ ४६ ॥

अथलोहयोनिरक्षामंत्रः ॥ ॐअमृतोद्भवाय फट् ॥ अथलोहमर्दनमंत्रः ॥ ॐअमृतोद्भ वायस्वाहा ॥ अथबलिदानमंत्रः ॥ ॐनमश्चं

डवज्रपाणयेमहायक्षसेनाधिपतयेकुरुकुरुम
हाविद्याविलयस्वाहा ॥ अथ भक्षणमंत्रः ॥
ॐअमृतंभक्षयामिस्वाहा॥इतिमंत्राः॥ अथा
नुपानं ॥रसराजयुतंलोहंसर्वरोगेषुयोजयेत्॥
भार्ङ्गीत्रिकटुकक्षौद्रयुतंधातुविकारनुत् ॥४७

टीका—अथ लोहधोनेका मंत्रः, ओं अमृतोद्भवाय फट्. अथ लोहमर्दनमंत्रः ओं अमृतोद्भवाय स्वाहा, अथ बलिदानमंत्रः ओं नमश्चंडवज्रपाणये महायक्षसेनाधिपतये कुरु कुरु महाविद्याविलय स्वाहा. अथ भक्षण मंत्रः अमृतं भक्षयामि स्वाहा. इति मंत्राः अथानुपानं. सर्व रोगमें लोहभस्म पारासंग देना. धातुविकारमें भारंगमूल, सुंठी, मिरच, पिप्पली, मधुसंग देना ॥ ४७ ॥

रसगंधयुतंलोहंमाक्षिकेणकफप्रणुत् ॥ धातु
जांतसितासार्धंरक्तपित्तंजयेत्सुधीः ॥ ४८ ॥

टीका—कफरोगमें पारा, गंधक, मधुसंग रक्तपित्तमें तज, पत्र, इलायची, नागकेशर, शर्करासंग देना ॥४८॥

पुनर्भूरजसायुक्तंगोदुग्धेनबलप्रदं ॥ कफये
पीनसेपांडुसंडयेल्लोहमेवहि ॥ ४९ ॥

टीका—पत्ररहितैवासे पुनर्नवाके चूर्ण औ गा-,

टीका–अथ मंडूरविधि, जो गुण लोहमें है सो लोहकीटमेंभी है, लोहका कीट महेडेकी लक्डीको अग्निमें तपाई गोमूत्रमें सात बेर बुझावै ॥ ५३ ॥

निर्वाप्यचूर्णयेत्पश्चान्मर्दयेत्सुरभीजलैः ॥ एकेगजपुटेदत्त्वामंडूरंस्त्सर्वकार्यकृत ॥ ५४ ॥

टीका–फिरि चूरण करिके गोमूत्रमें खरल करी सुखाई गजपुट देई तौ शुद्ध मंडूर होई ॥ ५४ ॥

लोहवत्सर्वमास्यात्तंसेवनादिकमरखवै ॥ ताम्रवत्पित्तलंकांस्यंजानीयान्मारणादिषु ॥ ५५

टीका–इस मंडूरका गुण अवगुण शांति अनुपान लोहवत्, कांसा पीतलका मारना गुणादि अनुपान वगैरे ताम्रवत् जानना ॥ ५५ ॥

अथधातुसेविनोवर्ज्यानि ॥ राजिकामद्यमाषान्नंतैलमम्लरसंतथा ॥ पत्रशाकंनसेवेत लोहभक्षीकदाचन ॥ ५६ ॥

टीका–अथ धातु सेवनीवालेको वर्जनीय पदार्थ, राई मदिरा, उडदका व्यंजन, तेल, खटाई, पत्तेकी भाजी ॥ ५६ ॥

कुष्मांडंकदलीकंदंकरमर्दंचकांजिकं ॥ कार

चैल्लंकरीरंचपट्ककारादिकंत्यजेत् ॥ ५७ ॥
इतिश्रीपंडितरघुनाथप्रसादविरचितायामनु
पानतरंगिण्यांप्रथमा वीचिः ॥ १ ॥

टीका—कूष्माण्ड जिसको कोला औ कुम्हडा औ कूराभी कहते हैं औ केलेका कंद, करोंदा, कांजी, करेला, कौल इनको न खाई ॥ ५७ ॥

इतिश्रीमद्रमणविहारीकृतायांअनुपानतरंगिणीटी-
कायांनौकाख्यायांप्रथमकोष्ठकः ॥ १ ॥

अथोपधातुविधिः ॥ तत्रोपधातुसंख्या ॥ मा
क्षिकंतुत्थकंतालंनीलांजनमथाभ्रकं ॥ मनः
शिलाचरसकंप्राहुःसप्तोपधातवः ॥ १ ॥

टीका—अथोपधातुविधिः, तत्र उपधातुसंख्या. सोनामाखी १, नीलाथूथा जिसको मोरथूथा औ तुटि-याभी कहते हैं २, हरिताल ३, सुरमा ४, अभ्रक, ५, मनःशिला ६, खपरिया ७, ये सात उपधातु हैं ॥ १ ॥

तत्रादौहेममाक्षिकशोधनं ॥ भागत्रयं
कांचनमाक्षिकस्यसिंधूत्थभागैकमयःक
टाहे ॥ जंबीरनीरैःफलपूरजैर्वानीरैर्विपा
च्यंस्खलनेऽग्निनाद्वे ॥ २ ॥

टीका—तद्वां प्रथम सोनामाखीविधि. नम शोधन. तांबे भाग सोनामाखी, एक भाग सेंधा नोन, लोहेकी कडाईमें डारिके जंभीरी वा विजोराके रसके साथ पचावे ॥ २ ॥

यावत्कटाहं भजतेरुणत्वं तावद्विघट्टेदथलोहदर्व्या ॥ पश्चात्स्वयंशीतलतामुपेतमुक्तावशेषुदंसुरसेषुयोज्यम् ॥ ३ ॥

टीका—जबतक कडाह लाहलम होई तबतक लोहकी करछीसे घोटता जाई. फिरि उतारी ठंढा करपर रसक्रियामें युक्त करै ॥ ३ ॥

अथमारणम् ॥ कुलत्थस्यकषायेणतक्रेणमूत्रेणवामर्दयेत् ॥ तैलेनारनालेनाक्षितंकेर्वास्वर्णमाक्षिकम् ॥ ४ ॥

टीका—अथ सोनामखीमारण. सोनामाखीको कुलथीके काढेमें वा वकरेके मूत्रमें वा तेलमें वा छाछिमें खरल करै ॥ ४ ॥

पश्चात्संपुटकेरुद्ध्वापुटेद्गजपुटेर्हितत् ॥ रक्तवर्णमृतंसम्यक्सर्वकार्येषुयोजयेत् ॥ ५ ॥

टीका—फिरि शरावसंपुटमें रखिके गजपुट देवे तौ लाल भस्म होई सो सबकार्यमें युक्त करना ॥ ५ ॥

अथान्यःप्रकारः ॥ भागैकंगंधकंशुद्धंचतुर्भागंसुमाक्षिकं ॥ संमर्द्यैरंडतैलेनततोनागपुटेपुटेत् ॥ ६ ॥

टीका—अथ दूसरी विधि, एक भाग गंधक, चारिभाग शुद्ध सोनामाखी एरंडके तेलमें मर्दन करिके गजपुट देई ॥ ६ ॥

सिंदूराभंमाक्षिकस्यभसितंभवतिध्रुवम् ॥ अनेकैर्वैद्यशास्त्रज्ञैःकथितंप्रियवल्लभे ॥ ७ ॥

टीका—सो सिंदूरवर्ण माक्षिकभस्म होता है. ऐसा अनेक वैद्यशास्त्रज्ञ कहते हैं ॥ ७ ॥

अथगुणाः ॥ वृष्यंस्वर्यंहिचक्षुष्यंवयवाय्यपिरसायनं ॥ हंतिबस्त्यर्तिशोफार्शोमेहकुष्ठोदरक्षयान् ॥ ८ ॥

टीका—अथ स्वर्णमाक्षिकगुण. वाजीकरण है. स्वर शुद्ध होता है. नेत्ररोग हरता है. स्त्रीसंगकी रुचि वढाता है. रसायन है. वस्तिपीडा, शोफ, अर्श प्रमेह, कुष्ठ उदररोग, क्षय ॥ ८ ॥

पांडुरोगंविषंपित्तंकामलांचहलीमकं ॥ वातं वातात्मजःपुत्रंरावणस्ययथाऽहनत् ॥ ९ ॥

इतिशोधनमारणे ॥ अथगुणदोषौ ॥ तुत्थं भस्मकफंहंतिश्वासंकुष्ठंविषंकृमीन् ॥ चक्षुष्यंलेखनंभेदिशुद्धिहीनंहिदोषकृत् ॥ १६ ॥

टीका—अथ गुण औ दोष. तुत्थभस्म कफनाशक है. कडू, कुष्ठ, विष, कृमी हरता है. नैत्ररोग हरता है. फूली वगैरे काटता है. मलको फोडता है. औ अशुद्ध रोगकारक है ॥ १६ ॥

अथशांतिः ॥ जंबीरस्वरसंवापिलाजावारिसमन्विताः ॥ लामज्जकजलंवापिपिबेत्तुत्थकशांतये ॥ १७ ॥

टीका—अथ तुत्थविकारशांतिः. जमीरीका रस वा चावलको खीलें जिनकों कुरमुरा औ धानी औ लाईभी कहते हैं तिन्हें जलसंग सेवन करे वा खस जिसको वालाभी कहते हैं तिसका अर्क पिवे तौ तुत्थविकार शांति होय ॥ १७ ॥

अथानुपानं ॥ नवनीतयुतंकंडूविपकुष्ठनिवारणं ॥ कृमिरोगंविडंगेनतांबूलेनकफंजयेत् ॥ १८ ॥

टीका—अथ अनुपान. माखनसंग खाज, विष

कुष्ठ निवारण करता है. शयविडंगमें कृमिनाशक है. पानमें कफ हरता है ॥ १८ ॥

माक्षिकेणांजितंहंतिचक्षूरोगंसुदारुणं ॥ एरंडतैलसंयुक्तंभेदयेदिदमेवहि ॥ १९ ॥

टीका—मधुसंग अंजन करनेसें नेत्ररोग हरता है. एरंड तैलसंग रेचन है ॥ १९ ॥

अथहरितालविधिः ॥ तत्रशोधनं ॥ तालकं त्रिफलाकाथैस्वेदयेत्कांजिकेतथा ॥ कूष्मांड स्वरसैस्तैलेयामंयामंपृथक्कृवा ॥ दोलायंत्रेसुधानीरेशुद्धस्यात्सर्वकार्यकृत् ॥ २० ॥

टीका—अथ हरितालविधिः, तत्रशोधन, हरतालको त्रिफलाके काढेमें औ कांजीमें औ भूरा कुसटके रसमें, तेलमें न्यारा न्यारा पहरकी आंच दोलायनसें देना. अथवा चूनाके जलमें पहर चारि दोलायंत्रमें स्वेदन करना तो शुद्ध सर्व कार्ययोग्य होता है ॥ २० ॥

अथमारणं ॥ अश्वत्थस्वरसैस्तालंमर्दयेद्दिनविंशकम् ॥ गोलकंतुततःकृत्वाशोषयेदातपेद्दृढम् ॥ २१ ॥ पश्चात्कंडिश्वत्थमूलैं पूरयेदर्द्धकेदृढां ॥ शनैर्गोलंनिधायाथततोभू

तिंभपूरयेत ॥ २२ ॥ संयंत्र्यमुद्रयेत्पश्चाच्चु ह्र्यांसंस्थाप्यदीपयेत ॥ चतुर्यामावधिवन्हि स्वांगशीतंसमुद्धरेत् ॥ २३ ॥

टीका–अथ मारण. पीपरके रसमें बीस दिन हरिताल खरल करिके गोला बनाईके धूपमें खूब सुखाइलेइ ॥ २१ ॥ फिरि एक हंडीमें पिपरकी भस्म आधी भरे खूब दबाइके तिसपर गोला धरिके ऊपर वही भस्म फिरि दबाइके भरे ओ हंडीकों मुद्रा देके चूल्हेपर चढाई चारि पहर आंच देइ सीतल भये भस्म पुकासें निकाले ॥ २२ ॥ २३ ॥

अन्यःप्रकारः ॥ तालंपुनर्नवानीरैःपुटेदेक दिनंभिषे ॥ कृत्वातद्गोलकंपश्चाच्छोषयेदात पेसुधीः ॥ २४ ॥

टीका–दूसरी विधि. हरितालको पुनर्नवाके रसमें ए-क दिन खरल करिके गोला बनाई सुखावे ॥ २४॥

तद्गूल्यार्धंभृतेभांडेगोलकंन्यस्यपूरयेत् ॥ व र्षाभूभस्मनामुद्रांविदध्याचापिशोषयेत् २५

टीका–फिरि पुनर्नवाकी भस्म आधी हंडीमें भरिके ऊपरसें गोला धरिके फिरि भस्म दबाइकें भरि मुद्रा देके ॥ २५ ॥

चूल्यांखवेदयामांतमग्निदानात्सुनिश्चितं ॥ भवेद्भूतिस्तुग्रंजैकामक्षितारुग्विनाशिनी२६

टीका—चूल्हे चढाई चालीस ४० पहरकी आंचसें भस्म होता है. सो एक सर्व रोगहारक है ॥२६॥

अथान्यः ॥ द्रोणपुष्पीरसैर्भाव्यंतालकंन्यस्य यंत्रके ॥ उर्ध्वपातनकेदत्त्वावन्हिंयामचतुष्टयं ॥ २७ ॥ स्वांगशीतंतमुद्धाट्यचोर्ध्वलग्नं हितालकं ॥ गृहीत्वाभावयेत्पश्चात्पूर्ववत्पाचयेत्ततः ॥ २८ ॥ त्रिःसप्तपुटकैरेवंताल भूतिर्भवेद्ध्रुवं ॥ एवंहिकन्यकाद्रावैःशतकृत्वोविपाचयेत् ॥ २९ ॥

टीका—अथ तीसरी विधि. गूमाके रसमें हरिताल घोटिके डमरू यंत्रमें आंच देइ ठंडे भये पीछे ऊपरकी हांडीमें लगा छोड़ाइके फिरि घोटिके आंच देइ. ऐसें एकइस २१ आंचमें भस्म होता है. ऐसे ही कुमारिपाठेके रसमें सौ १०० आंचसें भस्म होता है ॥ २७ ॥ २८ ॥ २९ ॥

अथगुणाः ॥ हंतिवातामयान्सर्वान्कफपित्तयुद्भवान् ॥ हरितालंमृतंकुष्ठंप्रमेहंचैज्वरादिकान् ॥ १३० ॥

टीका-अथ हरिताललगुण, संपूर्ण वातरोग, औ कफरोग औ पित्तरोग, गुदाके रोग, कुष्ठ, प्रमेह औ ज्वरादिक सब रोग हरता है ॥ ३० ॥

अथाशुद्धदोषाः ॥ अशुद्धंपीतवर्णंयन्मृतंतालसधूमकम् ॥ वातपित्तामयान्कुर्याद्देहनाशंकरोतिच ॥ ३१ ॥

टीका-अथ अशुद्ध दोष, सो हरिताल अशुद्ध औ पीला औ अग्निपर डालनेसें धूवां देवै तो वात पित्तकुष्ठादिक रोगकारक औ देहनाशकभी है ॥ ३१ ॥

अथशांतिः ॥ कूष्मांडस्वरसंवापिनाथसांवनिषेचयेत् ॥ मातुलीस्वरसंवापिसितायुक्तंवरांगने ॥ ३२ ॥

टीका-अथ शांतिः, सफेद कुम्हडेका रस वा बथुआ वा कडुविजादेका रस खांडयुक्त देवै ॥ ३२ ॥

ससितंजीरकंवालेयःखादेद्दिनसप्तकं ॥ हरितालविकारेणमुक्तःस्यात्सुखसंयुतः ॥ ३३ ॥

टीका-जीरा शक्कर सात दिन भक्षण करै तो तालविकार मिटै ॥ ३३ ॥

अथानुपानानि ॥ तालहिंगारजोयुक्तंतक्रा

श्वेनयुतंतुवा ॥ वातास्रंकुष्ठकंहंतिचक्रपाणि र्यथाऽसुरान् ॥ ३४ ॥

टीका—अथ अनुपान. हरिताल्को गिलोइके चूरणमें वा काढेमें लेई तो वातरक्त जाई ॥ ३४ ॥

रक्तदोषंनिशायुक्तंतांबूलेनक्षयंजयेत् ॥ तद्व जलोदरातंकंहंतिसिंधुफलान्वितं ॥ ३५ ॥

टीका—हल्दीमें रक्तदोष, तांबूलमें क्षयरोग, समुद्रफलमें जलोदरको नाश करता है ॥ ३५ ॥

कुष्मांडस्वरसैःकंडुमुपदंशंभगंदरं ॥ विसर्पं मंडलंवातरक्तंविस्फोटकंजयेत् ॥ ३६ ॥

टीका—भूरे कुम्हडाके रसतें खुजली औ उपदंश, भगंदर, विसर्प, मंडल, कुष्ठ, वातरक्त, विस्फोटक हरता है ॥ ३६ ॥

पांडुक्षयज्वरान्हंतिहरितालंसितायुतं ॥ भुक्त्वापथ्यमश्नीतगोदुग्धांधःसितायुतं ॥ ॥ ३७ ॥ अंधः ओदनं ॥

टीका—शाकरसंग खानेसें पांडु, क्षय, ज्वर नाश करे है. परंतु पथ्य गाईका दूध औ शकरसग भात खाइ है ॥ ३७ ॥

अल्पाहारंप्रकुर्वीतनीरमल्पंप्रियेपिवेत् ॥सदुग्धालप्सिकांपीत्वाभक्षयेच्चसितोपलां॥३८॥

टीका–औ अल्प आहार करै. जल थोरा पिवै. औ दूधसंग लापसी पिवै. मिश्री खाई ॥ ३८ ॥

सायंतनाशनेखादेत्कृसरांलवणंविना ॥ वर्जयेत्प्रमदासंगंस्वपेद्धन्वंतरिंस्मरन् ॥ ३९ ॥

टीका–संध्याको अलोनी खिचडी खाई. स्त्री-संभोग त्यागै. सोवनेके वखत धन्वंतरिका स्मरण करिके सोवै ॥ ३९ ॥

शृंगबेरांबुनावातंशूलंसूतिगदंजयेत् ॥ कृसरांतघृतंखादेत्पथ्येदुग्धौदनंतुवा ॥ ४० ॥

टीका–वातरोग शूल सूतिकारोगमें अदरकके रसमें लेई अदरकको आदाभी कहता है. पथ्यमें घी खिचडी वा दूधभातभी खाता है ॥ ४० ॥

भेषजादनमरभ्यमुहूर्तद्वितयावधि ॥ पानीयंनपिवेद्धालेपिपासुरपिरोगवान् ॥ ४१ ॥

टीका–जिस बखत औषध खाय तबसें दोमुहूर्त पियास होई तौभी पानी न पिवै ॥ ४१ ॥

भृतशीताम्बुनातात्कमश्नन्पुरुषःपिवेत् ॥ स

न्निपातंवातगुल्मंवायुमर्धांगकंजयेत् ॥ ४२॥

टीका—अशक्त पुरुष शक्ति प्राप्तिकेवास्ते दूध ग- रम करि ठंढा करिके उसमें लेई औ इसी अनुपानसें स- न्निपात, वातगुल्म, वातरोग, अर्धांग इनमें देई ॥ ४२ ॥

निर्बलोबलसंप्राप्त्यैजातीफलसमन्वितं ॥ र क्तपित्तेनिशासार्धंवीर्यस्तंभायपर्णयुक् ॥४३

टीका—बलप्राप्तिकेवास्ते जायफलमें देई, रक्तपि- त्तमें हलदीसंग, वीर्यस्तंभनको पानमें ॥ ४३ ॥

ऊर्ध्वश्वासंशिशयुक्तंशुंठ्यालस्यंजये त्सुधीः ॥ त्रिसुगंधान्वितंतालमास्य दौर्गंध्यनाशनम् ॥ ४४ ॥

टीका—ऊर्ध्वश्वासमें हरदयुक्त, आलस्यमें सोंठी- संग, मुखदुर्गंध जानेकों तजपत इलायचीमें ॥ ४४ ॥

जलोदरमजामूत्रैःप्रमेहंस्वरसारसैः ॥ जाति पत्रीकुंकुमाभ्यांप्रतिश्यायंनिवारयेत् ॥ ४५ ॥

टीका—जलोदरमें बकरीके मूत्रसंग, प्रमेहमें तुल- सीके रससंग, जायपत्रीकेसरसंग प्रतिश्यायमें, जिसको जुकाम औ सर्दीभी कहते हैं ॥ ४५ ॥

अग्निमांद्यंजयेत्कांतेपिप्पलीमधुसंयुतं ॥ का

संक्षयंसितायुक्तंनाशयेद्विषमज्वरान् ॥ ४६॥

टीका—मंदाग्निमें मधु पिप्परीसंग, कास, क्षय, विषमज्वरमें शक्करसंग ॥ ४६ ॥

लवंगतजकर्पूरैर्वीर्यस्तंभायताख्यकम् ॥ गो क्षीरेणयुतंसेवेद्वीर्यवृद्धेथटस्तनि ॥ ४७ ॥

टीका—फिरि वीर्यस्तंभकेवास्ते लवंग, तज, कर्पूरसंग, वीर्यवृद्धिकेवास्ते गौके दुग्धसंग ॥ ४७ ॥

अथनीलांजनविधिः ॥ जंबीरस्यांबुनाभाव्यं नीलांजनमथातपे ॥ शोषयेन्नदिनैकमशुद्धि मायातिनिश्चितम् ॥ ४८ ॥

टीका—अथ नीलांजनविधि. सुरमाको जंभीरीके रसकी पुट देके एकदिन धूपमें सुखाइ देइ तो शुद्ध होता है ॥ ४८ ॥

अथान्यः ॥ सौवीरंकांजिकेस्विन्नंयामैकेनवि शुद्ध्यति ॥ अथगुणाः ॥ सौवीरंशीतलंग्राहि चक्षुष्यंमधुरंस्मृतम् ॥ सिध्मानंक्षयपित्तास्र कफंहंतिविशेषतः ॥ ४९ ॥

टीका—अथ दूसरी विधि. सुरमा एक पहर कांजीमें दोलायंत्रमें पचावै तो शुद्ध होई. अथ गुण. सुरमा शीत

ल है. ग्राही है. नेत्र निरोग करता है. मीठा है, सहुवो, क्षय, पित्त, रक्त, कफ इनको मारता है ॥ ४९ ॥

**नीलांजनमतीसारंग्रहणीमपिनाशयेत् ॥ काश्मीरनागफेनाभ्यामरविंदविलोचने ॥ ५० ॥**

टीका—औ केशर अफीमसंग संग्रहणी अतीसारकोंभी दूरी करता है ॥ ५० ॥

**समंवैपारदंनागंद्वयोस्तुल्यमयेंऽजनम् ॥ शुद्धकर्पूरकंबालेपारदापंचमांशकम् ॥ ५१ ॥ विमर्थखल्वकेसम्यग्अंजयेन्नेत्रयुग्मके ॥ नेत्रदोषविमुक्तःसन्सुखंसौंदर्यमाप्नुयात् ॥ ५२ ॥**

टीका—पारा सीसा समभाग, दोनोंके सम सुरमा, पारासें पंचमांश शुद्ध कपूर, सबको खरल करिके अंजन करे तो नेत्ररोग जाई ॥ ५१ ॥ ५२ ॥

**सौवीरसैंधवंकुष्ठंबीजान्येडगजस्यच ॥ विडंगंसर्षपान्पिष्ट्वाकांजिकेनप्रलेपयेत् ॥ सिध्मानंमंडलंकुष्ठंदद्रुमेवजयेत्क्षणात् ॥ ५३ ॥**

टीका—सुरमा, सैंधव लवण कुट जिसकों उपलेटभी कहते हैं, पमाडका बीज, बायबिडंग, सरसों, कांजीमें पीसिके लगावे तो सेहुवा, मंडल, कुष्ट, दाद इनको नाश करै ॥ ५३ ॥

**संक्षयंसितायुक्तंनाशयेद्विषमज्वरान् ॥ ४६॥**

टीका—मंदाग्निमें मधु पिप्पलीसंग, कास, क्षय, विषमज्वरमें शक्करसंग ॥ ४६ ॥

**लवंगतजकर्पूरैर्वीर्यवस्तंभायतालकम् ॥ गोक्षीरेणयुतंसेवेद्वीर्यवृद्धौघटस्तनि ॥ ४७ ॥**

टीका—फिरि वीर्यस्तंभकेवास्ते लवंग, तज, कर्पूरसंग, वीर्यवृद्धिकेवास्ते गौके दुग्धसंग ॥ ४७ ॥

**अथनीलांजनविधिः ॥ जंबीरस्यांबुनाभाव्यं नीलांजनमथातपे ॥ शोषयेच्चादिनैकमशुद्धि मायातिनिश्चितम् ॥ ४८ ॥**

टीका—अथ नीलांजनविधि. सुरमाको जंभीरीके रसकी पुट देके एकदिन धूपमें सुखाइ लेंह तौ शुद्ध होता है ॥ ४८ ॥

**अथान्यः ॥ सौवीरंकांजिकेक्षिप्तंयामैकेनविशुध्यति ॥ अथगुणाः ॥ सौवीरंशीतलंग्राहि चक्षुष्यंमधुरंस्मृतम् ॥ सिध्मानंक्षयपित्तास्त्रकफंहंतिविशेषतः ॥ ४९ ॥**

टीका—अथ दूसरी विधि. सुरमा एक पहर कांजीमें दोलायंत्रमें पचावै तौ शुद्ध होई. अथ गुण. सुरमा शीत

रु है. ग्राही है. नेत्र निरोग करता है. मीठा है, सहुवों, क्षय, पित्त, रक्त, कफ इनकों मारता है ॥ ४९ ॥

**नीलांजनमतीसारंग्रहणीमपिनाशयेत् ॥ काश्मीरनागफेनाभ्यामरविंदविलोचने ॥ ५०॥**

टीका—औ केशर अफीमसंग संग्रहणी अतीसारकोंभी दूरी करता है ॥ ५० ॥

**समंवैपारदंनागंद्वयोस्तुल्यमयेंऽजनम् ॥ शुद्धकर्पूरकंबालेपारदात्पंचमांशकम् ॥५१॥ विमर्द्यखल्वकेसम्यगंजयेन्नेत्रयुग्मके ॥ नेत्रदोषविमुक्तःसन्सुखंसौंदर्यमाप्नुयात् ॥ ५२ ॥**

टीका—पारा सीसा समभाग, दोनोंके सम सुरमा, पारासें पंचमांश शुद्ध कापूर, सबको खरल करिके अंजन करै तौ नेत्ररोग जाई ॥ ५१ ॥ ५२ ॥

**सौवीरसैंधवंकुष्ठंबीजान्येडगजस्यच ॥ विडंगंसर्षपान्पिष्ट्वाकांजिकेनप्रलेपयेत् ॥ सिध्मानंमंडलंकुष्ठंदद्रुमेवजयेत्क्षणात् ॥ ५३ ॥**

टीका—सुरमा, सैंधव लवण कुट जिसकों उपलेटभी कहते हैं. पमाडका बीज, वायविडंग, सरसी, कांजीमें पीसिके लगावै तौ सेहुया, मंडल, कुष्ठ, दाद इनकों नाश करै ॥ ५३ ॥

शर्कराज्यस्तुतंपित्तंकफंशुंठ्यभयागुडैः ॥५४॥

टीका–पित्तरोगमें घी शक्करसंग, कफरोगमें हरड गुड सोंठीसंग ॥ ५४ ॥

नीलांजनंकनकजंवरखंविशुद्धंहैयंगवेनसासितामधुनैकगुंजं ॥ खादेन्नरःक्षयनिपीडितआशुकांतिकांतिंलभेतविपुलंबलमंबुजाक्षि ५५

टीका–शुद्ध सुरमा एक रत्ती सोनेका वरख दोनोंको एकत्र करि माखनमिश्रि सहतसंग खाई तौ क्षयीरोग जाई ॥ ५५ ॥

अथाभ्रकविधिः ॥ तत्तुचतुर्विधं ॥ श्वेतंकृष्णंतथापीतंधूम्रवर्णंक्रमात्प्रिये ॥ ब्राह्मणंक्षत्रियंवैश्यंशूद्रंप्राहुर्भिषग्वराः ॥ ५६ ॥

टीका–अथ अभ्रकविधि. सो अभ्रक चारि प्रकारका है. श्वेत, कृष्ण, पीत, धूम्र. श्वेत ब्राह्मण, कृष्ण क्षत्रिय, पीत वैश्य, धूम्रवर्ण शूद्र ॥ ५६ ॥

कृष्णेहेमगुणान्प्राहुःश्वेतेरौप्यगुणानपि ॥ पीतेताम्रावंगादिगुणान्धूम्रंनिरर्थकम् ५७

टीका–कृष्णमें सोनेके गुण है. श्वेतमें रूपेके गुण है. पीतमें ताम्र, पित्तल वंगादिके गुण है. धूम्र निरर्थक है ॥ ५७ ॥

अन्यत्र ॥ नागंभेकंपिनाकाख्यंवज्र मभ्रंचतुर्विधं ॥ नागमग्नौसुसंतप्तं फूत्कारंकुरुतेभृशम् ॥ ५८ ॥ भेकाव्हं दार्दुरंशब्दंपिनाकंदलविस्तृतिम् ॥ वज्रमेववरंतेषांविकारंनयतोव्रजेत्॥५९॥

टीका—अभ्रमी भेद है. नाग १, भेद २, पिनाक ३, वज्र ४, ए चारि भेद है. नागजातिका अभ्रक अग्निमें तपाया फूंकार करते है. भेक मेडकका शब्द करता है. पिनाकके वरख फैलते है. वज्र ज्योंका त्यों रहता है सो श्रेष्ठ है ॥ ५८ ॥ ५९ ॥

गृण्हीयाच्चततोवज्रंजराव्याधिविनाशनम् ॥ कफवातकरंचाभ्रमशुद्धंमृत्युदंस्मृतं ॥ ६० ॥

टीका—इसवास्ते वज्रही ग्रहण करना. जो जराव्याधिका टालनेवाला है. जो अशुद्ध है सो कफवातका करनेवाला है ओ मृत्युकारक है ॥ ६० ॥

तस्माद्विशोधनंवक्ष्येविशेषामयनाशनं ॥ गगनंवन्हिसंतप्तंगवांक्षीरेविनिक्षिपेत् ॥ ६१॥

टीका—तिसवास्ते शोधन कहते हैं. जो विशेषरोगके रोग नाशक है. अभ्रक अग्निमें तपाइके गाइके दूधमें बुझाई लेना ॥ ६१ ॥

शर्कराज्ययुतंपित्तंकफेशुंठ्यभयागुडैः ॥५४॥

टीका—पित्तरोगमें घी शक्करसंग, कफरोगमें हरड गुड सोंठीसंग ॥ ५४ ॥

नीलांजनंकनकजंवरखंविशुद्धंहैयंगवेनलसितामधुनैकयुंजं ॥ खादेन्नरःक्षयनिपीडितआशुकांतिंकांतिलभेतविपुलंबलमंबुजाक्षि ५५

टीका—शुद्ध सुरमा एक रत्ती सोनेका वरख दोनोंको एकत्र करि माखनमिश्रि सहतसंग खाई तो क्षयरोग जाई ॥ ५५ ॥

अथाभ्रकविधिः ॥ तत्तुचतुर्विधं ॥ श्वेतंकृष्णंतथापीतंधूम्रवर्णंकमात्प्रिये ॥ ब्राह्मणंक्षत्रियंवैश्यंशूद्रंप्राहुर्भिषग्वराः ॥ ५६ ॥

टीका—अथ अभ्रकविधि. सो अभ्रक चारि प्रकारका है. श्वेत, कृष्ण, पीत, धूम्र. श्वेत ब्राह्मण, कृष्ण क्षत्रिय, पीत वैश्य, धूम्रवर्ण शूद्र ॥ ५६ ॥

कृष्णेहेमगुणान्प्राहुःश्वेतेरौप्यगुणानपि ॥ पीतेताम्रारवंगादिगुणानधूम्रंनिरर्थकम्५७

टीका—कृष्णमें सोनेके गुण है, श्वेतमें रूपेके गुण है. पीतमें ताम्र, पित्तल वंगादिके गुण है. धूम्र निरर्थक है ॥ ५७ ॥

अन्यच्च ॥ नागंभेकंपिनाकाख्यंवज्र मभ्रंचतुर्विधं ॥ नागमग्नौसुसंतप्तंफू त्कारंकुरुतेभृशम् ॥ ५८ ॥ भेकाभ्रं दार्दुरंशब्दंपिनाकंदलविस्तृतिम् ॥ वज्रमेववरंतेषांविकारंनयतोनजेत्॥५९॥

टीका—औरभी भेद है. नाग १, भेद २, पिनाक ३, वज्र ४, ए चारि भेद है. नागजातीका अभ्रक अ-ग्निमें तपाया फूत्कार करते है. भेक मेंडकका शब्द क-रता है. पिनाकके वरख फुलते है. वज्र ज्योंका त्यौं रहता है सो श्रेष्ठ है ॥ ५८ ॥ ५९ ॥

गृण्हीयाद्यततोवज्रंजराव्याधिविनाशनम् ॥ कफवातकरंचाभ्रमशुद्धंमृत्युदंस्मृतं ॥ ६० ॥

टीका—इसवास्ते वज्रही ग्रहण करना. जो जरा-व्याधिका टालनेवाला है. जो अशुद्ध है सो कफवातका करनेवाला है औ मृत्युकारक है ॥ ६० ॥

तस्माद्विशोधनंवक्ष्येविशेषामयनाशनं ॥ ग गनंवन्हिसंतप्तंगवांक्षीरेविनिक्षिपेत् ॥ ६१॥

टीका—तिसवास्ते शोधन कहते हैं. जो विशेष-करिके रोग नाशक है. अभ्रक अग्निमें तपाइके गा-इके दूधमें बुझाई लेना ॥ ६१ ॥

भिन्नपत्रंततःकुर्यात्तंडुलीयाम्लयोर्द्रवैः ॥ भा
वयेदष्टयामांतमेवमभ्रंविशुध्यति ॥ ६२ ॥

टीका–फिरि जुदे जुदे पत्रकरिके चांदुलिया जि-
सको चौलाईभी कहते हैं औ खटाईके रसमें आठ
पहर भिजाये रखना तो शुद्ध होता है ॥ ६२ ॥

पश्चात्कांजिकसंपिष्टंकंबलेव्रीहिसंयुतं ॥ ब
ध्वासंमर्दयेद्दाढंमद्भाण्डेकांजिकान्विते ॥ ६३ ॥

टीका–फिरि कांजीमें पीसिके चतुर्थांश व्रीहिसं-
युक्त कंबलमें बांधिके एक बासनमें कांजी भरिके
उसमें खूब मर्दन करना ॥ ६३ ॥

मर्दनाच्चद्रलेत्पात्रेधान्याभ्रंतंविदुर्बुधाः ॥ स
र्वथावदरक्वाथेनिःक्षिप्तंवह्नितापितम् ॥ मर्दि
तंसुदृढंशुष्कंधान्याभ्रादतिरिच्यते ॥ ६४ ॥

टीका–औ मर्दन करनेसें पात्रमें कम्बलके छिद्रनमें
होइके गिर सो धान्याभ्रसेंभी उत्तम होता है ॥ ६४ ॥

अथमारणं ॥ अर्कक्षीरेणसंपिष्टमभ्रंगोल
कीकृतम् ॥ सर्वेश्चार्कदलैःपश्चात्संपुटेत्संनि
रोधितम् ॥ ६५ ॥ पुटेत्गजपुटेनैवंसप्तवारंश्च

यत्नतः ॥ कपर्दिनीजटाकाथैर्देयंदत्त्वापुटत्रयं॥ रक्तवर्णंभवेदभ्रंसर्वकार्येषुयोजयेत् ॥ ६६ ॥

टीका—अथ मारण. अभ्रकको आंकडेके दूधमें खरल करिके गोला बनावे. फिरि आंकके पत्रऊपर लपेटिके संपुट करै ॥ ६५ ॥ फिरि गजपुट देई. ऐसे सात पुट देई. फिरि तीनि पुट वडको जटाके काढेकी देई तो लाल अभ्रक होता है. सर्व कार्यमें लेना ॥ ६६ ॥

अथान्यःप्रकारः ॥ मुस्ताशुंठ्योःपृथग्भागं षड्भागंशुद्धमभ्रकम् ॥ कांजिकाग्निरसैर्घस्रं मर्दितंपुटितंपुनः ॥ ६७ ॥

टीका—दूसरा प्रकार. नागरमोथा औ सोंठिका एक एक भाग छ भाग शुद्ध अभ्रकके कांजी औ अरनीके रसमें मर्दन करिके पुट देना ॥ ६७ ॥

मर्दयेत्त्रिफलाकाथैर्देयंदत्त्वापुटत्रयं ॥ बला नीरैश्चगोमूत्रैर्मुशलीशूरणद्रवैः ॥ ६८ ॥

टीका—औ तीनि गजपुट त्रिफलाके काढेमें देना. औ खरैंटी जिसको चिकणाभी कहते हैं इसके बीजको वलबीज कहते हैं. तिसके रसमें औ गोमूत्रमें मुसलीके रसमें शूरणके रसमें ॥ ६८ ॥

स्वरसास्वरसैरन्यैःपृथग्दलापुटत्रयम ॥ गगनंसुमृतंरक्तंशुभ्रंरम्यमिदंभवेत् ॥ ६९ ॥

टीका—तुलसीके रसमें इनमें तीनि तीनि पुट जुदे जुदे देई तौ मरा अभ्रक रक्तवर्ण रमणीक होता है ६९

अथान्यःप्रकारः ॥ वज्रीक्षीरैरर्कदुग्धैर्धत्तुरैर्वलाजलैः ॥ ब्राह्मीरुदंतीस्वरसैर्वासाग्निशाल्मलीद्रवैः ॥ ७० ॥ कूष्मांडस्वरसैरेवंदाडिमीसलिलैस्तथा ॥ वराक्वाथेनगोजिव्हासलिलैरमृताद्रवैः ॥ ७१ ॥ जातीगोक्षुरमेघनादकषायैर्वरीद्रवैः ॥ शंखपुष्पीरसैर्द्राक्षारसैर्मूलकजैरसैः ॥ ७२ ॥ राक्षसीतुलसीभृंगीविशालासलिलैरपि ॥ विदारीलतिकाभृंगीमदाक्वाथैःपृथक्पृथक् ॥ ७३ ॥ सेतिकातपनक्वाथैरुग्रगंधमृतेरपि ॥ सस्कृत्वोविशालाशिग्राचयेद्भ्रकंततः ॥ ७४ ॥

टीका—दूसरा प्रकार. सेहुड थूहरके दूधमें १, आंकडेके दूधमें २, गोमूत्रमें ३, खरैटीके रसमें ४, ब्राह्मी ५, दंती ६, अरूसा ७, चित्रक ८, सेमर ९, भूराकोहला १०, दाडीम ११, इनके

समें निफलाके काढेमें १२, गोभीके रसमें १३, गिलोयके रसमें १४, जाई १५, गोखरू १६, नागरमोथ १७, इनके इनके काढेमें बबईके रसमें १८, शंखाहुली १९, द्राक्ष २०, मूली २१, बबई जिसके बीजको तुकमरेहां औ तुख्मरेहांभी कहते हैं. २२, तुलसी २३, गोरखमुंडी २४, इंद्रवारुणी जिसको इंद्रायणभी औ इंद्रारुणभी कहते हैं २५, इनके रसमें विदारी कंदकी बेली २६, भल्भांगरा २७, धवईके फूल जिसको धाई औ धावडीभी कहते हैं २८, इनके काढेमें सोंग जिसको बरियालीभी कहते हैं २९, भिलावा ३०, लहसुन ३१, इनके काढेमें इन एकतीसी ३१, औषधीनसें न्यारा न्यारा खरल करि करि सात सात पुट देना. इसने दोसी दसपु २१७ होइंगे ॥ ७० ॥ ७१ ॥ ७२ ॥ ७३॥७४॥

वटारोहकषायेणकुकुंदरस्वरसैस्तथा ॥ कपिरथस्याम्लिकाचाश्वफलोद्भवरसेनच ॥ ७५॥ पृथग्विंशत्पुटैरेवंपाचयेद्गगनंततः ॥ निंबूकस्वरसैःपंचदशकृत्वोविपाचयेत् ॥ ७६ ॥ तरसंख्याकैःपुटैरेवंगुडदुग्धघृतैर्मिश्रितम् ॥ गर्वांदधियुतंतद्वत्खंडविमिश्रितम् ॥ ७७॥

पाचयेदभ्रकंशुद्धंरम्यंरक्ततरंभवेत् ॥ चंद्रिकारहितंशुद्धमशुद्धंस्यात्तदन्वितम् ॥ ७८ ॥

टीका—फिरि वडकी जटाके काढेमें वीस पुट १ औ कुकरौंधेके रसमें २ औ कैथके फलके रसमें जिसको कोटभी कहते हैं ३ औ आमलेके फलके रसमें ४ इन चारोंको बीस २० बीस पुट देई. फिरि निंबूके रसमें १ औ गुडयुक्त दूधमें २ औ गाइके दहीमें ३ औ बेदावरमें ४ इन चारोंमें पंदरह १५ पंदरह १५ पुट देई तौ रक्तवरण औ चमकरहित शुद्ध होता है. जो चमक होइ तो अशुद्ध है फिरिभी पुट देना चाहिए परंतु यह तौ निश्चंदही होता है ॥ ७५ ॥ ७६ ॥ ७७ ॥ ७८ ॥

पुटान्येवंसहस्राणिभिषग्बुध्याप्रदापयेत् ॥ अथवाकन्यकाद्रावैःपुटेद्वा रसहस्रकम् ॥७९

टीका—ऐसेही वैद्य अपनी बुद्धीसें हजार पुट देई, अथवा कुमारी पाठेके रसकी हजार पुट देई सोभी शुद्ध भस्म होता है ॥ ७९ ॥

अथगुणाः ॥ वातपित्तकफान्मेहकुष्ठश्वासविषभ्रमान् ॥ गुल्मकासक्षतक्षीणग्रहणींपांडुकामला ॥ भगंदरादिकान्हन्यादभ्रकमनवद्यम् ॥ ८० ॥

टीका—अथ गुण, वात, पित्त, कफ, प्रमेह, कुष्ट, श्वास, विष, श्रम, गुल्म, कास, क्षतक्षीण, संग्रहणी, पांडु, कामला औ भगंदर आदिक रोग दूरि करिके काम औ बलकों देता है ॥ ८० ॥

अथापक्कदोषः ॥ अपक्वमभ्रकंयत्स्यात्तथा चंद्रिकयान्वितम् ॥ करोतिविविधान्रोगा न्प्राणानपिक्षयंनयेत् ॥ ८१ ॥

टीका—अथ अपक्वदोष. जो अपक्व औ चमकयुक्त अभ्रक है सो नानाप्रकारके रोग करता है. औ प्राणनकाभी घातक होता है ॥ ८१ ॥

अथतच्छांतिः ॥ पिबेत्त्र्यंबुनापिबेत्कांसेधात्री फलमतंद्रितः ॥ अपक्वाभ्रविकारेणमुक्तःस्या द्दिवसत्रयैः ॥ ८२ ॥

टीका—इसवास्ते इसकी शांति कहते हैं. अथ शांति. आमला जलसें पीसिके तीनि दिन पिवे तौ अभ्रकविकार जाई ॥ ८२ ॥

अथानुपानं ॥ गुंजैकंवाद्विगुंजंवात्रि गुंजंगगनंनरः ॥ गुंजाचतुष्टयंवापि भक्षयेद्रोगशांतये ॥ ८३ ॥

टीका—अथ अनुपान, शुद्ध अभ्रकभस्म एक रत्ती वा दो वा तीन वा चाररत्ती बलदेखिके रोगशांतिके वास्ते भक्षण करना ॥ ८३ ॥

मधुपिप्पलिसंयुक्तं कासश्वासाग्निमांद्यभ्रमम् ॥ नाशयेत्कामलागुल्मं पांडुसंग्रहणीमपि ॥ ८४ ॥ कफक्षयं प्रमेहं च दलनोत्तमभूषणे ॥ वातपित्तकफान् कुष्ठं जीर्णज्वरमरोचकम् ॥ ८५ ॥

टीका—कास, श्वास, पित्त, भ्रम, कामला, गुल्म, पांडु, संग्रहणी, कफक्षय, प्रमेह, वात, पित्त, कफ, कुष्ठ, जीर्णज्वर, अरोचक इन रोगोंकी शांतिकेवास्ते मधु पिप्पलीमें ॥ ८४ ॥ ८५ ॥

विडंगत्र्यूषणैर्युक्तं वल्लमभ्रं निषेवितम् ॥ पांडुसंग्रहणीशूलक्षयश्वासारुचिप्रणुत् ॥ ८६ ॥ तथामकुष्ठमंदाग्निकोष्ठरुक्कासमेहनुत् ॥ नवकंजाधिशाल्यक्षिशुक्रबुद्धिविवर्धनम् ॥ ८७ ॥

टीका—पांडु, संग्रहणी, शूल, क्षय, श्वास, अरुची, आम, कुष्ठ, मंदाग्नि, कोष्ठरोग, कास, प्रमेह,

इन रोगोंमें वायविडंग, सोंठि, मिरच, पीपरी, इनके चूरणमें देई. औ इसी अनुपानमें धातु औ बुद्धीकी वृद्धि करता है ॥ ८६ ॥ ८७ ॥

शिलाजतुकणाचूर्णमाक्षिकैःसर्वमेहनुत् ॥ क्षयंस्वर्णान्वितंहंतिधातुवृद्धिंकरोतिच ॥८८॥

टीका—शिलाजित, पीपरीचूर्ण सहतसंग प्रमेहकों हरता है, क्षयकों सोनेके वरखसंग नाश करता है. औ धातु बढाता है ॥ ८८ ॥

कामस्यागुडसंयुक्तंवातलोहितकंजयेत् ॥ रक्तपित्तंनिहंत्यश्चंद्राविद्वीसितयान्वितम् ८९

टीका—वातरक्तमें गुड हरडसंग. रक्तपित्तमें इलायची शक्करसंग ॥ ८९ ॥

त्रिकटुत्रिफलात्रिसुगंधसितागजकेशरमाक्षिकसंयुतखम् ॥ यतिपांडुगदंक्षयमुत्पललोचनिसत्यथगाग्रसरेल्लने ॥ ९० ॥

टीका—सोंठी, मिरच, पीपरी, हरड, आमला, बहेडा, तज, पत्रज, इलायची, शक्कर, नागकेशर, सहत, इनका चूरण औ सहतमें अभ्रक लेई तो पांडु औ राजयक्ष्मा जाई ॥ ९० ॥

S. N. 20414

**भूधात्रीशर्कराख्यास्वदंष्ट्रैलाक्षीरसंयुतम् ॥ मू**
**त्रकृच्छ्रप्रमेहंचहंत्यन्नंनवयौवने ॥ ११ ॥**

टीका—भूआमला, शक्कर, गुखरू, इलायची, इनका चूर्ण औ गाइके दूधमें अनुक लेई तौ मूत्रकृच्छ्र प्रमेह जाई ॥ ११ ॥

**सितोपलाऽमृतासत्वयुक्तंमेहगणंजयेत् ॥ म**
**ध्वान्वयाभयारजोयुक्तंवीर्यकृन्नेत्ररोगहृत् १२॥**

टीका—प्रमेहमात्रमें गिलोइका सत्व, औ मिश्रिसंग. त्रिफलाका चूर्ण औ मधुघीसंयुक्त लेई तौ वीर्यवृद्धि होई औ नेत्ररोग जाई ॥ १२ ॥

**आरुष्करयुतंहन्यादर्शांसिविविधानिवै ॥ धा**
**तुस्तंभकरंभंगासंयुतंमधुरस्वरे ॥ १३ ॥**

टीका—भिलावायुक्त नानाप्रकारका अर्शरोग हरै. भांगसंग वीर्यस्तंभन करै ॥ १३ ॥

**भार्ङ्गीपौष्करविश्वाश्वगंधामध्वन्वितंजयेत् ॥**
**वातंकट्फलपांचालीमधुयुक्तंकफामयम् १४**

टीका—भारंगी, पुष्करमूल, सोंठी, असगंध, जिसको आसंधभी कहते हैं. इनका चूर्ण औ अनुक मधुसंग लेइ तौ वातकेरोग जाई. कायफल, पीपरी, मधुसंग लेई तौ कफरोग जाई ॥ १४ ॥

सर्वक्षारयुतंवह्निंदीपयेदलिकुंतले ॥ मूत्रकृच्छ्रंतथामूत्राघातकंघातयेद्ध्रुवम् ॥ ९५ ॥

टीका—सर्व क्षारोंमें लेई तो मंदाग्नि, मूत्रकृच्छ्र मूत्राघात जाई ॥ ९५ ॥

लवंगमधुसंयुक्तंशुक्रवृद्धिप्रदंप्रिये ॥ गोदुग्धशर्करायुक्तंपित्तातंकप्रणाशनम् ॥ ९६ ॥

टीका—लवंग औ मधुसंग लेई तौ धातुवृद्धि होई. गोदुग्ध औ शकरसंग पित्तरोग हरे ॥ ९६ ॥

अन्यान्रोगान्जयेद्युक्त्यागगनेनभिषग्वरः ॥ निश्चयंमृगशावाक्षिप्रिये प्राणकुमारिके ॥ ९७ ॥

टीका—और रोगोंको वैद्य अपनी बुद्धिसें अभ्रक अनुपानयुक्त करिके देई तौ जीते. हे प्राणकुमारी,यह निश्चै है ॥ ९७ ॥

अथमनःशिलाशुद्धिः ॥ अजामूत्रेशिलापाच्यादोलकेदिवसत्रयम् ॥ तप्तपात्रेततःपाच्याछ्णेकंचविशुद्ध्यति ॥ ९८ ॥

टीका— अथ मनःशिलाविधि. तत्रशुद्धि. मनसील बकरीके मूत्रमें दोलायंत्रमें तीनि दिन पचावे.

फिरि गरम खपरा या कुल्ही मा तवापर छिनभरि राखै तौ शुद्ध होई ॥ १८ ॥

अथान्यः ॥ शृंगवेरस्यतोयेनाऽगस्तिपत्रजं
द्रुनाऽथवा ॥ सप्तकृत्वःपृथग्भाव्यामनोह्वा
शुद्धिमृच्छति ॥ ९९ ॥

टीका–दूसरी औ तीसरी विधि. अदरैके रसमैं अथवा अगस्तीके रसमें सात भावना देई तौ शुद्ध होई ॥ ९९ ॥

अन्योपिप्रकारः ॥ गवांतक्रेणयामैकंमर्दना
च्छुभखल्वके ॥ नागमाताविशुद्धास्याच्छु
द्धिचैवंवरांगने ॥ १०० ॥

टीका–चौथी विधि. गाईके मठामें एक पहर खरल करै तौभी मनशील शुद्ध होता है ॥ १०० ॥

अथगुणाः ॥ ज्वरंनेत्रामयंश्वासंकासंभूतभ
यंकफम् ॥ कृच्छ्रंविषंमनोगुप्ताहंतिकुष्ठादि
कामयान् ॥ १ ॥

टीका–अथ गुण. ज्वर, नेत्ररोग, श्वास, कास, भूतपीडा, कफ, कृच्छ्र, विष औ कुष्ठादि रोगोंको हरता है ॥ १ ॥

अथानुपानं ॥ पिप्पलीनिंबफलाभ्यांशिलावि

मद्योसुकेरिवाछरसैः ॥ गुटिकाज्वरमयघ्नी त्रिदोषभूतंज्वरंनिहंत्येव ॥ २ ॥

टीका—अथ अनुपान. पीपरी, नींबके फल, मनशील फोलाके रसमें घोटिके चनाप्रमाण गोली त्रिदोषज्वरमें देना ॥ २ ॥

शिलायाद्विगुणंशंखमर्धमारीचकंरजः ॥ सैंधवंस्याच्चतुर्थांशं चूर्णनेत्रगदापहम् ॥ ३ ॥

टीका—मनःशिला एक भाग, शंख दोभाग, मिरच मनशीलसें आधा, सैंधवलोन मिरचसें आधा भाग इनका सूक्ष्म चूरन नेत्ररोगकों नाश करता है ॥ ३ ॥

शुक्रंतिमिरकंहंतिमाक्षिकेणचपिच्चटम् ॥ अर्बुदंदधितोयेनकंजाक्षिश्रमदोत्तमे ॥ ४ ॥

टीका—फूली तिमिर सहतसंग हरता है. औ चिपकापनभी जाता है. दहीके पानीसें अर्बुदरोग हरता है ॥ ४ ॥

कणामरिचसंयुक्ताशिलापिष्टांबुनांजिता ॥ भूतावेशहरानेत्रेसन्निपातज्वरापहा ॥ ५ ॥

टीका—पीपरी मिरचसंग जलमें पीसि गोलि करिके अंजन करनेसें भूत औ सन्निपात जाता है ॥ ५ ॥

भार्ङ्गीविश्वान्वितंश्वासंविषंस्वर्णंसमन्वितं ॥

वासकस्वरसव्योषैःकफंकासंजयेच्छिशा ॥६॥

टीका-बालकों मारगी सोंठिसंयुक्त सोनलगा विषकों; सोंठी, मिरच, पीपरी, अडूसेके रसमें कफ औ कासकों हरतो है ॥ ६ ॥

शिलैलार्जुनकासीसगृहधूमाब्दसर्जकैः ॥ स रोध्ररोचनैर्लेपःसर्षपस्नेहसंयुतः ॥ ७ ॥ कि ट्टसंकिटमंददुकुष्ठंपामांभगंदरम् ॥ इंद्रलु समथार्शांसिहन्त्यादेवनृणामियम् ॥ ८ ॥

टीका-मनशील, इलायची, अर्जुनवृक्ष जिसकों कौहामी कहता है तिसकी छाल, कासीश, घरका धुवां, नागरमोथ, राल, लोध, गोरोचन सरसोंका तेल लेप करनेसें किटकरोग, किटभरोग, दाद, कुष्ठ, खाज, भगदर, इन्द्रलुप, अर्श इतने रोग जाते हैं ॥ ७ ॥ ८ ॥

अथाशुद्धदोषास्तच्छांतिश्च ॥ अशुद्धाकुरुते कुर्याद्धातिभ्रांत्यादिकानृगदान् ॥ तच्छांत्यै त्रिदिनंपीत्वामधुभिरेविशुध्यति ॥ ९ ॥

टीका-अथ अशुद्ध दोष औ शांतकी शांति. अशुद्ध मनशील करती भ्रांत्यादि रोग, करता है. तिसकी शांतिक्यास्ते तीनि दिन मधु हुए पीवे ॥ ९ ॥

अथखर्परशुद्धिः ॥ रसकंनरमूत्रेणपा
चयेद्दिनसप्तकम् ॥ दोलकेवाथगोमू
त्रेशुद्धिमायातिखर्परः ॥ ११० ॥

टीका—अथ खपरियाशुद्धि. खपरियाको दोलायंत्र-
करिके मनुष्यके मूत्रमें सात दिन पचावे अथवा गो-
मूत्रमें पचावे तो शुद्ध होई ॥ ११० ॥

अथगुणाः ॥ रसकोहरतेरोगानरक्त
दोषंगुदामयम् ॥ जीर्णज्वरमतीसा
रंप्रदरादिगदानपि ॥ ११ ॥

टीका—अथ गुण. खपरिया गुदाके रोग, जीर्णज्व-
र, अतिसार, प्रदर इत्यादि रोग हरता है ॥ ११ ॥

अथदोषास्तच्छांतिश्च ॥ अशुद्धाद्रसकाद्रो
गाजायंतेचेत्कथंचन ॥ गोमूत्रेणशमंयांति
प्रकाशेनयथातमः ॥ १२ ॥

टीका—अथ दोष औ शांति. जो अशुद्ध खपरि-
या सेवन करे तो अनेक रोग होई, तौ गोमूत्र पी-
नेसे शांत होते हैं ॥ १२ ॥

अथानुपानं ॥ एकांशंमरिचंचूर्णंद्व्यंशोरस
कस्यच ॥ तद्वयोरष्टमांशेननवनीतेनमर्दयेत्

त् ॥ १३ ॥ पश्चान्निंबुकनीरेणघृतंयावन्निग
च्छति ॥ मर्दयेत्ततःकृत्वानटींवल्लमितामि
चम् ॥ १४ ॥ कणमाक्षिकसंलीढानाशये
द्विषमज्वरान् ॥ ज्वरंधातुस्थितंघोरमर्शांसि
प्रदरंतथा ॥ १५ ॥ जीर्णज्वरंनेत्ररोगंपित्त
तिरक्तवैकृतिम् ॥ रक्तातीसारकंहन्यात्पथ्ये
क्षीरोदनंहितम् ॥ १६ ॥

टीका—अथ अनुपान. एक भाग मिरचका चूर्ण, दोनभाग खपरियाके, दोनोंके आठवे अंश गाईके माखनमें, मर्दन करे. पीछे नींबूके रसमें मर्दन करे जबतक घी न सूखा होई जब चिकनई जाती र तब रत्ती तीनिकी गोली बनावे. गोली एक मधु पी परिसंग खाई तौ विषमज्वर, धातुगतज्वर, अर्श प्रदर, जीर्णज्वर, नेत्ररोग, पित्तरोग, रक्तविकार, र क्तातिसार इतने रोग जाई. पथ्यमें दूधभात अथवा दूधरोटी देना ॥ १३ ॥ १४ ॥ १५ ॥ १६ ॥

इतिश्रीपंडितरघुनाथप्रसादविरचितायां अनुपानतरंगिण्यांसुपधात्वनुपानकथनेद्वि तीयावीचिः ॥ २ ॥

टीका—इति श्रीरमणविहारिकृतायामनुपानतरंगिणीटीकायां नौकाख्यायां द्वितीयः कोष्टकः ॥ २ ॥

## अथरसशोधनमारणानुपानानि
## तत्र पारदविधिः तत्रादावुत्पत्तिः ॥

यदादेवाविधिंगत्वातारकासुरपीडिताः ॥ तदोवाचामरान्ब्रह्माशृणुतादितिनंदनाः ॥१॥

टीका—अथ रसोंका शोधन, मारण, अनुपान, कहते हैं. तहां प्रथम पारेका कहते हैं, तहांभी प्रथम पारेकी उत्पत्ति कहते हैं. जब देव तारकासुरदैत्यकरिके पीडित होते भए, तब ब्रह्माके पास जायके विज्ञापन करते भए की, हे महाराज, हमकों तारकासुर अति दुःख देता है. तब देवतोंसें ब्रह्मा बोले की, हे अदितिके पुत्र तुम सुनो ॥ १ ॥

शिवशुक्रोद्भवेनायंमरिष्यतिरिपुर्हिवः ॥ तदादेवाःसमाजग्मुःशंकरंलोकशंकरम् ॥ २ ॥

टीका—महादेवके वीर्यसें उत्पन्न भए पुत्रसें तुह्मारा शत्रु तारकासुर मरेगा. ऐसा सुनीके देवता महादेवजीके पास गए ॥ २ ॥

विवाहंकारयामासुःपार्वत्यासहधूर्जटेः ॥ पश्चात्तयोर्गतःकालःसुरतंकुर्वतोर्महान् ॥ ३ ॥

टीका—श्री शिवका विवाह पार्वतीके संग करा-
वते भये, फिरि शिव पार्वतीकों सुरत करते करते
बहुत काल वितीत भया ॥ ३ ॥

**तदाग्निंहिपुरस्कृत्यदेवाजग्मुस्त्रिलोचनम् ॥**
**दृष्ट्वातान्व्रीडितादेवीहित्वात्यक्त्वारतोत्सुका ४**

टीका—तब सब देवता अग्निकों अग्रकरिकै शिव-
जीके पास गए तब पार्वती देवतनकों देखिके लज्जा
करिके महादेवकों छोडिके अलग जाई बैठी, परंतु
मनमें सुरत इच्छा बनी रही ॥ ४ ॥

**रेतोऽपतत्तदाभूमौतद्गृहीत्वाहुताशनः ॥ ते**
**नतश्चपुनःक्षिप्त्वादिक्षुभूम्यांपृथक्पृथक्॥५**

टीका—तब महादेवका वीर्य पृथ्वीपर पडता भया,
सो वीर्य अग्निने ग्रहण किया. फिरि उस वीर्यके तेज-
करिके तप्त भया अग्निने चारों दिशोंके विषे पृ-
थ्वीमें डालि दिया ॥ ५ ॥

**तत्रजातोरसःकांतेकांताधररसप्रिये ॥ गौरी**
**शापउदीच्यादित्रिदिशास्थोनकार्यकृत् ॥६॥**

टीका—तहां पारा उत्पन्न भया, सो पारा पार्वती-
की शापकरिकै उत्तर पूर्व दक्षिण दिशामें स्थित
पारद किया योग्य नहीं है ॥ ६ ॥

पश्चिमायांतुयज्जातःसरसःसर्वसिद्धिदः ॥
एषोत्पत्तिःसमाख्यातारसज्ञेस्यरसस्यवै॥७॥

टीका—जो पश्चिममें पैदा भया सो सर्व कार्य योग्य है. हे रसके जाननेवाली प्यारी, यह पारेकी उत्पत्ति कही ॥ ७ ॥

वर्णभेदंप्रवक्ष्यामितंशृणुष्वसमाहिता ॥
श्वेतोविप्रोविशालाक्षिरक्तस्यात्क्षत्रियः
प्रिये ॥ ८ ॥ पीतवर्णोरसोवैश्यःश्यामः
शूद्रोऽलिकुंतले ॥ ब्राह्मणःश्रेष्ठएतेषांशो
धितःसर्वरोगहृत् ॥ ९ ॥

टीका—अब वर्णभेद कहता हूँ सो सावधान व्हैके सुनो. हे विशालनेत्रे, श्वेत पारा ब्राह्मण है. रक्तवर्ण क्षत्रिय है. पीवला वैश्य, औ श्याम शूद्र है इनमें ब्राह्मण श्रेष्ठ है. शुद्ध भयेसें सर्व रोग हरता है ॥ ८ ॥ ९ ॥

अथरसेदोषाः ॥ नागोवंगोऽग्निचांचल्यमस
ह्याग्निर्विषंमलम् ॥ गिरिश्चैतेमहादोषारसे
ऽशुद्धेवदंतिहि ॥ १० ॥

टीका—अब पारेके स्वाभाविक दोष कहते हैं. नाग १, वंग २, अग्निमें रखनेसें चंचलता ३, औ अग्नि-

कों नलदना ४, विप ५, ठिठ ६, पर्वतका भाग ७, ए सात दोप अशुद्ध पारेमें सदा रहते हैं ॥ १० ॥

अशुद्धोजाड्यतांकुष्ठंदाहंवीर्यप्रणाशनं ॥ मूर्छांस्फोटंचमृत्युंचक्रमात्कुर्यान्मलैरसः ॥११

टीका—अथ दोषोंका कार्य. अशुद्ध पारा इतने रोग करता है. नागसें जडता १, वंगसें कुष्ठ २, अग्निकी चंचलतासें दाह करता है ३, अग्निकी असह्यतासें वीर्यनाश करता है ४, विपसें मूर्छा ५, मैलसें देहपें फोडे ६, पर्वतके भागसें मृत्यु करता है ७. इति ॥ ११ ॥

अथतच्छोधनं॥ दरदंनिंबुनीरेणदिनमेकंवि मर्दयेत् ॥ ऊर्ध्वपातनकेयन्त्रेनिर्ह्रिदुत्वात्रिया मकम् ॥ १२ ॥ स्वांगशीतिसमुद्धाद्यलभ्रसू ध्वंरसंनयेत् ॥ पुनर्विवस्त्रनिर्वीर्यारसैर्यामंवि मर्दितः ॥ कंचुकैर्नागवंगाद्यैर्मुक्तःस्यात्पार दोत्तमः ॥ १३ ॥

टीका—अब शोधन कहते हैं. हिंगलूकों निंबूके रसमें एक दिन मर्दन करना, फिर ऊमरूयंत्रमें तीन पहरकी आंच देना. फिर आपसें ठंडे होनेपी छे ऊपरके भागमें लगा पारा ले लेना, फिर निंब का

निंबूके रसमें एक पहर मर्दन करनेसें नागवंगादिक कां-चलीसें छूटा पारा शुद्ध होता है ॥ १२ ॥ १३ ॥

अथान्यः ॥ रसोनराजिकेपिष्ट्वामूषायुग्मंप्रकल्पयेत् ॥ तत्रसूतंप्रसंरुध्यस्वेदयेत्कांजिकैस्त्र्यहम् ॥ १४ ॥

टीका—दूसरा प्रकार. लहसून औ राई पीसिके दो मूसी बनावै. मूसिकों घरियाभी कहते हैं. उन मूसिके संपुटमें पारेकों बंद करिके कांजीमें दोलायंत्र करिके स्वेदन करै ॥ १४ ॥

ततःकुमारिकानीरैर्मर्दयेद्धारसंरसम् ॥ चित्रकस्वरसैःपश्चाद्धारसंमर्दयेत्ततः ॥ १५ ॥ काकमाचीद्रवैर्धस्त्रंवराकाथैस्ततोदिनम् ॥ ततस्तेभ्यःसमुद्धृत्यरसंप्रक्षाल्यकांजिकैः ॥१६

टीका—फिरि कुमारिपाठेके रसमें एक दिन खरल करै. फिरि एक दिन चित्रकके रसमें खरल करै. फिरि एक दिन काकमाचीके रसमें जिसको मकोई औ पोचूंडीभी कहते हैं. फिरि एकदिन त्रिफलाके काढेमें खरल करिके कांजीसें धोवै ॥ १५ ॥ १६ ॥

ततःखल्वेविनिःक्षिप्यतदर्धसैंधवान्वितम् ॥ दिनैकंनिंबुनीरेणमर्दयेदयिवल्लभे ॥ १७ ॥

टीका—फिरि पारासें आधा सैंधव मिलाइके नीं-
बूके रससंयुक्त एक दिन खरल करै ॥ १७ ॥

ततःसूतसमानेतान्गृहीत्वाम्लपलादरम् ॥ रा
जिकांचरसोनंचप्रियंचैतेस्तुषांबुधा ॥ १८ ॥
संमर्द्यचक्रियांकृत्वाशोषयित्वाप्रलेपयेत् ॥ हिं
गुनाशोषयेत्पश्चादूर्ध्वंपातनकेन्यसेत् ॥ १९ ॥

टीका—फिरि पारेकी बरोबर नवसागर, राई, लह-
सून इनकों लैके इनमें मर्दन करिके टिकिया बना-
इके सुखावे, फिरि हिंगुलेपन करे, फिरि सुखाइके
ऊर्ध्वपातनमें धरै ॥ १८ ॥ १९ ॥

तांचक्रिकामधस्थाल्यांप्रवेल्लवणेनहि ॥ अ
धःस्थालींततोमुद्रांदद्यादुत्तरांबुधः ॥ २० ॥

टीका—नीचेकी हांडीमें वह टिकडी धरिके औ
उस हांडीकों लवणसें भरि देई. फिरि ऊपर मुद्रा देई ॥ २० ॥

विशोष्यस्थापयेच्चुल्ल्यामधोवह्निंप्रयामकं ॥
दद्यात्तीव्रंसुपर्यंबुनिषिंचेत्सुप्रयत्नतः ॥ २१ ॥

टीका—फिरि सुखावै, सूखे पीछे चूल्हेपर रखिके
तीनि पहर तीव्र अग्नि देई, औ उपरकी हांडी ज-
लसें सावधानसाथ भीजी रहै ॥ २१ ॥

स्वांगशीतंसमुद्घाट्यातिर्यक्कृत्वाप्रयत्नतः ॥

**अधोर्ध्वभांडसंलग्नंगृण्हीयाद्रसमुत्तमं॥२२॥**

टीका—स्वांगशीतल भये पीछे तिरछी करिके यत्न-सैं खोलै. उपरकी हंडीमें लगा शुद्ध पारा लेलेई॥२२॥

**पश्चाद्दृढप्रकर्षाय स्वेदयेद्दोलयंत्रके ॥ सिंधूत्थचूर्णगर्भस्थं वस्त्रे बद्धोत्तमो रसः ॥ २३ ॥**

टीका—फिरि सैंधवके चूर्णके बीचमें रखिके वस्त्रमें बांधिके दोलायंत्रमें केवल जलसैं स्वेदन करै, तौ पारा बलवान होता है ॥ २३ ॥

**अथरसजारणं ॥ तत्रसामान्यतःषड्गुणबलिजारणम् ॥ ससूतमल्पकंभांडंवालुकायंत्रकेन्यसेत् ॥ षड्गुणंगंधकंतत्रक्षिपेदल्पाल्पकंशनैः ॥ २४ ॥**

टीका—अथ रसजारण, तहां सामान्यसैं छ गुना गंधक जारण कहते हैं. छोटे मृत्तिकाके पात्रमें पारा रखिके वालुकायंत्रमें धरै. फिरि छ गुना गंधक थोरा थोरा उपरसैं डारता जाई ॥ २४ ॥

**द्रवीभूतबलिज्ञात्वाशीघ्रमुत्तार्ययत्नतः॥स्वांगशीतेदृढेगंधेस्फोटयित्वानयेद्रसम् ॥ २५॥**

टीका—जब गंधक गलिजाई तब धीरेसैं उतारि

लेई. जब ठंढा होई तब गंधकको फोरिके शुद्ध पारा निकासि लेई ॥ २५ ॥

सर्वरोगहरःसूतोहरःपापहरोयथा ॥ पतिप्राणप्रियेकांतेयत्तेहरिहरार्चने ॥ २६ ॥ ( यत्रासावभावा ) ॥

टीका—सो पारा सर्व रोगका हरनेवाला है, जैसे महादेव सर्व पाप हरनेवाला है ॥ २६ ॥

अथषड्गुणगंधकजारणफलं ॥ समांशेगंधकेजीर्णेशुद्धाच्छतगुणोरसः ॥ गंधकेद्विगुणेजीर्णेसर्वकुष्टनिषूदनः ॥ २७ ॥

टीका—अब छगुणगंधक जारणेका फल. पारेके समान गंधक जीर्ण होनेसें शुद्धसेंभी सौ गुण उत्तम पारा होता है, दूना गंधक जीर्ण होनेसें कुष्टनाशक होता है ॥ २७ ॥

गंधकेत्रिगुणेजीर्णेजाड्यहारसउत्तमः ॥ जीर्णेचतुर्गुणेगंधेवलीपलितजिद्रसः ॥ २८ ॥

टीका—तिगुण गंधक जीर्ण होनेसें जडताकों हरता है. चौगुणा जीर्ण होनेसें वलीपलितनाशक होता है ॥ २८ ॥

**गंधेबाणगुणेजीर्णेक्षयक्षयकरःशिवः ॥ गंधे रसगुणेजीर्णेसर्वांतिकप्रणाशनः ॥ २९ ॥**

टीका–पंचगुण जीर्ण होनेसें क्षयरोगहारक होता है. छगुण गंधक जीर्ण होनेसें सर्व रोगहारक होता है ॥ २९ ॥

**सत्यंसत्यंशिवोदेवींमुवाचस्वप्रियामये ॥ त्वां वदाम्यरविंदाक्षिहितायजगतामपि ॥ ३० ॥**

टीका–हे प्राणकुमारि, यह सत्य है. शिवजीनें आपकी प्रिया पार्वतीसें कहा है. मैंभी जगतके उपकारके वास्ते तुमसें कहता हूं ॥ ३० ॥

**जारणस्यचिशालाक्षिशृणुमाहात्म्यमुत्तमम् ॥ सर्वपापेप्रणष्टेहिप्राप्यतेसूतजारणम् ॥ ३१ ॥**

टीका–अब जारणको माहात्म्य सुनो. जब सर्व पाप नष्ट होते हैं तब पारेका जारण प्राप्त होता है ॥ ३१ ॥

**तस्मिन्प्राप्तेहिविज्ञानंप्राप्यतेमुक्तिलक्षणं ॥ यथासूर्योदयेप्राप्तेप्रकाशःप्राप्यतेजनैः ॥ ३२**

टीका–तिसके प्राप्त होनेसें मुक्तिलक्षण विज्ञान प्राप्त होता है. जैसे सूर्योदयसें प्रकाश प्राप्त होता है ३२

**यावद्वस्त्राणिवन्हिस्थंरक्षयेत्पारदंप्रिये ॥ तावदब्दसहस्त्रांतंशंभुलोकेमहीयते ॥ ३३ ॥**

टीका—इनके संग पारा मिलाइके पानके रसको अथवा रसमें रखिके तीनि दिन मर्दन करै तो पारा मूर्छित होता है. औ सर्व रोगनकों खाता है ॥ ६० ॥

अथमारणविधिः ॥ गंधकंनवसारंचसौराष्ट्रीं धूमसारकम् ॥ रसंभागैःसमान्सर्वान्यामम ग्लेनमर्दयेत् ॥ ६१ ॥ मृद्धस्त्रेपरितायांत त्काचकूप्यांविनिःक्षिपेत् ॥ यत्नेकूप्याद्दढांसु द्रांदत्वातस्यांविशोषयेत् ॥ ६२ ॥

टीका—अथ मारण. गंधक, नवसादर, सोरठी, माटी जो सोरठी माटी न मिले तो फटकरी धरमें- का धुवां औ पारा ये समभाग लेई एक पहर कटे- इनी खटाइसें मर्दन करै पीछे कपरमाटी करीमई शीशीमें भरै. फिरि शीशीके मुखमें दृढ मुद्रा देके सुखावै ॥ ६१ ॥ ६२ ॥

अथशिरछ्रान्विते भांडेपंचास्येमन्मयेन्यसेत्॥ कूपिकांवालुकापूरैःपूरयेदागलंचताम्॥६३॥ पंचास्येविस्तृतमुखे ॥

टीका—फिरि एक कुल्हामहिरा मटीका लेई जि- सके नीचे छिद्र करै तिसपर शीशी रखिके शीशीके गलेपर्यंत वालू रेत भरै ॥ ६३ ॥

चुल्यांसंन्यस्यशनकैरग्निंदद्यात्रियामकं ॥ पश्चाद्विवर्धयेद्वह्निंक्रमात्सम्यक्प्रयत्नतः ॥ ४४ ॥ एवंद्वादशभिर्यामैःपारदोभस्मतांव्रजेत् ॥ स्वांगशीतांहितांकूपींस्फोटयेन्मधुरस्वरे ॥४५

टीका–फिरि धीरसें चूल्हेपर धरै. फिरि चारी पहरकी मंद आंच देई फिरि तेज आंच क्रमसें च-ढावै. ऐसे बारह १२ पहरकी आंचसें पारा भस्म होता है. फिरि आपसें शीतल भएपर शीशीकों फोडै ॥ ४४ ॥ ४५ ॥

ऊर्ध्वलग्नंत्यजेद्गंधमधस्थंपारदंमृतं ॥ गृहीत्वा सर्वकार्येषुयोजयेद्रामयापहम् ॥ ४६ ॥

टीका–शीशीमें ऊर्ध्व लगा गंधक छोडि देई औ नीचे मरा पारा लेलेई सो सर्व कार्य करनेवाला है. औ रोगनाशक है ॥ ४६ ॥

अथान्यःप्रकारः ॥ काठोदुंबरिकादुग्धैर्मर्दयेत्पारदंततः ॥ अपामार्गस्यबीजानांमूषायुग्मेविसुद्रयेत् ॥ ४७ ॥

टीका–अथ तीसरा प्रकार. पारेको कठूमरीके दू-

धमें मर्दन करिके गोला बनाइ. फिरि अपामार्गके बीजोंके दो मूषे बनावै. जिसमें पारेका गोला धरै॥४७॥

द्रोणपुष्पीप्रसूनानांविडंगमिरिमेदयोः ॥ क

स्कैर्मूषांविलिप्यैवपरितोंगुलमात्रकम्॥४८॥

टीका—फिरि द्रोणपुष्पी जो गूमा उसके पुष्प औ वायविडंग औ खैर इनकी लुगदी मूषीके चौतरफ एक अंगुल फिरती लगावै ॥ ४८ ॥

तद्गोलंस्थन्मयेन्त्यस्यमूषायुग्मेविमुद्रयेत् ॥ म

ह्यस्त्रेशोष्यनागान्हेपाचयेद्दिपुटैरसं॥ भस्मी

भूतंरसंनेर्ययोजयेत्सर्वकर्मसु ॥ ४९ ॥

टीका—फिरि उसको मारिके संपुटमें रखिके कपरौटी करि सुखाइके गजपुट आंच देई तौ पारा भस्म सर्वकार्य योग्य होई ॥ ४९ ॥

अथान्यःप्रकारः ॥ मल्लपूर्दुग्धसंमिश्रंरसरा

जंविमर्दयेत् ॥ तद्दुग्धमिश्रहिंगोश्चमूषायु

ग्मेविमुद्रयेत् ॥ ५० ॥

टीका—अथ तीसरा प्रकार. पारेको कठूमरिके दू धमें मर्दन करै औ उसीके दूधमें हींग घोटिके दो मूसी बनावै तिसमें वह पारा धरै ॥ ५० ॥

तांमूषांस्थन्मयेरुध्वांमूषायुग्मेतुवेष्टयेत् ॥ म

द्रवैःसप्तभिः पश्चाच्छोपयेदातपेभृशम्॥५१
पुटेन्मृद्‌पुटेपश्चाद्रसोभस्मत्वमाप्नुयात् ॥ न
वयौवनसौंदर्यंभूषणेमदिरेक्षणे ॥ ५२ ॥

टीका—फिरि उस मूपाकों माटीके संपुटमें बंद करिके सात कपरौटी करे. फिरि सुखाईके हलकी-सी पुट देई ती भस्म होई ॥ ५१ ॥ ५२ ॥

अथान्यः ॥ नागवल्लीरसैःपिष्टःकर्कोटीकंदगर्भगः ॥ मृन्मूषासंपुटेपक्वोरसोयात्येवभस्मताम् ॥ ५३ ॥

टीका—अथ पांचमा प्रकार. नागवेलीके पानके रसमें खरल करिके बांझककोडीके मूलमें संपुट करिके पुट देई तौ भस्म होई ॥ ५३ ॥

अथगुणाः ॥ रसोरसरसैर्युक्तःशोधितोभस्मसात्कृतः ॥ त्रिदोषशमनःकामवर्धनःसर्वरोगहृत् ॥ ५४ ॥

टीका—अथ साधारणगुण. पारा छ रसकरिके युक्त है सो पारा शुद्ध भस्म कियाथया त्रिदोषकों शांत करता है, कामदेवकों बढता है औ सब रो-गोंकों हरता है ॥ ५४ ॥

कामिनीदर्पदलनःसुधास्पर्धीसुवर्णकृत् ॥ च
क्षुष्यःस्मृतिदौर्बल्योरूपदःक्रिमिकुष्ठहा ५५॥

टीका—कामिनी स्त्रीके दर्पकों दूरी करता है. अ-
मृततुल्य है. सुवर्णकारक है. नेत्रनिर्मल करता है.
स्मृति औ बल औ रूपकों देनेवाला है. कृमि औ
कुष्ठकों नाश करता है ॥ ५५ ॥

जरामरणजाड्यघ्नोयोगवाहीरसांगने ॥ दह
त्यग्निरतृणानीवधातुस्थानामयान्रसः ॥५६॥

टीका—जराऽवस्था, अपमृत्यु औ जडता इनका
नाशक है. औ योगवाही है जैसें अनुपानसें देवे वै-
साही गुण करे जैसें अग्नि घासको जलाता है ऐसें
धातुगत रोगोंकों पारा जलाता है ॥ ५६ ॥

अथदोषाःपूर्वमेवोक्ताःतच्छांतिःकथ्यते ॥ ग
वांदुग्धघृतंपीत्वागंधकंदिनसप्तकम् ॥ पार
दस्यविकारेणमुक्तःसुखमवाप्नुयात् ॥ ५७ ॥

टीका—दोष तो पहले कहिआए. अब शांति क-
हते हैं. गाईके दूधमें सात दिन गंधक पीवेतो पारद-
विकार शांति होता है ॥ ५७ ॥

अथानुपानं ॥ गुंजैकमानमारभ्यचतुर्ग

जावधिनरः ॥ रसराजंप्रियेयुक्त्याभक्ष येदनुपानतः ॥ ५८ ॥

टीका—अथ अनुपान. एक रत्तीसे लेके चाररत्ती-तक पाराका सेवन बलाबल देखिके करे ॥ ५८ ॥

घृतवह्निजचूर्णेनमगधमधुनाऽथवा ॥ मधू च्छिष्टघृताभ्यांवासर्वरोगेषुयोजयेत् ॥ ५९ ॥

टीका—काली मरीच औ घृतसंग अथवा मधुच्छिष्ट-घीसंग अथवा घृतमधुसंग सर्व रोगमें देई ॥ ५९ ॥

पित्तेक्षीरसितायुक्तंपिप्पल्याथसमीरणे ॥ श्ले ष्मण्यार्द्रकजैर्नीरैर्ज्वरेजंबीरजैरसैः ॥ ६० ॥

टीका—पित्तमें दूध शक्करसंग, वातरोगमें पीपरीसा-थ, कफमें आदेके रसयुक्त, ज्वरमें जंभीरीके रसमें ॥ ६०

मधुनारक्तविकृतौदध्नातीसारकेगदे ॥ सम तोयशृतंदुग्धंपीत्वापश्चात्सितायुतम् ॥ ६१ ॥

टीका—रक्तविकारमें मधुसाथ, अतीसारमें दही-साथ, औ बराबर पानीमें घरको दूधपानी मिलायके औटे. जब पानी सूखिके दूध रहै तिसमें शक्कर डा-लिके पीवे ॥ ६१ ॥

रक्तातीसारकेदेयंमेघनादभवैरसैः ॥ प्रति श्यायेकफेद्वंद्वेयुक्तसर्पिर्मरीचकैः ॥ ६२ ॥ पथ्ये

नेसद्धिस्निग्धंक्वोष्णंभोजनेहितम् ॥ हित
माहिमनंतेस्याद्यथामेमदनज्वरे ॥ ६३ ॥

टीका–रक्तातिसारमें चौलाइके रसमें चौलाइको तांडुलिया भी कहते हैं, जुपामें औ कफातिसारमें गुड मरीच घृतडाल देके साचिक्कणदहीकेसाथ गर- मागरम भोजन करै तो हित है ॥ ६२ ॥ ६३ ॥

दीर्घज्वरेशीतथारक्तंभेमांपक्कूष्मांड्यपिजैः ॥ चू
र्णंदुग्धसितायुक्तैर्मधुसर्पिर्युतैरथवा ॥ ६४ ॥

टीका–दीर्घज्वरमें तथा वीर्यबंधनेके वास्ते उड़द, भूराकुम्हड़ा, जेठीमधु जिसको मुलेठी कहते हैं इनके चूर्णमें पाराभस्म देके ऊपरसे दूध शकर पिवे अ- अथवा मधु घृतमें लेई ॥ ६४ ॥

तृतीयकेज्वरेपित्तेभ्रमेमधुसितायुतं ॥ अ
ग्न्यामेषामृतारक्तधान्याकजलमांपिबेत् ६५
कार्यंकमलजंभूकांतातुल्यशीलेमनोहरे ॥ सु
खीस्यातैरतावास्यचुंबनेनयथाल्वहम् ॥ ६६ ॥
रक्तेरक्तचंदनं ॥ जलमुशीरं ॥

टीका–तृतीयकज्वर, पित्त, भ्रम इनरोगोंमें मधु- शक्करयुक्त लेई किंवा नूतनहा नागरमोथ, गिलोय,

रक्तचंदन, धणा, उशीर जिसको पसमी कहते हैं इनका काढा पिवै ॥ ६५ ॥ ६६ ॥

**रक्तपित्तेकफेकासेश्वासेकाथेनसेवयेत् ॥ द्राक्षावासाशिवानांभोपथ्यमुक्तोवरां गने ॥ ६७ ॥ शिवाहरीतकी ॥**

टीका—रक्तपित्त, कफ, श्वास, कास इनमें दाख औ अरूसा, हरड इनके काढेमें लेटै ॥ ६७ ॥

**मेदोगदेशालिमंडैर्वामधुमाक्षिकसंयुतं ॥ भजे द्गजास्यतुल्योऽपिस्थूलःकृशतरोभवेत्॥६८॥**

टीका—मेदरोगमें चांवलके माडमें अथवा मधु पानीसाथ ॥ ६८ ॥

**नष्टपुष्पेरक्तगुल्मेशिवश्वाभिधेगदे ॥ का थेकृष्णातिलोत्थेतुभार्गीत्रिकटुहिंगुजैः॥६९॥ चूर्णैस्तुसगुडैर्युक्तैरसभूतिर्निषेविता ॥ सुख दातंयथाराज्ञोप्रियेश्रृंगारसंयुता ॥ ७० ॥**

टीका—जिस स्त्रीका रज नष्ट भया होवै सो औ रक्तगुल्मवाली औ शूलरोगमें भारंगी, सोंठि, मिरच, पीपरी, हिंग, गुड, इनके साथ लेके उपरसे काले तिलोंका काढा पिवे तो शीघ्र दुःख जावै ॥ ६९ ॥ ७० ॥

अथपथ्यं ॥ मुद्गयूषघृतंदुग्धंशाल्यन्नंसैंधवं तथा ॥ नागरंपद्ममूलंचमुस्तकंगिरिमल्लिका ॥ ७१ ॥ शाकंपौनर्नवंश्रेष्ठंमेघनादंचवास्तुकम् ॥ अभ्यंगंसुखदंस्नानंकोष्णतोयेन नित्यशः ॥ ७२ ॥

टीका—अथ पारा सेवनेमें पथ्य. मूगका जूष, घृत, दुग्ध, चावलका भात, सैंधव लवण, सोंठि, कमलकी जड, मोथा, गिरमर, पुनर्नवाका शाक, चौलाईका शाक, बथुवाकाशाक, तैलमर्दन, नित्य गरम जलसें न्हान ॥ ७१ ॥ ७२ ॥

रूपयौवनसंपन्नांस्वानुकूलांभजेत्स्त्रियाम् ॥ तेनबुद्धिर्बलंकांतिर्वर्धतेरससेविनः ॥ ७३ ॥

टीका—ओ रूपयौवनयुक्त आपकी प्यारी स्त्रीसें संग करे तो पारासेवनेवालेका बुद्धि, बल, कांति बढाता है ॥ ७३ ॥

अथापथ्यं ॥ कलिंगंकर्कटीचैवकूष्मांडंकारवेल्लकम् ॥ कुसुंभशाकंककोंटीकदलीकाकमाचिकाम् ॥ ७४ ॥

टीका—अथापथ्य. तरबूज, जिनको फर्कदार्भी कहते हैं, ककडी, कूष्मांड, करेला, कुसुंभका

शाक, ककोडा, केला, कंद, काकमाची, जिसै मकोई कहै हैं ॥ ७४ ॥

**ककाराष्टकमित्येतद्वर्जयेद्रससेवकः ॥ जराव्याधिविनिर्मुक्तोजीवेद्वर्षशतंसुखी ॥ ७५ ॥**

टीका—ये ८ ककारादि वस्तु रससेवक त्यागै तौ जराव्याधिसें मुक्त होईके सौवर्ष जिवै ॥ ७५ ॥

**अथरसकर्पूरविधिः ॥ संक्षेपाद्रिसंपूर्वंशोधयेच्छुद्धमानसे ॥ पश्चाच्छुद्धेनप्रत्येकंतुल्यं कृत्वारसेनहि ॥ ७६ ॥**

टीका—अथ रसकर्पूरविधि. पहले संक्षेपसें पारेको शुद्ध करै फिरि प्रत्येक द्रव्य जो अगाडी लिखि है सो पारेकी बरोबरी लेना ॥ ७६ ॥

**गैरिकंखटिकामिष्टिसौराष्ट्रींसैंधवंतथा ॥ टंकणंक्षारलवणंमृत्स्नाचूर्णंसुसूक्ष्मकम् ॥ ७७ ॥ खटिकाखरी ॥ इष्टिईटइतिप्रसिद्धा ॥ मृत्स्ना मुलतानीमट्टीतिलोकेप्रसिद्धा ॥**

टीका—गेरु, खडी, ईंट, सोरठी माटी अथवा फटकरी, सैंधव लवण, टंकण औ खारीलोण, मुलतानीमाटी इनका बारीक चूरण करै ॥ ७७ ॥

एतच्चूर्णान्वितं सूतं यामैकं मर्दयेत्ततः ॥ ऊर्ध्वे
पातनकेयंत्रेवह्निंदद्याच्छनैःशनैः ॥ ७८ ॥

टीका—फिरि इस चूरणके संग एक पहरभरि
पारेको मर्दन करे, फिर ऊर्ध्व पातनयंत्रमें मंदमंद
आंच देई ॥ ७८ ॥

अहोरात्रैश्चतुर्भिश्चततोवैस्वांगशीतलं ॥ उ
द्धाद्योर्ध्वंविलग्नंवैरसकर्पूरसंज्ञिकम् ॥७९॥

टीका—चारि रात्रि औ दिन आंच देई, फिरि
स्वयं शीतल भये पीछे खोलिके ऊर्ध्वपात्रमें लगा
रसकपूर लेलेई ॥ ७९ ॥

शुद्धोयंसर्वरोगघ्नंबलबुद्धिविवर्धनं ॥ वृंताक
रासकैःशुद्धंभक्षितंगुणवत्तरम् ॥ ८० ॥

टीका—यह रसकपूर सर्व रोगका हरनेवाला है
औ बलबुद्धिका बढानेवाला है. सेवनमें शुद्धकि
या बहुत गुण देता है. शुद्ध ऐसे करे की, बैंगनके
बीचमें रसकपूर धरिके थोडीसी अग्निमें पचावै, जब
बैंगन पकी जाई तब निकालिके दूसरे बैंगनमें धरे.
ऐसे सौ १०० बैंगनमें शोधे ॥ ८० ॥

कस्तूरिकाचंदनदेवपुष्पैःसकुंकुमैरंजविली

चनेयः ॥ कर्पूरकंपारदसंभवंनानिषेवयन्सं जयतेफिरंगम् ॥ ८१ ॥

टीका—शुद्ध रसकपूर, कस्तूरी, चंदन, लवंग केशरी, समभाग मिलाइ इसी एक सेवन करे तौ फिरंगरोग जाई ॥ ८१ ॥

सोपद्रवंविंदतिचाग्निदीप्तिंवीर्यंबलंपुष्टिमदीर्घकालात् ॥ स्त्रीणांसमूहंरमयेत्प्रियेसंमत्यर मस्त्वाद्यनिषेवितंमे ॥ ८२ ॥

टीका—औ फिरंगके उपद्रवभी जाई. भूष बढावे, वीर्यबलपुष्टि करे, स्त्रीके समूहसें रमे ॥ ८२ ॥

अथदोषाः ॥ सेवितोऽविधिनाकुष्ठंसंधिवातं कफादिकम् ॥ रसकर्पूरकःकुर्यात्तस्माद्यत्ने नसेवयेत् ॥ ८३ ॥

टीका—अब दोष, जो विधिहीन रसकपूर सेवन करै तौ कुष्ठ, संधिशोथ, कफवात पैदा करै. इसवा- स्ते यत्नसें सेवन करै ॥ ८३ ॥

अथतच्छांतिः ॥ मद्विर्पीतःक्लोनीरंधान्याकं वासितामृतम् ॥ पिबेत्क्षीरेणमुक्तःस्याद्रसक र्पूरजैर्गदैः ॥ ८४ ॥

टीका–अथ शांति. बैलके गोबरका पानी अथवा धणा औ शक्कर पानीसें पिवै तौ रसकपूर बिकार जाई ॥ ८४ ॥

अथरससिंदूरविधिः ॥ शुद्धंगंधंरसाच्छुद्धाद र्धभागंविमिश्रयेत् ॥ तयोःकज्जलिकांकुर्यां काचमय्यांविनिःक्षिपेत् ॥ ८५ ॥

टीका–अथ रससिंदूरविधि. शुद्ध पारेसें आधा शुद्ध गंधक मिलाई कजली करिके आतशी काचकी शीशीमें भरे ॥ ८५ ॥

मृद्वस्त्रैःकुट्टितैःकूपींलिपेच्छोषयेत्ततः ॥ स्था पयेद्वालुकायंत्रेवन्हिंदद्याच्छनैःशनैः ॥८६॥

टीका–फिरि शीशीके ऊपर मृत्तिका और वस्त्र खूप कूटके लेप करिके सुखावे. फिरि वालुकायंत्रमें मंद मंद आंच देवै ॥ ८६ ॥

चतुर्यामावधिंयावत्स्वांगशीतांहिकूपिकां॥ स्फोटयेदूर्ध्वसंलग्नंसिंदूरान्हरेत्सनयेत् ॥८७

टीका–ऐसें चारि दिनराति निरंतर आंच देवै फिरि आपसें ठढे होनेपर शीशीको फोडिके उसके ऊपरके भागमें लगा रससिंदूर लेलेवे ॥ ८७ ॥

अथान्यउत्तमप्रकारः ॥ पारदंगंधकंतुल्यंगं धार्धंनवसादरम् ॥ कज्जलींचित्रकक्काथैस्त तोन्मत्तदलांबुना ॥ ८८ ॥ कुमारीस्वरसैर्घ स्रंपृथकृत्वाविमर्दयेत् ॥ काचकूप्यांविनि स्थाप्यलेपयेत्कूपिकांप्रिये ॥ ८९ ॥

टीका—अब दूसरी उत्तम विधि. पारा गंधक स-मभाग, औ गंधकसें आधा नवसादर इनकी कज्जली करै. तिस कज्जलीकों चित्रकके काढेमें औ धतुरेके पत्तके रसमें औ घीकुमारिके रसमें न्यारा न्यारा एक एक दिन मर्दन करै. फिरि कांचकी शीशीमें भरिके ऊपर लेप चढावै ॥ ८८ ॥ ८९ ॥

तद्विधानंप्रवक्ष्यामितच्छृणुत्वंसमाहिता ॥ खटिकांलोहकिट्टंचचूर्णयेद्वस्त्रगालितम् ॥ ९०

टीका—लेपका विधान कहीं सो तुम सुनो. खडी औ लोहका कीट सूक्ष्म चूर्ण करि कपडेमें छानै ॥ ९० ॥

लोहकिट्टचतुर्थांशंचूर्णंगोधूमसंभवम् ॥ दि नैकंमर्दयेत्सर्वंसवस्त्रंलेपयेन्नताम् ॥ ९१ ॥

टीका—औ लोह कीटका चौथा भाग गेहूका आंटा मिलाइके एक दिन मर्दन करै फिरि वस्त्र लगाइके सीसीमें लेप लगावै ॥ ९१ ॥

त्रुषिकाशोपयेत्पश्चाल्लेपयेच्छोषयेत्ततः ॥ स
प्तधारंप्रलिप्यैवंशोषयेत्तांनिधापयेत् ॥ १२ ॥

टीका—फिरि सुखाइके फिरि लगावे. ऐसें सा-
त कपरोटी करे औ सुखावे ॥ १२ ॥

वालुकायंत्रकेदद्यादग्नियामचतुष्टयं ॥ स्वांग
शीतांतुसंस्फोट्यचोर्ध्वलग्नंरसंनयेत् ॥१३॥

टीका—फिरि वालुकायंत्रमें चारि पहरकी अग्नि
देवे. फिरि आपसें सीतल भए पीछे सीसीकों फो-
डिके उपर लग्या रस लेलेवे ॥ १३ ॥

सुरक्तरससिंदूरस्यातवैद्यवरैःप्रिये ॥ अनुपा
नयुतंदद्यंरोगजालविनाशनम् ॥ १४ ॥

टीका—सुंदर लालवरण औसारसिद्ध रससिंदूर
सो अनुपानयुक्त सेवन करनेसें रोगसमूहकों नाश-
कारक है ॥ १४ ॥

अथगुणाः ॥ हरतिचरससिंदूरंकासश्वास
निमांद्यमेहगणान् ॥ रक्तविकारंकृच्छ्रंज्वरा
दिरोगान्यथानुपानयुतम् ॥ १५ ॥

टीका—अथ गुण. कास, श्वास, मंदाग्नि प्रमेह र-
क्तविकार मूत्रकृच्छ्र औरभी ज्वरादिक रोगोंको यथ
. अनुपानसें रससिंदूर हरता है ॥ १५ ॥

अथदोषस्तच्छांतिश्च ॥ रससिंदूरमशुद्धाद्र
साद्धिजातपारदवद्रोगान् ॥ कुर्याञ्चेत्तच्छांत्यै
घृतमरिचरजःपिबेत्सप्तदिनम् ॥ ९६ ॥

टीका—अथ दोष औ दोषकी शांति. जो अशुद्ध पारेसें रससिंदुर बनता है सो पाराकी तरह रोग करता है, तिसकी शांतिके वास्ते कालीमरीच औ घृत सात दिन पिवे ॥ ३६ ॥

अथानुपानं ॥ गुंजादिमानमारभ्यचतुर्गुंजा
वधिश्रिये ॥ दद्यात्कालवयोवन्हिदेशान्दृष्ट्वा
मयंबलम् ॥ ९७ ॥

टीका—अथ अनुपान. एक रत्तीसें चारि रत्तीतक रससिंदूर काल, अवस्था, अग्नि, देश, रोग, बल देखिके देना ॥ ९७ ॥

पिप्पलीमधुसंयुक्तंवातमेहनिवारणम् ॥ सि
तोपलावरायुक्तंपित्तमेहंवरांगने ॥ ९८ ॥

टीका—वातप्रमेहमें मधुपिप्पली साथ, पित्तप्रमेहमें त्रिफलाचूर्ण औ मिश्रीसाथ ॥ ९८ ॥

भार्ङ्गीःयूपणमाक्षीकःकसनश्वासशूलनुत् ॥
सितारात्रिसमायुक्तंरक्तदोषविनाशयेत् ९९

टीका—भारंगी, सुंठि, मरीच, पीपरी, मधुसंग कास, श्वास, शूलरोगमें. औ रक्तदोषमें हलदि शकर संयुक्त ॥ ९९ ॥

**कामलपांडुमंदाग्निवरात्र्यूपणयुग्जयेत् ॥ यं थाविष्णुःश्रियायुक्तोहृदिस्थोभक्तपातकान् ॥**

टीका—कामला, पांडु, मंदाग्नि इन रोगोंमें त्रिफला औ त्रिकटुके चूर्णमें ॥ १०० ॥

**हृद्रोगंबद्धकोष्टंचवन्हिमांद्यादिकानगदान् ॥ जयेच्चित्रकपांचालीशिवासौवर्चलान्वितं ॥१**

टीका—हृदयरोग, बद्धकोष्ट, मंदाग्नि इनमें चित्रक, पीपरी, हरड, संचलसंग देना ॥ १ ॥

**शिलाजतुसितैलाभिर्मूत्रकृच्छ्रापनुद्भवेत् ॥ सौवर्चलवरायुक्तंरेचनेन्नयौवने ॥ २ ॥**

टीका—शिलाजतु, शकर, इलायची इनसंग मूत्रकृच्छ्र रोगमें देई. त्रिफला औ संचल इनसंग देनेसें रेचन करै ॥ २ ॥

**जातीपत्रीलवंगाहृभंगापिप्पलिकुंकुमैः ॥ कर्पूरेणचसंयुक्तंधातुवृद्धिकरंपरम् ॥ ३ ॥**

टीका—धातुवृद्धिकेवास्ते जायपत्री, लवंग, अफीम, भांग, पीपरी, केसर औ कपूर साथ देवै ॥ ३ ॥

लवंगरुच्यकशिवायुक्तंसर्वज्वरापहम् ॥ प्रि
येभंगाजमोदाभ्यांछर्दिरोगप्रणाशनम् ॥४॥

टीका–सर्व ज्वरमें लवंग, संचल हरडयुक्त. छर्दि
रोगमें भांग औ अजमोदासंग ॥ ४ ॥

लवंगकुंकुमयुतेनागवल्लिदलोद्भवे ॥ वीटके
वापिकूष्मांडचूर्णंस्याद्धातुवर्धनम् ॥ ५ ॥

टीका–धातुवृद्धिकेवास्ते पानके बीडेमें रससिंदूर
लवंग केसर रखिके देई. वा कूष्मांडचूर्णसाथ ॥ ५ ॥

गुडपर्पटसंयुक्तंकृमीन्कोष्ठगतान्जयेत् ॥ ल
वंगभंगाफेनैश्चसर्वातीसारनुत्प्रिये ॥ ६ ॥

टीका–पेटके कीडे जानेकेवास्ते पित्तपापडा औ
गुडमें देई. सर्व अतिसारमें लवंग भांग अफीममें ॥६॥

दीप्यसौवर्चलोपेतंवन्हिमांद्यापहंपरम् ॥ पौ
ष्टिकेप्यमृतासत्वसंयुतंपुष्टिकारकम् ॥ ७ ॥

टीका–अग्निमांद्यमें अजमोद औ संचललोनसाथ
देई. पुष्टिकेवास्ते गिलोयके सत्वमें देई ॥ ७ ॥

वातंमाक्षिकपांचालीचूर्णयुक्तंविनिर्जयेत् ॥
सितोपलायुतंपित्तंजयेदंबुजलोचने ॥ ८ ॥

टीका–वातरोगमें पीपरी मधुसंग देई. पित्तमें
मिश्रीसंग देई ॥ ८ ॥

निकटुमिमुतंहन्यात्कफरोगंसुदारुणम् ॥ अन्यान्रोगान्जयेद्युक्तयायथायोग्यानुपानकैः

टीका—कफरोगमें सोंठि, मिरच, पीपरी, चित्रकसंग, और रोगोंको अपनी बुद्धिसें अनुपानयुक्त करै ॥१

पथ्यंपारदवत्सर्वसेवयेद्देहरिस्मरन् ॥ नवकं जयिशाठाक्षिप्रियेपीनपयोधरे ॥ ११०॥

इतिश्रीपंडितरघुनाथप्रसादविरचितायामनुपानतरंगिण्यांरसानुपानकथनेतृतीयावीचिः ॥ ३ ॥

टीका—पथ्य पाराके तुल्य. इसकों लेके हरिस्मरण करै ॥ ११० ॥

इति श्रीराम विहारीकृतायां अनुपानतरंगिणी-टीकायां लोकाख्याया तृतीयः कोष्टकः ॥ ३ ॥

अथगंधकः तत्रभेदाः ॥ श्वेतोरक्तस्तथापीतःकृष्णोगंधश्चतुर्विधः ॥ क्रमाद्विप्रादिवर्णेभ्यःश्वेतःस्याल्लेपने ॥ १ ॥

टीका—अथ गंधकविधि—तत्र गंधकभेद, श्वेत, रक्त, पीत औ कृष्ण गंधक चारि प्रकारका है. श्वेत ब्राह्मण, रक्त क्षत्रिय, पीत वैश्य, कृष्ण शूद्र है. यह श्वेत घावमें लेपन योग्य है ॥ १ ॥

रक्तःस्वर्णक्रियासूक्तःपीतवर्णोरसायने ॥ कृ
ष्णःसर्वक्रियासूक्तोजनैरप्राप्यएवसः ॥२॥

टीका—रक्त स्वर्णक्रियामें, पीत रसायनमें, रसा-
यन उसकों कहते हैं. जिससें बुद्धिबल बढे औ
जराव्याधिका नाश होई. कृष्ण सर्वकार्य योग्य है
परतु अप्राप्य है ॥ २ ॥

अथशुद्धिः ॥ लोहपात्रेविनिःक्षिप्यगंधकंगो
घृतंसमम् ॥ द्रुतेगंधेतुगोक्षीरेक्षिप्तःशुध्यति
गंधकः ॥ ३ ॥

टीका—अथ गंधक शुद्धि. लोहके पात्रमें गंधक
औ घृत समभाग मिलाइके मंद अग्नीसें गरम करे.
जब पतला होई तब गोदुग्धमें बुझावै. तो शुद्ध
होई ॥ ३ ॥

अथानुपानं ॥ माषकादशमासांतंशुद्धंगंधं
निषेवयेत् ॥ शिरोव्रणेशिरःशूलेलेपयेच्चव
कांजिकैः ॥ ४ ॥

टीका—एक मासेसें दशमासेतक शुद्ध गंधक से-
वन करना चाहिये. मस्तकमें व्रण होई वा शूल
होई तो कांजीसंग लेपन करना ॥ ४ ॥

नेत्ररोगंचरात्रुकौगोघृतेनत्रणंजयेत् ॥ मधु

नाज्येनचाह्न्यार्दाजितःशुक्रमाक्षिकम् ॥ ५ ॥
आश्चिकंशुक्रेफूली ॥

टीका—नेत्ररोगमें पिप्पलीसंग खाई, व्रणरोगमें घृतयुक्त देई. नेत्रकी फूलीपर मधुमें अथवा घृतमें अंजन करे ॥ ५ ॥

सर्पाह्विजगवाज्येनापिप्पलीगोघृतेनवा ॥ ज
येत्कासंतथाश्वासंबृहतीफलसर्पिषा ॥ ६ ॥

टीका—कासमें गोघृत मरिचसंग, अथवा गोघृत पीपरीसंग, श्वासमें भटकटैयाका फल जिसको भृ-
रिंगणीभी कहते है उसके फल औ घृतसाथ ॥ ६ ॥

मगश्वासमधुसंयुक्तःस्वरभंगंजयेदयम् ॥ पा
र्श्वशूलंतथानागवल्लिनीरेणगंधकः ॥ ७ ॥

टीका—स्वरभंगमें मधुपिप्पली साथ, पार्श्वशूल याने पशुलीकी शूलमें नागवेलिके रसयुक्त देई ॥७॥

विषूचींनिम्बुनीरेणप्रमेहंसगुडोजयेत् ॥ धा
त्रीफलरजोयुक्तोगंधकोऽप्यमजीर्णहा ॥ ८ ॥

टीका—विषूचिकारोगमें निंबूके रसमें, प्रमेहमें गुडसाथ, अजीर्णमें आमलाके चूर्णसाथ देई ॥८॥

पामादौस्निग्धतैलेनयद्दृष्णोविश्वसर्पिषा ॥ भ
क्षितोनिंबपचांगैःकुपंकाष्ठतरंदहेत् ॥ ९ ॥

टीका-पामा याने खजुर्लीमें तिलके तेलमें, संग्रहणीमें सोंठि घृतसाथ, कुष्ठ रोगमें नींबके पंचागसाथ देई ॥ ९ ॥

वातरोगान्जयेद्गंधःसाज्येनस्वरसांबुना ॥ पित्तरोगान्गवाज्येनगुडलिश्वयुतःकफम् १०

टीका-वातरोगमें तुलसीका रस औ घृतसें पित्तरोगमें गोघृतसाथ, कफमें गुड सोंठिसाथ देई ॥ १० ॥

वाज्यजामूत्रगोक्षीरघृतशुंठियुतंबलिम् ॥ टंकमारभ्यकर्षांतमब्दैकंभक्षयेद्विपः ॥ ११ ॥

टीका-घोडेका औ बकरीका मूत, गाईका दूध, घृत, सोंठि इनके साथ एक टकसें लेके तोलापर्यंत एक वर्ष सेवन करे ॥ ११ ॥

जराव्याधिविनिर्मुक्तःसजीवेच्छरदांशतम् ॥ वरामार्कवचूर्णेनसेवेदब्दंजरांजयेत् ॥ १२॥

टीका-सौ जराव्याधिसें रहित होयके सौ वर्ष जिये औ त्रिफला औ भंगराके चूरणमें एक वर्ष लेई तौ वृद्धापन मिटे ॥ १२ ॥

कुष्ठेविषविकारेचानिर्गुंडीस्वरसान्विताम् ॥ रसंभगांसम्यक्कल्क[illegible]टिपयेत्सुधीः ॥ १३॥

टीका-कुष्ठमें औ विषविकारमें निर्गुडीके रससें-

ग पारा गंधककी कजली लेप करै ॥ १३ ॥

बलिंपंचपलंशुद्धंमार्कवस्वरसैःसमैः ॥ घृष्ट्वा शुष्कस्यतस्यार्धंशिवाचूर्णविमिश्रयेत्॥१४॥

टीका—गंधक पांच तोला, भंगरेका रस बीस तोला, खरल करि सुखावै औ तिसका आधा हरड़का चूरण मिलावै ॥ १४ ॥

मासद्धुग्मंनिषेवेतमाक्षिकाज्यविमिश्रितं॥वा र्धक्येनविनिर्मुक्तःशक्तिमान्वीर्यवान्भवेत् १५

टीका—फिरि घृतमधुसाथ दोमहिना सेवै तो वृद्धपनासें छूटिकै शक्तिवंत औ वीर्यवंत होई॥ १५ ॥

कुष्ठीतैलघृतंभुक्त्वागंधकंचानुलेचयेत् ॥ अं गेशीततरंनीरं नयेदेवनचान्यथा ॥ १६ ॥

टीका—कुष्ठरोगी तेल साथ गंधक खाइके शरीरर ठंढा पानी सीचै तो आराम होई ॥ १६ ॥

विकारोयदिजायेतगंधकान्नेतदापिबेत् ॥ गो घृतेनान्वितंक्षीरंसुखीस्यादपिमानुषः॥१७॥

टीका—जो गंधकसें विकार होई तौ गोघृत दूधसंग पीवै तो सुखी होई ॥ १७ ॥

इतिश्रीपंडितरघुनाथप्रसादविरचिता

यामनुपानतरंगिण्यांगंधानुपानकथने चतुर्थीवीचिः ॥ ४ ॥

टीका–इतिश्रीरमणविहारीकृतायामनु॰नौकाख्यायां चतुर्थः कोष्टकः ॥ ४ ॥

॥ अथकेषांचिदुपरसानांविधिः ॥

॥ तत्रतावल्लोकनाथोरसः ॥

पारदंगंधकंशुद्धंसमभागंविमर्दयेत् ॥ टंकणं पारदादर्धंवराटाःस्युश्चतुर्गुणाः ॥ १ ॥

टीका–अथ उपरसविधि, तहां पहले लोकनाथरस लिखते हैं. शुद्ध पारा, शुद्ध गंधक दोनों समभाग लेके कजली करे औ पारासें आधा टंकणखार लेइ औ पारेसें चौगुणी कौडी लेइ ॥ १ ॥

शरावसंपुटेसम्यक्पाचयेत्स्वांगशीतलम् ॥
पेषयित्वाप्रयत्नेनस्थापयेत्काचभाजने ॥४॥

टीका—शरावसंपुटमें गजपुट आंच देई. स्वांग शीतल भए पीछे पीसिके काचकी सीसीमें भरि राखै ॥ ४ ॥

अथानुपानं ॥ लोकनाथरसंबालेगृहीत्वावल्लद्वयम् ॥ विंशन्मरिचचूर्णेनयुक्तंदत्वावरांगने ॥ ५ ॥

टीका—अथ अनुपान. छ रत्ती लोकनाथरसमें बीस मरिचका चूर्ण मिलावै औ रोगीका बल देखिके एक रत्तीसें छतक देई. बिन विचारे औ बिन गुरु कोईभी रस माना देइगा सो पापका भागी होइगा ॥ ५ ॥

प्रतिरोगेऽनुपानानिपृथक्कृत्वावदाम्यहम् ॥
सर्पिषावातिकेरोगंनवनीतेनपैत्तिकम् ॥६॥

टीका—अब न्यारा न्यारा अनुपान कहता हूं न्यारे न्यारे रोगोंका. वातरोगमें घीसें, पित्तमें माखनसें देई ॥ ६ ॥

कफामयंनिहंत्येवमाक्षिकेणनितंबिनि ॥ च.
चहिंगुरसोहन्यात्कफरोगानशेषतः ॥ ७ ॥

टीका—कफरोगमें मधुसूं नाश करते हैं ॥ ७ ॥

धान्याकंनिस्तुषंकृत्वाभर्जयित्वानुपेषयेत् ॥

तच्चूर्णंनसिताढ्येनलोकनाथोऽरुचिंजयेत् ८

टीका—धनियांको छिलका दूरि करिके सेकै, फिरि पीसिके शक्कर मिलाई उसमें लोकनाथ लेई तौ अरुचि जाई ॥ ८ ॥

धान्यच्छिन्नाकषायेणज्वरंहन्यादसंशयम् ॥ मधुपिप्पलिसंयुक्तोलोकेशोवाजयेज्ज्वरम् ९

टीका—धनिया औ गिलोईके काढेमें लेई तौ ज्वर जाई, अथवा मधुपिप्पलीसें लेई ॥ ९ ॥

रक्तपित्तंकफंकासंश्वासंचस्वरवैकृतिम् ॥ वृष वाल्कषायेणसितामधुयुजाहरेत् ॥ १० ॥

टीका—रक्तपित्त, कफ, कास, श्वास, स्वरभंग इनरोगोंके नाशकेवास्ते अडूसा औ सुगंधवालाके काढेमें मधु औ मिश्रीयुक्त लेई ॥ १० ॥

अनिद्रतामतीसारंग्रहणीमग्निमांद्यतां ॥ भ र्जितपत्रयाचूर्णंमाक्षिकाभ्यांविनिर्जयेत् ११

टीका—जो निद्रा न आवो होइ तो औ अती-सार, संग्रहणी, मंदाग्नि इनरोगोंमें किंचित् अग्निमें सेंकी भई भांग औ मधुसंग लेई ॥ ११ ॥

संचलभयाकणारजोन्वितंनिषेवयेत् लोक नाथकंजलंपिबेत्कवोष्णकंततः ॥ शूलमाशु

संचलोद्भिजीर्णमेवतत्क्षणं मंजुको क्वथितस्वरेश रत्नसरोजलोचने ॥ १२ ॥

टीका—जो संचलनोन, हरड, पीपरी, इनके चूरणमें लेके किंचित् गरम जल पिवै तो शूल औ अजीर्णको एक क्षणमें जीते ॥ १२ ॥

प्लीहानंछर्दिमर्शांसिरक्तपित्तंगदान्जयेत् ॥ दाडिमीफलनीरेणलोकनाथंनिषेवयन् ॥ १३ ॥

टीका—प्लीहा, छर्दि, अर्श, रक्तपित्त, इन रोगोंमें अनार जिसे दाडिमभी कहते हैं उसके फलके रसमें देवै ॥ १३ ॥

वृक्षाद्दूर्वारसैःसार्धंहरिणंशृंगकंजयेत् ॥ लोकनाथयुतंनस्येद्धारक्तस्रुतिनसः ॥ १४ ॥

टीका—जो नासिकासे रक्त गिरता होवे तो दूब जिसे गुजराती ध्रो कहते हैं उसके रसमें हरिणका सींग घसिके औ लोकनाथ मिलायके नास देवै तो रक्त गिरना बंद होवै ॥ १४ ॥

वह्निभस्मकणाकोलमज्जचूर्णसितामधु ॥ लोकनाथयुतंलीढ्वाछर्दिंहिक्कांचसंजयेत् ॥ १५ ॥

टीका—छर्दि औ हिचकी रोगमें मोरपंखकी भस्म

पीपरी बोरकी मींगी याने बोरकी गुठलीका मगज, मिश्री, मधु, इनके लोकनाथ लेवै ॥ १५ ॥

देनतेनानुपानेनयुक्त्यातंगंधदंजयेत् ॥ लोकनाथेनसद्वैद्यःप्रायश्चित्तैरघानिव ॥ १६ ॥

टीका—ओरभी रोगरोगके अनुसार अनुपानयुक्त करिके वैद्य रोगीकों देई तो सुखी होई ॥ १६ ॥

इति लोकनाथरसः ॥

अथवाजिवर्मारसः ॥ गंधकंपारदंत्र्यूपणंटंकणंदंतिबीजंवरांविष्णुबीजंविषम् ॥ मर्दयेद्भृंगराजस्यनीरैर्दिनंरक्तिकैकावटीवाजिवर्मी रसः ॥ १७ ॥

टीका—अथ वाजिवर्मारसः. गंधक, पारा, सोंठि, मिरच, पीपरी, टंकण, जमालगोटा, हरड, बहेडा, आमला, हरिताल, बछनाग, इन सबका सूक्ष्म चूर्ण भांगरेके रसमें एक दिन मर्दन करिके एक रत्तीप्रमाण गोली करै यह वाजिवर्मारस है ॥ १७ ॥

अथानुपानं ॥ वटीमेकांनरःखादेद्वाकंजविलोचने ॥ पथ्ययुकोगदंहन्याद्यथारोगानुपानतः ॥ १८ ॥

टीका—अथ इसके अनुपान. एक भयसा दोगोली रोग बल देखिके अनुपानसें देई, तो रोग मिटे ॥१८॥

**वातशूलंक्षयंकासंश्वासंमूलकनीरतः ॥ हंति वार्श्रृंगवेरांबुपिप्पलीमधुलःप्रिये ॥ १९ ॥**

टीका—वातशूल, क्षय, कास, श्वास, इनमें मूरिके पत्ररसमें वा आदेकरस पीपरी मधुयुक्त देई ॥१९॥

**वलीपलितरोगघ्नोवाजिनर्मासमाक्षिकः ॥ शिग्रुमूलांबुगोसर्पिर्युतःशूलंज्वरंजयेत् ॥ २०॥**

टीका—वलीपलितमें मधुयुक्त, शूल औ ज्वरमें सहिजनकी जडका रस औ गाईके घृतयुक्त, सहिजनकों सेगटाभी कहते हैं ॥ २० ॥

**मस्तुनाजीर्णकंशीतज्वरमंबुजबीजकैः ॥ पुनर्नवायुतःपांडुंतंबुलांबुयुतोविषम् ॥ २१ ॥**

टीका—अजीर्णमें दहीके पानीसें, शीतज्वरमें कमलके बीजसंयुक्त, पांडुमें पुनर्नवायुक्त, विषमें चावलके धोवनसें ॥ २१ ॥

**तिलपर्णारसैरक्ष्णोरंजितोतद्गदापहः ॥ शर्करामाजिसंयुक्तोज्वरंपित्तभवंजयेत् ॥ २२ ॥**

टीका—नेत्ररोगमें तिलपर्णीके रसमें अंजन करे, पित्तज्वरमें शक्कर औ ....संयुक्त ॥ २२ ॥

कायेनास्तिगतंवातंदेवकाष्ठवचारु
जाम् ॥ जातीफलान्वितोऽर्शःसिवा
तशूलंकटुत्रिकैः ॥ २३ ॥

टीका—अस्थिगतवातमें देवदारु, वच, कुटके काढेमें. कुटको उपलेटभी कहते हैं. अर्शरोगमें जायफलसाथ. वातशूलमें त्रिकटुसाथ ॥ २३ ॥

गोमूत्रेणनरःखादन्पुरुषत्वमवाप्नुयात् ॥ पुत्र
जीवारसैर्वालैर्वंध्यास्याद्देवगर्भिणी ॥ २४ ॥

टीका—गोमूत्रसें पुरुषत्वप्राप्ति होई. पुत्रजीवा जिसे पति जियाभी कहते हैं उसके रसमें वांझभी गर्भीण होई ॥ २४ ॥

लिप्तःसर्पविषंदंशेहंतिनिंबुरसैस्तुवा ॥ शिरी
षस्वरसैर्वाज्येनान्दुनादरसैर्हिवा ॥ २५ ॥

टीका—जहां सर्पनें काटा होई उस जगहपर नींबूके रसमें शिरीषके रसमें वा घृतमें वा चौलाईके रसमें घसिके लेप करै ॥ २५ ॥

वचादोप्यसुतोहंतिकटिपीडांमरुद्भवां ॥ कास
नंश्वसनंहंतिमधुनासारसान्वितः ॥ २६ ॥

टीका—जो वायुसें कमरमें दर्द होइ तो वच ओ

अजमोदासाय लेई. कास श्वासमें अरुसेका रस औ मधुमें ॥ २६ ॥

ज्वरंहंतिविशलाक्षिसुरसास्वरसांजितः ॥ त थानिस्यज्वरंहंतिभक्षितःकन्यकांबुना॥२७॥

टीका—तुलसीके रससें अंजन करनेसें ज्वर जाई. कुमारिपाठाके रससें खाई तौ नित्यज्वर जाई ॥ २७॥

नारीदुग्धेननस्याय्यमूर्ध्वश्वासंशरायुतः ॥ हं तिदाहयुतंपित्तज्वरमामलकान्वितः ॥ २८ ॥

टीका—स्त्रीके दूधसें अंजन करै तो रतौंधी जाई. त्रिफलासंग खानेसें ऊर्ध्वश्वास जाई. आमलायुक्त देनेसें दाहयुक्त पित्तज्वर जाई ॥ २८ ॥

सेतिकाघृतसंयुक्तःसर्वशूलानिसंजयेत् ॥ शि ग्रुमूलांबुगोसर्पिर्माक्षिकैर्वाविचक्षणे ॥ २९ ॥

टीका—सर्व शूलमें घृत औ सुवा जिसें सोवासी कहते हैं तिसके संग वा सहिजनकी जडका रस घृतमधुयुक्त देई ॥ २९ ॥

कर्णरोगशिरोव्याधिपीनसार्धावभेदकान् ॥ जयेज्जातीफलेनाथवाविदर्भारसेनमः॥३०॥

टीका—कर्णरोग, मस्तकरोग, पीनस, आधासीसी इनमें जायफलसंग ॥ ३० ॥

कन्यकातुलसीतोयमाक्षिकैःसूतिकागदम् ॥
देवावातुगवांमूत्रैरतीसारंजयत्ययम् ॥३१॥

टीका—सूतिकारोगमें घीकुमारिका औ तुलसीका
रस मधुयुक्त देई. अतीसारमें दहीसें वा गोमूत्रसें ॥३१॥

तक्रतोयेनवाजातीफलेनांबुरुहेक्षणे ॥ अथ
वामहिषीमूत्रैर्जयेत्संग्रहणीगदम् ॥ ३२ ॥

टीका—संग्रहणीमें छाछि जलसें वा जायफलसें
वा भैंसीके मूतसें देई ॥ ३२ ॥

कासमर्दरसैर्वापिटंकणेनाग्निमांद्यजित् ॥ त
थाब्राह्मीरसेनायंबुद्धिदोबुद्धिमत्ययम् ॥३३॥

टीका—मंदाग्निमें कसौंदीके रसमें वा टंकणमें औ
ब्राह्मीके रसमें लेनेसें बुद्धि बढाता है ॥ ३३ ॥

तांबूलवीटकेनायंकांतिसंस्कारकोमतः ॥ सु
धाक्षारयुतोगुल्मंनिर्गुंडीस्वरसेनवा ॥ ३४ ॥

टीका—पानके बिडेमें लेनेसें शरीरकी कांतिको क-
रता है. गुल्ममें चुनाकेसंग वा निर्गुंडीके रसमें॥३४॥

धवारिकायुतोहंतिसन्निपातंसुदारुणम् ॥ वा
तामयमजाक्षीरैरथवागोघृतेनच ॥ ३५ ॥

टीका—सन्निपातमें अजमायनसंग, वातरोगमें ब-
करीके दूधसें वा घृतसें ॥ ३५ ॥

सर्ववातामयान्वार्थमर्कवस्वरसैर्जयेत् ॥ वा
जमोदाजयायुक्तोवरायुक्तोथवाभिये ॥३६॥

टीका—अथवा सर्व वातरोगमें भांगरेके रसतें वा अजमोद ओ भांगसें वा त्रिफलासें ॥ ३६ ॥

वाश्वगंधारजःक्षौद्रसंयुतःसर्ववातजित् ॥ वि
ष्णुक्रांताजटायुक्तोधनुर्वातामयंजयेत् ॥३७

टीका—वा असगंध ओ मधुकेसाथ लेहे. धनुर्वातमें विष्णुक्रांताकी मूलसंग ॥ ३७ ॥

कूष्मांडस्वरसैर्मेहंगोदध्नावाविनिर्जयेत् ॥ गो
क्षुरकरजोयुक्तोधातुदोषंनिवारयेत् ॥ ३८ ॥

टीका—प्रमेहमें पेठाकुम्हडाके रससंग, वा गाईके दहीसंग. धातुदोषमें गोखरूके चूरनसंग ॥ ३८ ॥

वर्धयेत्सर्पिषाशुक्रंकृच्छ्रंपूगरसैर्जयेत् ॥ रेचो
वैरंडतैलेनाविद्रधिंगुडयुक्तथा ॥ ३९ ॥

टीका—घृतसंग खानेसें धातुवृद्धि करे मूत्रकृच्छ्रमें सुपारीके रससें वा काढेसें जेडे. एरंडतेलयुक्त दस्तमें रेचन होवे. गुडसंग लेवै तो विद्रधिरोग जावे ॥ ३९ ॥

आर्द्रकस्वरसैर्हिंसोराश्चिकस्यविषंजयेत् ॥
स्वेदंभृंगरसैःसार्धंचपानीरविगंधताम् ॥४०

टीका–जहां विच्छूनें डंक मारा होई तहां आदेके रसमें धनिके लेप करै. पसीना जादा आता होई तौ भांगरेके रससें लेई. देहकी दुर्गंधि मिटानेकों धंनाके रससें ॥ ४० ॥

तक्रमेहमजाक्षीरैःपित्तंशिवसितान्वितः ॥ अं जितोनिंबुतोयेनभूतवेशनिवारणः ॥ ४१ ॥

टीका–तक्रप्रमेहमें बकरीके दूधयुक्त, पित्तरोगमें आमला शक्करसंग. नींबूके रसमें अंजन करनेसें भूत शरीरमें आया होई सो जाई ॥ ४१ ॥

त्रिफलोरुबुतैलेनसंजयेदुदरामयान् ॥ काक माचीरसैर्वापिनात्रकार्याविचारणा ॥ ४२ ॥

टीका–उदरविकारमें त्रिफलाका चूरण और एरंडके तेलसंग, अथवा मकोयके रससंग देना॥४२॥

मार्कवस्वरसैःशोफंवापलांडुरसैर्जयेत् ॥ करं जत्वग्रसैश्चक्रमिरोगंनसंशयः ॥ ४३ ॥

टीका–शोफरोगमें भांगरेके रससंग वा पियाजके रससंग कृमिरोगमें करंजकी छालके रससंग ॥४३॥

शक्रिकुष्ठवरकंजाक्षिनागवल्लीदलांबुना ॥ अ जाजीक्षौद्रसंयुक्तउष्णवातविघातकः ॥४४॥

टीका—पानके रसमें छेनेसें शक्ति बढाता है. उ-
ष्णवातमें जीरा औ मधुसंग ॥ ४४ ॥

वीटिकेनयुतस्त्वयंस्वरजिद्दरकोकिले ॥ आ
मशूलंसुरासुक्तपामांगोमूत्रलेपितः ॥ ४५ ॥

टीका—स्वरभंगमें पानके बीडेके साथ, आमशूल-
में सरांट फलीसुग, खाजमें गोमूत्रयुक्त लेप करे॥४५॥

लेपितोभक्षितोलूताविषंभृंगरसान्वितः ॥ त
थापल्लीविषंहंतिभक्षितोलेपितोवुना ॥ ४६ ॥

टीका—लूताके विषमें भांगराके रससें खाई औ
लेपगो करे. छपंकलीके विषमें पानीसें लेप करे औ
खाई ॥ ४६ ॥

उन्मत्तश्वविषंहंतिमेघनादरसैरयम् ॥ गोमू
त्रेणगृहच्याचाकुष्टंकरतरंतथा ॥ ४७ ॥

टीका—उन्मत्त कुत्तेके काटनेसें जो विष होता है
उसमें चौराईके रसयुक्त, कुष्ठमें गोमूत्रसें वा
गिलोयसें ॥ ४७ ॥

नमेरोगोभवेदेवंयस्येच्छास्तिवरांगने ॥ गुटी
मेकांतथार्धवाअत्यहंसेवयेद्विसः ॥ ४८ ॥

टीका—जिसके ऐसी इच्छा होई की, हमारे को-
ई रोग न होई; सो इसकी गोली एक अथवा आधी

नित्य सेवन करे ॥ ४८ ॥ इतिअश्वकंचुकीरसः ॥

अथाश्विनीकुमारः ॥ त्र्यूषणंफलत्रिकंचनाग फेनकंविषम् ॥ मागधीजटालवंगदंतिबीज तालकम् ॥ टंकणंचगंधकं रसंपृथक्पिचुं प्रिये ॥ क्षीरमर्धप्रस्थकंगवांविशोषयेद्दृषे ॥ ४९ ॥ मूत्रकंगवांविशोष्यभृंगराजनीरकं शोषयेद्विघर्षयन्निरंतरंविबंधयेत् ॥ वाजिमं थसन्निभांवटीमतीवसुंदरामश्विनीकुमारइत्य यंरसोवरांगने ॥ ५० ॥

टीका—अथ अश्विनीकुमाररसविधिः. सोंठि, मरिच, पीपरि, हरड, बहेडा, आमला, अफीम, वछनाग, पीपरीमूल, लवंग, जमालगोटा, हरिताल, टंकण, गंधक, पारा, ये १५ औषध एक एक तोला चूरण करिके बत्तीस तोला गोदुग्धमें खरल करे. फिरि ३२ तोला गोमूत्रमें. फिरि बत्तीस तोला भांगरेके रसमें खरल करिके चना प्रमाण गोली बनावे. यह अश्विनीकुमार रस है ॥ ४९ ॥ ५० ॥

अथानुपानं ॥ पित्तमेहनाशनोनिशायु तोऽश्विनीसुतः कृच्छ्रनाशनोपवानिका.

शुतोवरांगने ॥ पुंस्त्वसिद्धयेहिमाक्षिका
न्वितंनिषेवयेद्दिश्वभेषजान्वितंनिषेवयन्
ज्वरंजयेत् ॥ ५१ ॥

टीका—अथ इसका अनुपान. पित्तप्रमेहमें हल-
दीसंग ई पुष्टकेचलूकों अजमा इनसंग, नपुंसकपणा
दूरि करनेकों मधुसंग, ज्वरमें सोंठिसंग ॥ ५१ ॥

प्रमेहंतुलसीनीरैस्त्वकोलेनास्यगंधताम् ॥ उ
प्णवातंजयेत्पर्णवीटकेनगणायुजा ॥ ५२ ॥

टीका—प्रमेहमें तुलसीपत्रके रससंग, मुखदुर्गंधमें
बजसंग, पानके बीडेमें पांचरीयुक्त खैनेसें उष्णवात
जाई ॥ ५२ ॥

कार्पासस्वरसैस्त्वाद्यरःशीतज्वरंजयेत् ॥ सु
रसांबुसिताशुंठीयुतएकांतरंज्वरम् ॥ ५३ ॥

टीका—शीतज्वरमें कपासके रससंग, एकांतर
ज्वरमें तुलसीका रस, शकर, सोंठियुक्त ॥ ५३ ॥

मरिचाजाजितुलसीरसैस्तार्तीयकंज्वरम् ॥
भृंगराजरसैस्तद्वच्चातुर्थिकंज्वरम् ॥ ५४ ॥

टीका—तृतीयज्वरमें मरिच, जीरा, तुलसीके रस-
संग, चातुर्थिकज्वरमें भांगरेके रससंग ॥ ५४ ॥

पिप्पलीमूलसंयुक्तः प्रतिश्यायंमरुच्छ्रमम् ॥
निंबुनीरैःशिरोरोगेलेपयेद्वापिभक्षयेत्॥५५॥

टीका—सरदी लगी होई जिसकों जुषाम कहते हैं उसमें औ वातरोगमें पीपरीमूलसंग, मस्तकरोगमें नींबूके रससंग खाई. औ लेपभी मस्तकमें करे ॥ ५५ ॥

प्लीहानमुदरंहंतिविशालास्वरसान्वितः॥जी
र्णज्वरंसिताद्युक्तःकासंसैंधवसंयुतः ॥ ५६ ॥

टीका—प्लीहा औ उदररोगमें इंद्रायनके रससंग लेई, जीर्णज्वरमें दाखसंग, कासरोगमें सैंधवलवणसंग ॥ ५६ ॥

जयेद्रक्तश्रुदुर्गंधंपीतकस्वरसान्वितः॥ मंडूक
पर्णिकानीरैर्बुद्धिसंवर्धनोमतः ॥ ५७ ॥

टीका—कायकी दुर्गंधमें बनूलके रससंग, बुद्धिवृद्धिकेवास्ते ब्राह्मीके रससंग ॥ ५७ ॥

जयेज्जातीफलक्वाथैरामरक्तातिसारकौ ॥ वा
तामम्जसंयुक्तःपुष्टिकृद्बलवर्धनः ॥ ५८ ॥

टीका—आमातिसार औ रक्तातिसारमें जायफलके काढेमें, बदामके मगजसंग पुष्टिकारक औ बल बढानेवाला है ॥ ५८ ॥

हरिद्राघृतसंयुक्तःसूतिकागदनाश-
नः ॥ हीरावोलइतिस्यात्तस्तेना
पिहिविमिश्रितः ॥ ५९ ॥

टीका—सूतिकारोगमें हलदी औ घृतमें औ इस-
में हीरावोलभी मिलावै ॥ ५९ ॥

भंगाद्युक्तोविशालाक्षिपरपुष्टस्वरप्रदः ॥ श
र्करासंयुतोहन्त्यास्थ्वरमस्थिगतंप्रिये ॥ ६० ॥

टीका—जो भंगयुक्त होई तो कोकिला ऐसा स्वर
होई. हाडमें प्राप्त भए ज्वरमें शर्करासंग ॥ ६० ॥

कदलीकंदनीरेणशूलंकोष्ठगतंजयेत् ॥ अन्य
रोगेषुवैद्येनदेयोयुक्त्यानुपानकैः ॥ ६१ ॥

टीका—कोष्ठगतशूलमें केलेकी जडके रससंग
और रोगोंमें वैद्य अपनी बुद्धीसें अनुपानयुक्त करै॥ ६१ ॥

इतिश्रीपंडितरघुनाथप्रसादविरचि
तायामनुपानतरंगिण्यामुपरसानुपा
नकथनेपंचमीवीचिः ॥ ५ ॥

टीका—इतिश्रीबिहारिसिकविहारीविरचितायामनुपा
नतरंगिणीटीकायां नौकाख्यायां पंचमः कोष्टकः ॥ ५ ॥

॥ अथ रत्नादिविधिः ॥

॥ तत्ररत्नविधिः ॥ तस्यजातिभेद

मादौश्कृष्णु ॥ वर्णंश्वेतंतथारक्तंपीतंकृ
ष्णंविदुर्बुधाः ॥ विप्रक्षत्रियविट्छू
द्राःक्रमाद्वर्णैरिमेमताः ॥ १ ॥

टीका—अथ रत्नादिविधि. तहां हीराकी विधि; तिसकी जातिभेद आदिमें सुनों. श्वेत, रक्त, पीत, कृष्ण, ये चारि भेद हीराके हैं; तहां श्वेत ब्राह्मण, रक्तवर्ण क्षत्रिय, पीत वैश्य औ काला शूद्र है ॥ १ ॥

पुंस्त्रीनपुंसकंतत्रविज्ञेयंलक्षणैरपि ॥वृंताकस
दृशारेखाबिंदुहीनानराःस्मृताः ॥ २ ॥

टीका—तहां पुरुष, स्त्री, नपुंसक इसमें होते हैं; उनकों लक्षणोंसें जानना. जो बैंगनसरीखा होई औ रेषा बिंदु उसमें न होई सो नर है ॥ २ ॥

रेखाबिंदुसमायुक्ताःषट्कोणाःप्रमदामताः
॥ त्रिकोणाचिन्हसंयुक्तादीर्घास्तेवैनपुं
सकाः ॥ ३ ॥

टीका—जो रेषाबिंदुसयुक्त छकोणोंका होई सो स्त्री है. जो त्रिकोण औ रेषाबिंदुयुक्त होई सो नपुसक है ॥ ३ ॥

सर्वेषांपुरुषाःश्रेष्ठाःश्रेष्ठंशवरांगने ॥ देह
सिद्ध्यैस्मृतानारीनैवकांतेनपुंसकः ॥ ४ ॥

टीका—सबमें पुरुष श्रेष्ठ है औ देहकी सिद्धिके वास्ते स्त्री चाहिये नपुंसक निरर्थक है ॥ ४ ॥

विप्रोरसायनेराजारोगनाशायकीर्तितः ॥ वैश्योवादादिसिद्ध्यर्थंवयस्तंभायशूद्रकः ॥५॥

टीका—ब्राह्मण रसायनमें, क्षत्रिय रोगनाशमें, वैश्य वादादिक सिद्धिकेवास्ते है. आयुष्य दृढ करनेकों शूद्र है ॥ ५ ॥

नारीनार्यैप्रदातव्यातथापंढायपंढकः ॥ पुरुषोबलवानेपसर्वेषांहितकारकः ॥ ६ ॥

टीका—स्त्री स्त्रीकों देना, नपुंसक नपुंसककों, पुरुष सर्वकों हित है; क्योंकि, यह बलवान है ॥ ६ ॥

अथशोधन ॥ कंटकारीजटाकल्कगर्भेवस्त्रेविपाचयेत् ॥ कुलत्थकोद्रवकाथेदोलायंत्रेदिनत्रयम् ॥७॥ शुद्धःस्वाद्धजकश्चैनंसर्वकार्येषुयोजयेत् ॥ एवंवैक्रांतकादीनिरत्नान्येवविशोधयेत्॥८॥

टीका—अथ शोधनविधि. भटकटैया जिसे भूरिंगणी कहते हैं उसकी जडकी लुगदीमें धरिके कोद्रव औ कुलथीके काढेमें दोलायंत्रसें तीनि दिन पचावे तो शुद्ध होवै. ऐसेही वैक्रांत आदिक शोधि लेवै ७॥८

अथमारणं ॥ रामाब्दरूढकार्पासजटांपिष्ट्वा तद्रसेन वा ॥ नागवल्लिजटांवापितन्नीरेणविशेषयेत् ॥९॥ तत्कल्कमुद्रितंवज्रंपाचयेद्गजपुटके ॥ एवंसप्तपुटैर्वज्रंपंचत्वमुपजायते ॥ १० ॥

टीका—अथ मारण. तीनिवर्षका कपासकी जड इसांके रसमें पीसे. अथवा नागवेलिकी जड इसीके रसमें पीसे. इसी कल्कमें संपुट करिके गज-पुट देवे; ऐसे सात पुटमें हीरा मरता है ॥ ९ ॥ १० ॥

अथगुणाः ॥ आयुष्यंसुखदंबल्यंरूपदंरोगनाशनम् ॥ अपमृत्युहरंप्रोक्तंरत्नंवज्रादिकं प्रिये ॥ ११ ॥

टीका—अथ गुणाः. आयुष्य बढानेवाला है, सुख देनेवाला, बल देनेवाला, रूपका देनेवाला, औ रो-गनाशक है औ वज्रादिक सब अपमृत्युकोंभी हर-नेवाले है ॥ ११ ॥

अथाशुद्धदोषाः ॥ दाहंपांडुगदंकुर्यात्किलासंपार्श्वशूलकम् ॥ वज्रादिकंरत्नगणंरोगजालमशुद्धकम् ॥ १२ ॥

टीका—अथ अशुद्धमें दोष. दाह, पांडु, किलास, पा-र्श्वशूल, इत्यादि, रोगोंकों अशुद्ध वज्रादिक करतेहैं १२

अथशांतिः ॥ गोदुग्धेनसितासर्पिर्माक्षिकं दिनसप्तकम् ॥ पिबेद्वज्रादिरत्नोत्थरोगजा लप्रशांतये ॥ १३ ॥

टीका—अथ शांति, मधु, घृत, शक्कर गोदुग्धसे सात दिन पीवै तौ अशुद्ध रत्नादि दोष शांत होवे है ॥ १३ ॥

अथानुपानम् ॥ कुष्ठनुत्खदिरक्काथसंयुताव ज्रभूतिका ॥ माक्षिकार्द्रकनीराद्यावातव्या धिप्रणाशिनी ॥ १४ ॥

टीका—अथ अनुपान, हीरेकी भस्म खैरके काढेमें लेई तौ कुष्ठ जाई, आदेका रस औ मधुसंग लेई तौ वातरोग जाई ॥ १४ ॥

पिप्पलीमरिचाढ्येनवृषनीरेणसेवितम् ॥ का संश्वासंकफंहन्याद्वज्रभूतिरसंशयम् ॥ १५ ॥

टीका—पीपरी औ मरीचके चूर्णयुक्त अडूसेके रसमें लेई तौ कास, श्वास, कफनाश करै ॥ १५ ॥

माक्षिकंघृतसंयुक्तंपुष्टिदंलल्लनेमतम् ॥ सूति रोगंगवांमूत्रैःस्वेदंशर्करयान्वितम् ॥ १६ ॥

टीका—घृत मधुसंग पुष्टिकारक है, गोमूत्रयुक्त सूतिकारोगकों हरे, शर्करासाथ स्वेदकों हरे ॥ १६ ॥

एवमन्यानिरत्नानिदद्याद्रोगेषुबुद्धितः ॥ अनुपानानिसर्वेभ्योयज्ञाज्ञात्वारोगबलाबलम्॥१७

टीका—ऐसेही औरभी रत्न, रोगोंमें स्वबुद्धिसें देइ. रोगबलाबलदेखिके अनुपानयुक्त करै ॥ १७ ॥

अथप्रवालेविशेषः ॥ शोधयेद्द्रवमेनंमारये चापिवज्जवत् ॥ अथवाल्र्ककेक्षीरेमारयेत्को कुटेपुटे ॥ १८ ॥

टीका—अथ प्रवालमें विशेष कहते हैं. शोधन मारन पूर्ववत् अथवा आंकडेके दूधमें कुक्कुटपुट देवै तो भस्म होई ॥ १८ ॥

अथानुपानं ॥ कणामाक्षिकाभ्यांलिहेद्यःप्रवा लंजयेच्छ्वासकासज्वरंजीर्णसंज्ञम् ॥ तथाको ष्ठगंमारुतंसंजयेत्तंभिषग्दुस्तरांचैवहिक्कांनि हन्यात् ॥ १९ ॥

टीका—अथ अनुपान. जो मधुपीपरीमें प्रवालको सेवै तो श्वास, कास, जीर्णज्वर, कोष्ठगतवात और हिक्का जीते ॥ १९ ॥

निष्कार्तिकशिवाभिश्चश्चरंहंत्येवदारुणाम् ॥ पक्करंभाफलेनैवधातुक्षयहरंपरम् ॥ २० ॥

टीका—कुटकी विरामगा हरडयुक्त ज्वर हरे, पके केलाके फलमें धतुक्षयकों हरता है ॥ २० ॥

सितादुग्धयुतंपित्तंगुल्कंदेनउरःक्षतम् ॥ गुल्कंदंमानुषैःस्यात्तंनतुगीर्वाणभाषया॥२१॥

टीका—दूध शक्करसे पित्तकों गुल्कंदमें उरःक्षत रोगके जीते ॥ २१ ॥

नागलतादलवीटकयुक्तंकार्श्यंसुरोजघनेवि निहन्यात् ॥ कृच्छ्रहरंत्रिफलामधुयुक्तंतंडुल जैश्चहिमैरथवास्यात् ॥ २२ ॥

टीका—पानके बीडामें दुर्बलताकों हरता है. त्रिफला मधुयुक्त मूत्रकृच्छ्रकों अथवा चावलके हिम युक्त मूत्रकृच्छ्रकों हरता है ॥ २२ ॥

धातुपुष्टिकरंकांतिसिताघृतसमन्वितम् ॥ धा रोष्णेनचदुग्धेनप्रदरंदारयत्यपि ॥ २३ ॥

टीका—घृत शक्करयुक्त धातु पुष्ट करे. धारोष्ण दुग्धयुक्त प्रदर हरे ॥ २३ ॥

मधुशर्करयासुरसास्वरसेर्दंतिमारुतमाशुक रोतिसुखम् ॥ अयिहंतिनिशांध्यमिदंसुरसा समूपकविड्युतमंजनकम् ॥ २४ ॥

टीका—मधु शक्कर तुलसीरसयुक्त वातरोग हरै. मूसेकी लेंडी याने इंदराकी मांगनी औ तुलसीरसयुक्त अंजन करनेसें रतौंधी हरता है ॥ २४ ॥

सितोपलार्द्रकरसैःपित्तकासहरंपरम् ॥ एवमन्येषुरोगेषुदातव्यंबुद्धिमत्तरैः ॥ २५ ॥

टीका—मिश्री औ आदेके रसयुक्त पित्तकास हरता है. ऐसे और रोगोंमेंभी बुद्धियान वैद्य देवै ॥२५॥

इतिश्रीपंडितरघुनाथप्रसादविरचितायामनुपानतरंगिण्यांरत्नानुपानकथनेषष्ठीवीचिः ॥ ६ ॥

टीका—इति श्रीरमणविहारीविरचितायां अनुपानतरंगिणीटीकायां नौ॰रत्नविधिकथने षष्ठः कौष्ठकः ॥६॥

॥ अथौषधानुपानानि ॥

तत्रत्रिफलाविधिः ॥ आमलकाभयाक्षास्तुवेदैकभूपदैर्भागिकाः ॥ त्रिफलैषासमाख्यातासमभागैस्तुवात्रिभिः ॥ १ ॥ भक्षितानिशिनेत्रार्तिनिहन्यान्मधुसर्पिषा ॥ शर्करासंयुतामेहंपित्तरोगंघृतान्विता ॥ २ ॥

टीका—अथ औषध अनुपान. तहां त्रिफलाविधि. आमला ४ चारिभाग, हरड १ एकभाग, बेहेडा

२ होनभाग, इसकों त्रिफला कहते हैं. अथवा तीनों समभाग लेना सोई. त्रिफला रातिमें घृतमधुयुक्त लेनेसें नेत्ररोगशांति होता है. शर्करायुक्त प्रमेहकों औ घृतयुक्त पित्तकों जीते है ॥ १ ॥ २ ॥

वातंतैलान्विताहंतिकफंमाक्षिकसंयुता ॥ तद्रसःक्षौद्रसंयुक्तःकामलांजयतिध्रुवम् ॥ ३ ॥

टीका—वातरोगकों तैलयुक्त. कफकों मधुयुक्त. त्रिफलाका रस मधुयुक्त कामलाकों हरता है ॥ ३ ॥

वैडंगेणकषायेणखादिरेणविभावयेत् ॥ पृथक्पृथग्विशालाक्षिभृंगराजांबुनात्रिधा ॥४॥ त्रिशोष्यमासकंसेवेद्वलीपलितनाशनं ॥ सौदर्यमासयेऽब्धौद्र्मवद्वंखादन्युवाभवेत् ॥५॥

टीका—त्रिफलाचूर्णकों वायविडंगके काढेमें औ खैरके काढेमें औ भांगरेके रसमें न्यारा न्यारा तीनि तीनि भावना देई. फिरि सुखाइके एक महिना बलानुमान सेवै तो वलीपलितरोग नाश होंदै. इच्छा प्रमाणेकेवास्ते समहिना. एकवर्ष सेवन करै तौ वृद्धभी ज्वान होंदै ॥ ४ ॥ ५ ॥

अथगुडूच्यनुपानं ॥ छिन्नाचूर्णंतुवासल्यमनु

पानैर्गदंजयेत् ॥ चूर्णटंकात्रिटुंकांतंसत्वंव
ल्लत्रमापकम् ॥ ६ ॥

टीका—अथ गिलोइअनुपान. गिलोईका सत्व अथवा चूर्ण अनुपानयुक्त लेनेसें रोग हरता है. चूर्ण एकटंकसें तोलेभरतक औ सत्व तीनि रतीसें एक मासापर्यंत बलाबल देखिके लेना ॥ ६ ॥

सयेत्सितयापित्तंमाक्षिकेणकफामयम् ॥
घृतेनवातजान्रोगान्विबंधंतुगुडेनवै ॥ ७ ॥

टीका—शकरयुक्त पित्तरोग, औ मधुयुक्त कफरोग, घृतयुक्त वातरोग, गुडयुक्त विबंधकों हरता है ॥ ७ ॥

रुबुतैलेनवातास्रंशुंठ्याजैयामवातकम् ॥ गु
ल्मंचैवोदरंरोगंजयेच्छुंठ्येवसत्वरम् ॥ ८ ॥

टीका—एरंडतेलयुक्त वातरक्त, सोंठियुक्त आमवात औ गुल्म औ उदररोग हरै है ॥ ८ ॥

तक्रेणमर्मजंरोगंमाहिषाज्येननेत्ररुक् ॥ श
मंयातितथासर्वेगदाःशीतांबुनाप्रिये ॥ ९ ॥

टीका—छाछियुक्त मर्मस्थानके रोग, भैंसके घृतमें नेत्ररोग औ शीतल जलयुक्त सेवन करनेसें सर्व रोग जाते हैं ॥ ९ ॥

अथसामान्यतःसर्वेपामनुपानानि ॥ अनुपा

२ दोयभाग, इसकों त्रिफला कहते हैं. अथवा तीनों समभाग लेना सोई. त्रिफला रात्रिमें घृतमधुयुक्त लेनेसें नेत्ररोगशांति होता है. शर्करयुक्त प्रमेहकों औ घृतयुक्त पित्तकों जीते है ॥ १ ॥ २ ॥

वातंतैलान्वितांहंतिकफंमाक्षिकसंयुता ॥ त
द्रसःक्षौद्रसंयुक्तःकामलांजयतिध्रुवम् ॥ ३ ॥

टीका—वातरोगकों तैलयुक्त. कफकों मधुयुक्त. त्रिफलाका रस मधुयुक्त कामलाकों हरता है ॥ ३ ॥

वैडंगेणकषायेणखादिरेणविभावयेत् ॥ पृथ
क्पृथग्विशालाक्षिभृंगराजांबुनात्रिधा ॥४॥
विशोष्यमासकंसेवेद्वलीपलितनाशनं ॥ सौं
दर्यंमासयेऽर्धंद्दिमब्दंखादनयुवाभवेत् ॥५॥

टीका—त्रिफलाचूर्णकों वायविडंगके काढेमें औ खैरके काढेमें औ भांगरेके रसमें न्यारा न्यारा तीनि तीनि भावना देई. फिरि सुखाइके एक महिना बलानुमान सेवै तौ वलीपलितरोग नाश होई. सुंदरता प्राप्तिकेवास्ते छमहिना, एकवर्ष सेवन करै तौ तरुणभी ज्वान होई ॥ ४ ॥ ५ ॥

अथगुडूच्यनुपानं ॥ छिन्नाचूर्णंतुवासस्वमनु

पानैर्गदंजयेत् ॥ चूर्णंटंकात्रिंदुकातंसत्वंच लाचमापकम् ॥ ६ ॥

टीका—अथ गिलोइअनुपान. गिलोईका सत्व अथवा चूर्ण अनुपानयुक्त लेनेसें रोग हरता है. चूर्ण एकटंकसें तोलेभरतक औ सत्व तीनि रत्तीसें एक मासाषर्यंत बलाबल देखिके लेना ॥ ६ ॥

संजयेत्सितयापित्तंमाक्षिकेणकफामयम् ॥ घृतेनवातजान्रोगान्विबंधंतुगुडेनवै ॥ ७ ॥

टीका—शक्करयुक्त पित्तरोग, औ मधुयुक्त कफरोग, घृतयुक्त वातरोग, गुडयुक्त विबंधकों हरता है ॥ ७ ॥

रुबुतैलेनवातास्त्रंशुंठ्याजैवामवातकम् ॥ गुल्मंचैवोदरंरोगंजयेच्छुंठ्येवसत्वरम् ॥ ८ ॥

टीका—एरंडतैलयुक्त वातरक्त, सोंठियुक्त आमवात औ गुल्म औ उदररोग हरै है ॥ ८ ॥

तक्रेणमर्मजंरोगंमाहिषाज्येननेत्ररुक् ॥ शमंयातितथासर्वेगदाःशीतांबुनाप्रिये ॥ ९ ॥

टीका—छाछियुक्त मर्मस्थानके रोग, भैंसके घृतमें नेत्ररोग औ शीतल जलयुक्त सेवन करनेसे सर्व रोग जाते हैं ॥ ९ ॥

अथसामान्यतःसर्वेषामनुपानानि ॥ अनुपा

नमहंवक्ष्येसर्वसाधारणंक्रमात्॥शांत्यैधातूप
धातूनामौषधीनांविचक्षणे ॥ १० ॥

टीका–अब साधारणपसें सर्व रोगोंमें सर्वौषध अ-
नुपान. हे प्रिये, मैं सर्व रोगोंकी शांतिके वास्ते सर्व
धातु, उपधातु और औषधीनका साधारण अनुपान
कहता हौं ॥ १० ॥

माक्षिकेणलिहेत्कृष्णाज्वरेषविषमज्वरे ॥ त्रि
दोषेशृंगवेरस्यरसंमाक्षिकसंयुतम् ॥ ११ ॥

टीका–ज्वरमें औ विषमज्वरमें मधुपिप्पली, त्रि-
दोषमें आदेका रस औ मधु ॥ ११ ॥

कटुत्रिकरजोयुक्तंसिंहास्यस्वरसंलिहेत् ॥ का
सश्लेष्मविकारस्यशांतिःस्यान्नवयौवने॥१२॥

टीका–त्रिकटुचूर्णयुक्त अडूसेका रस लेई तौ
कास, कफरोग शांति होई ॥ १२ ॥

ज्वरेचपुनरावातेरेणुमेघकिरातकम् ॥ जीर्ण
ज्वरहरास्यामामृतनामधुराधरे ॥ १३ ॥

टीका–जो ज्वर गए पीछे फिरिके आवै तौ
पित्तपापड़ा, नागरमोथ औ चिरायता देई औ जीर्ण
ज्वरकों हरनेवाली मधुयुक्त गीलो है ॥ १३ ॥

तक्रंसंग्रहणीरोगेकृमिरोगेविडंगकम् ॥ वन्हि
भल्लातकौतद्वल्मिपेऽर्शःसुप्रयोजयेत् ॥ १४॥

टीका—संग्रहणीमें मठा, कृमिरोगमें वायविडंग, अर्शरोगमें चित्रक औ भिलावा ॥ १४ ॥

पांडुरोगेचमंडूरंक्षयेचैवशिलाजतु ॥ भार्ङ्गी
विश्वौषधेश्वासेशूलेहिंगुघृतान्वितम् ॥१५॥

टीका—पांडुरोगमें मंडूर, क्षयमें शिलाजीत, श्वासमें भारंगी औ सोंठि, शूलमें घृतयुक्त हिंग ॥ १५॥

सिताप्लुकाथवामेहेत्वानिशाथासितामलम् ॥
तृषायामग्निसंतप्तहेमतापितजीवनम्॥१६॥

टीका—प्रमेहमें पिप्पलामिश्रीयुक्त अथवा हल्दी अथवा मिश्रीयुक्त आमला, तृषामें तप्तसोनेका बुझाया पानी ॥ १६ ॥

लोहनिर्वापितंनीरंज्वरेतृष्णासमन्विते ॥ क
रंजोरुवुतैलाढ्यंगोमूत्रंचामवातके ॥ १७ ॥

टीका—तृषायुक्त ज्वरमें तप्तलोह बुझाया पानी, आमवातमें करंज औ एरंडतैलयुक्त गोमूत्र ॥ १७ ॥

वराकृष्णारजःक्षौद्रंविपेहेमशिरोपकम् ॥ प्र
देयंभिषजानित्यंकासेशुण्ठीकटुत्रिकम्॥१८॥

टीका—शोषमें त्रिफला पीपरका चूर्ण, विष खा- एको सोना औ सिरीषका रस, कासमें गुरिंगणी औ त्रिकटु चूरण ॥ १८ ॥

वायुरोगेऽनुपानंस्याद्रसोनेप्राज्यकौशिकम् ॥ आक्षकञ्च चाक्षौद्रैरपस्मारंजयेद्भिषे ॥१९॥

टीका—वातरोगमें लशुन, घी, गुग्गुल, अपस्मा- रमें अकरकरहा, बच मधुयुक्त देना ॥ १९ ॥

प्रदेयंप्रदरेरोध्रंरेचनंचोदरामये ॥ वातरक्ते स्मृताच्छिन्नैरंडतेलसमन्विता ॥ २० ॥

टीका—प्रदरमें लोध, उदररोगमें रेचन, वातरकमें एरंडतेलयुक्त गिलोय ॥ २० ॥

अर्दितेमाषवटकानवनीतसमन्विताः ॥ मधु नीरंसमंमेहेरोगदेशस्तेनसंशयः ॥ २१ ॥

टीका—अर्दितरोगमें उडदके बडे औ माखन, मेहरोगमें मधु जल समभाग ॥ २१ ॥

अरुचौबीजपूरंवादाडिमंवाप्रदीयताम् ॥ कौ शिकस्याद्व्रणेशोकेसुराद्राक्षाम्लपित्तके ॥२२

टीका—अरुचीमें बिजौरा वा दाडिम. व्रणमें विष- ग्गुगुल. शोकमें मदिरा. अम्लपित्तमें द्राक्षा ॥२२॥

शतावरीचक्षुण्माडस्थरसोमूत्रकृच्छ्रके ॥ सितोपलावराचूर्णंनेत्रातंकेसुपूजितम् ॥ २३ ॥

टीका—शतावरी औ भृंगराजका रस मूत्रकृच्छ्रमें. नेत्ररोगमें मिश्रीयुक्त त्रिफलाचूर्ण ॥ २३ ॥

अनिद्रेमाहिषंदुग्धमुन्मादेजीर्णकंघृतम् ॥ कुष्ठेचखदिरक्वाथोलजाश्छर्दिगदेहिताः ॥२४

टीका—निद्रा न आती होई तो भैंसीका दूध. उन्मादमें जीर्ण घृत. कुष्टमें खैरका क्वाथ. उलटीमें धानकी लाई ॥ २४ ॥

बालेऽजीर्णगदेनिद्रावाशिवाऽभोजनंजलम्॥ देयंतीक्ष्णतरंनस्यंगदेजत्रूर्ध्वसंभवे ॥ २५ ॥

टीका—अजीर्णमें निद्रा वा हरड वा लंघन वा जल. जत्रु कहते है गलेके आगाडी जो हड्डी है उसको जो गलेसें नीचे दोऊ तरफ है उसके ऊपरके रोगोंमें तीक्ष्ण औषधका नास सुंघना ॥ २५ ॥

मूर्च्छासुशीतलोपायःपार्श्वशूलेतुपौष्करम् ॥ कार्श्यमांसरसोदुग्धंवालस्मर्यांशिलाजतु२६

टीका—मूर्च्छामें शीतल उपाय. पसुलीकी शूलमें [illegible] दुर्बलताकों मांसका यूस अथवा दूध. [illegible] शिलाजीत ॥ २६ ॥

रसोमूलकपत्राणांसूर्यक्षारसमन्वितः ॥ मूत्र रोधेतुहिकायांसितयासहमागधी ॥ २७ ॥

टीका—मूत्ररोधमें मूलेके पत्तेका रस औ सोरा-खार. हिचकीमें मिश्री ओ पीपरी ॥ २७ ॥

शीतेसर्पलतापत्रस्वरसोमरिचान्वितः ॥ घृ तंतीक्ष्णान्वितोवातेसुरसास्वरसःप्रिये ॥२८

टीका—शीतमें नागवेलीके पानका रस औ मरिच वातमें घृत औ मरिचयुक्त तुलसीका रस ॥ २८ ॥

कविप्रिया ॥ सत्कुलोद्भवस्रभोस्वकीयकंकुला दिकम् ब्रूहियेनतेपितामहादिकान्जनाःकि ल ॥ संविदेयुरंबुजाक्षकाव्यकृत्परोत्तमप्रच्छ तीतिवप्रियामपिप्रजेशसत्वरम् ॥ २९ ॥

टीका—अब काव्यकर्ताका कुलपरंपरा वर्णन कर-ते है— तहां कविप्रिया पूछती है की, हे महाराज! आपका परंपरा वर्णन करो, जिसते आपके पितामहादिकोंकों लोक जाने ॥ २९ ॥

कविः ॥ अभूद्भागीरथीतीरेकान्यकुब्जोद्वि जोत्तमः ॥ बालशर्माहिसुकुलःपौंडरीकादि यज्ञकृत् ॥ ३० ॥

टीका—अथ कवि स्वयं प्रियासें कहते हैं. हे च-
रासेइ भामिरथी गंगाजीके किनारे हातीम कान्य-
कुब्ज ब्राह्मणोत्तम बालाशर्मा सुकल होते भए.
" सुकलका अर्थ अमरकोशमें प्रमाण है सुकलो
ऽहटमोक्तरि जो आप दानी औ भोगी होई. सो सु-
कल" ऐसे बालाशर्मा औ पौंडरीकादि यज्ञके कर-
नेवाले भए ॥ ३० ॥

वीरेश्वरोऽभवत्तस्यकाशिनाथश्चतत्सुतः ॥ त
द्वंशेऽभवद्वैद्योधन्वंतरिरिवापरः ॥ ३१ ॥
गोवर्धनइतिख्यातःसदैवारोग्यवर्धनः ॥ ता
पीरामःसुतस्तस्यवैद्यशास्त्रविशारदः ॥३२॥

टीका—तिनके पुत्र वीरेश्वर भए. तिनके काशिनाथ
भए. तिनके वंशमें गोवर्धनसुकल वैद्य भए, सो जैसे दू-
सरे धन्वंतरी भए. सो सदा आरोग्यके बढानेवाले. तिन-
के तापीराम सुकल वैद्यशास्त्रमें चतुर भए ॥३१॥३२॥

सीतारामोऽभवत्तस्यसर्वशास्त्रविदांवरः ॥ त
स्सुतोऽहंवरारोहेलक्ष्मीमातास्तिमद्धिता ३३

टीका—तिनके सीताराम सुकल सर्वशास्त्रमें प्रवीण
भए. तिनका मैं पुत्र हौं. मेरी माता लक्ष्मी है; सो
मेरा हितकरनेवाली है ॥ ३३ ॥

रघुनाथप्रसादोऽहंसत्कर्वीद्रसुखप्रदाम् ॥ अ
करवंतवप्रीत्याअनुपानतरंगिणीम् ॥ २४॥

टीका—मेरा नाम रघुनाथप्रसाद हे सो मैंने तु-
मारी प्रीतिकेवास्ते सत्कविर्यकि सुख देनेवाली अनु-
पानतरंगिणी करता भया ॥ १४ ॥

अनुपानजलैःपूर्णांस्वच्छनीरैर्यथानदी ॥ सु
समासेयमब्जाक्षिश्रीपतेःसुप्रसादतः॥२५॥

टीका—यह अनुपानरूप जलसे भरीहुई तरंगिणी
नाम ग्रंथरूपी नदी है जैसें स्वच्छ जलसें भरीहुई नदी,
यह तरंगिणी लक्ष्मीनाथकी कृपासें सुगम भई॥१५॥

यत्फलंतरंगिणीकृतेऽस्तिसत्कुर्यागने तत्क
लंरमेशपादपद्मयोःसमर्पितम् ॥ तेनयेंजग
द्धितंकरीभवेदियंसदासत्सुपूजिताभिषग्वरे
षुतिष्ठताद्भुवि ॥ २६ ॥

टीका—जो फल इसतरंगिणीके रचनेसें भया सो
मैंने लक्ष्मीपति नारायणके चरणकमलमें अर्पण किया;
इसवास्ते यह अनुपानतरंगिणी जगतके हित करनेवा-
ली होवें औ सदा श्रेष्ठ जनोंने सराही जाई औ श्रेष्ठ
वैद्योंमें बहुत काल पृथ्वीमें स्थित रहे ॥ १६ ॥

इतिश्रीमत्पंडितरघुनाथप्रसादविरचिताया-मनुपानतरंगिण्यांसप्तमोवीचिः ॥ ७ ॥

टीका—इति श्रीरमणविहारीविरचितायामनुपानतरंगिणीटीकायां नौकाख्यायां सप्तमः कोष्टकः ॥ ७ ॥

समाप्त

पुस्तक मिलनेका ठिकाणाः-

मुंबई-कालकादेवीरोड हरिप्रसाद

भगीरथ पुस्तकालय

मुंबई.

यह पुस्तक पंडित रघुनाथप्रसाद सीताराम
शुक्लकाशीस्थने उनसे छपवायाथा सो
हक्क सहित इनके पाससे लेकर

हरिप्रसाद भगीरथ गौडब्राह्मणने

निर्णयसागर छापखानेमें
छपवाया है.

मुंबई

---

आवृत्ती २ री

---

संवत् १९४८

---

सन १८६७का आक्ट २५ प्रमाणें सरकारमें रजिस्टर करके
इस पुस्तकका हक्क प्रसिद्धकर्ता-
नेने अपना रखा है.